www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

15 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 265


सनातन धर्म में वापसी पर छांगुर के साथी दे रहे धमकी




Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I | Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## 'बोल बम' के जयघोष से गूंजा सुल्तानगंज से देवघर

# बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए 10 किमी लंबी कतार लगी

- सावन की पहली सोमवारी पर रांची समेत अन्य जिलों में आस्था और भक्ति का सैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/देवघर/सुल्तानगंज।** सावन की पहली सोमवारी पर पूरे राज्य में आस्था और भक्ति का संगम दिखा। बिहार के सुल्तानगंज से लेकर झारखंड के देवघर तक 'बोल बम' के जयघोष से गूंज रहा था। सुबह 3 बजे जैसे ही बाबा बैद्यनाथ के मंदिर का पट खोला गया, पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। परंपरागत कांचा जल पूजा और सरकारी पूजा की गयी। इसके बाद 4.12 बजे से अरघा से जलार्पण का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह आठ बजे कांवड़ियों की कतार करीब 10 किलोमीटर तक लंबी हो गयी। रात में ही श्रद्धालुओं की कतार चमारीडीह पुल तक पहुंच गयी थी। उधर, सुल्तानगंज में पहली सोमवारी को दो लाख श्रद्धालुओं ने जल उठाया।



### रांची के पहाड़ी मंदिर में उमड़े भक्त, हर-हर महादेव से गूंजा शहर

**रांची (आजाद सिपाही)।** सावन की पहली सोमवारी को राजधानी रांची स्थित ऐतिहासिक और पावन पहाड़ी मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सोमवार तड़के से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर की ओर उमड़ पड़ी। श्रद्धालु रात 1 बजे से ही स्वर्णरेखा नदी से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए पहाड़ी बाबा के दर्शन को निकले। वहीं कई स्थानीय श्रद्धालु भी पहाड़ी मंदिर पहुंच बाबा भोले पर जल अर्पित किया। सुबह 3 बजे मंदिर का पट खोला गया और 4 बजे से विधिवत रूप से जलाभिषेक का क्रम शुरू हुआ। चारों ओर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष गूंज रहे थे। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक गीतों के साथ बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित किया और परिवार की सुख-शांति की कामना की। पहाड़ी मंदिर पर इस बार सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये। सिविल डिफेंस, नगर निगम, रांची पुलिस और प्रशासन के कर्मी मुस्तैद दिखे।

## वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दी जानकारी

# पलामू में चतुर्थवर्गीय पद पर नियुक्ति अब लिखित परीक्षा के आधार पर होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पलामू में चतुर्थ वर्गीय श्रेणी (फोर्थ ग्रेड) की नियुक्ति अब लिखित परीक्षा के आधार पर होगी। इस बात की जानकारी सोमवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दी। बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पलामू में हुई चतुर्थ वर्गीय श्रेणी की नियुक्ति रद्द कर दी गयी थी। इसके साथ ही पलामू उपायुक्त को यह निर्देश दिया गया था कि फिर विज्ञापन प्रकाशित कर छह माह के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाये।



फाइल फोटो

### लिखित परीक्षा के आधार पर नियुक्ति की मिली मंजूरी

पलामू जिला प्रशासन द्वारा फिर से नियुक्ति के लिए प्रकाशित विज्ञापन में अंक के आधार पर चतुर्थ वर्गीय पद पर नियुक्ति किये जाने का प्रावधान किया गया था। जबकि अभ्यर्थियों की मांग थी कि नियुक्ति प्राप्त अंक के आधार पर ना कर लिखित परीक्षा के आधार पर की जाये। इस विषय को वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए चतुर्थ वर्गीय पद की नियुक्ति प्रक्रिया पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी। 11 जुलाई 2025 को हुई कैबिनेट की बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने फिर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पलामू जिले के चतुर्थ वर्गीय पद पर लिखित परीक्षा के आधार पर नियुक्ति करने की मंजूरी दे दी गयी।

### मुख्य सचिव ने पलामू उपायुक्त को दिया निर्देश

कैबिनेट की स्वीकृति के बाद मुख्य सचिव अलका तिवारी ने लिखित परीक्षा के आधार पर नियुक्ति करने का निर्देश उपायुक्त पलामू को दिया। अब चतुर्थ श्रेणी की परीक्षा लिखित परीक्षा के आधार पर ही होगी।

# समन्वय बनाकर सरकार चलायें : खड़गे

- मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल के साथ सांसद, विधायक और सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों की हुई बैठक

सुनील कुमार सिंह

**दिल्ली / रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के कांग्रेस कोटे के मंत्री, सांसद और विधायकों ने सोमवार को नयी दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। हाइकमान ने झारखंड कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों और विधायकों को समन्वय बनाकर सरकार चलाने की सलाह दी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि संगठन सर्वोपरि है, इसमें कोई स्पेशल नहीं है। जनता का सेवा करना ही सभी लोगों के प्राथमिकता में होनी चाहिये। खड़गे ने निर्देश देते हुए कहा कि हमें समाज के वंचित तत्व को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करते रहना है। कांग्रेस को एसटी, एससी और ओबीसी के लिए प्राथमिकता के आधार पर सांगठनिक रूप से काम करना है। सभी को सामूहिक जिम्मेवारी लेते हुए समाज के इन वर्गों को उनका अधिकार दिलाने के लिए हर स्तर पर जिला प्रखंड और पंचायत स्तर तक काम करना होगा।



### मंत्रियों के कामकाज का लिया हिसाब

केशव महतो कमलेश ने बताया कि पार्टी हाइकमान ने भी कांग्रेस कोटे के मंत्रियों से सरकार के कामकाज का भी हिसाब लिया। इसके अलावा कांग्रेस आलाकमान को पेसा कानून और सरना धर्मकोड को लेकर किये गये कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। साथ ही चुनाव के समय किये गये सात गारंटियों पर चर्चा हुई। वहीं, कांके विधायक सुरेश बैठा ने प्रमुखता से अनुसूचित जाति आयोग, अनुसूचित जाति परामर्शदात्री और एससी वित्त आयोग सहित अन्य मांगें रखी। उन्होंने आरक्षण कोटा बढ़ने के लिए पुन: इसबार झारखंड विधानसभा मानसून सत्र में इस प्रस्ताव को लाने का आग्रह किया।


प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बैठक के बाद बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर कांग्रेस हमेशा खड़ा रहे। इस दौरान कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू ने झारखंड में संगठन की चल रही गतिविधियों से अवगत कराया। इसके तहत जिला, प्रखंड, ग्राम पंचायत कमेटी के गठन, मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ 12 सदस्यीय प्रखंड कमेटी के गठन पर भी चर्चा की गयी। मौके पर सुखदेव भगत, कालीचरण मुंडा, विधायक दल नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप, डॉ बेला प्रसाद, प्रणव झा, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह, डॉ इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, अनूप सिंह, सुरेश बैठा, रामचंद्र सिंह, सोनाराम सिंकू, भूषण बाड़ा, नमन विक्सल कोंगाड़ी, निशत आलम, श्वेता सिंह, ममता देवी उपस्थित थीं।

# शुभांशु समेत चार एस्ट्रानॉट 23 घंटे सफर कर स्पेस स्टेशन से आज पृथ्वी पर पहुंचेंगे

- शुभांशु शुक्ला 41 साल बाद अंतरिक्ष जानेवाले दूसरे भारतीय हैं

एजेंसी

**फ्लोरिडा।** शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट सोमवार को शाम 4:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए। करीब 23 घंटे के सफर के बाद उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट 15 जुलाई दोपहर करीब 3 बजे समुद्र में उतरेगा। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। स्पेसक्राफ्ट 263 किलो से ज्यादा कार्गो के साथ वापस आयेगा। इसमें नासा का हाडवेयर और 60 से ज्यादा प्रयोगों का डेटा शामिल होगा। यह अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बताते चलें कि चारों एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समय के अनुसार शाम 4:01 बजे आइएसएस पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे एस्ट्रोनॉट रवाना हुए थे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए समझौते के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया था। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं।



### शुभांशु शुक्ला ने 17 दिन अंतरिक्ष में क्या-क्या किया

- **60 वैज्ञानिक प्रयोग :** शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया। इनमें भारत के सात प्रयोग शामिल थे। उन्होंने मेथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किये।
- **पीएम नरेंद्र मोदी से बात:** 28 जून 2025 को शुभांशु ने आइएसएस से पीएम नरेंद्र मोदी के साथ लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। पीएम ने पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं। क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा- हां साथियों के साथ बैठ कर खाया।
- **छात्रों से संवाद:** 3, 4 और 8 जुलाई को उन्होंने तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ हैम रेडियो के जरिए बातचीत की। इसका मकसद युवाओं में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति रुचि बढ़ाना था।
- **इसरो के साथ संवाद:** 6 जुलाई को उन्होंने चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिसमें उनके प्रयोगों और भारत के गगनयान मिशन के लिए उनके योगदान पर चर्चा हुई।
- **पृथ्वी की तस्वीरें:** शुभांशु ने क्र्रर के कपोला मॉड्यूल से पृथ्वी की शानदार तस्वीरें खींचीं, जो सात खिड़कियों वाला एक खास हिस्सा है।

## न्यूज रील्स

### झारखंड हाइकोर्ट के नये चीफ जस्टिस होंगे तरलोक सिंह चौहान

**नयी दिल्ली।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एम एस रामचंद्र राव को त्रिपुरा हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। सोमवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर यह जानकारी दी है कि झारखंड समेत देश के कई राज्यों के हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस का तबादला किया गया है। जिसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस त्रिलोचन सिंह चौहान को झारखंड हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। जिसपर राष्ट्रपति ने मुहर लगा दी है।

# बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री मोदी को 1000 किलो आम भेजे

## यूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी, ममता को भी हरिभंगा आम भेंट किये

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के एक हजार किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिये जायेंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके अखौरा लैंड पोर्ट के जरिये भेजे गये।







**यूनुस ने आम भेजने की परंपरा जारी रखी :** बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गये हैं। बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नयी नहीं है। पहले की सरकारें भी भारत को आम भेजती रही हैं।

### 2021 में शुरू हुई बांग्लादेश की मैंगो डिप्लोमेसी

बांग्लादेश की मैंगो डिप्लोमेसी वर्ष 2021 में शुरू हुई थी। मैंगो डिप्लोमेसी का मतलब है- राजनीतिक या कूटनीतिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए आम जैसे फलों का इस्तेमाल उपहार के तौर पर करना। इसे 'सॉफ्ट पावर डिप्लोमैसी' का हिस्सा माना जाता है। बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, और असम, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा के मुख्यमंत्रियों को 2600 किलोग्राम हरिभंगा आम उपहार में भेजे थे। यह पहल बांग्लादेश-भारत संबंधों में गर्मजोशी लाने के इरादे से की गयी थी। बांग्लादेश ने श्रीलंका, नेपाल, ब्रिटेन, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, वअए, इटली, जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा, फिलीपींस, स्विट्ज़रलैंड को भी आम भेजे थे।

### अशीम घोष हरियाणा के नये राज्यपाल बने

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रोफेसर अशीम कुमार घोष को हरियाणा का 19वां राज्यपाल बनाया गया है। सोमवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उनके नाम की घोषणा की। इससे पहले बंडारू दत्तात्रेय राज्यपाल थे। वह 7 जुलाई 2021 से यह जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अशीम घोष पश्चिम बंगाल के हावड़ा के रहने वाले हैं। अशीम 1999 से लेकर 2002 तक पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। घोष तीसरे ऐसे राज्यपाल हैं, जिनका नाता पश्चिम बंगाल से है। इनसे पहले बीरेंद्र नारायण चक्रवर्ती और हरी आनंद बरारी बंगाल से थे। उन्होंने 2 जून 2013 को हावड़ा लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर उपचुनाव लड़ा था। यह सीट तृणमूल कांग्रेस की सांसद अंबिका बनर्जी के निधन के बाद खाली हुई थी। हालांकि, अशीम घोष उपचुनाव हार गये थे।

# साइना-पारुपल्ली सात साल बाद अलग



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल ने रविवार देर रात अपने पति और बैडमिंटन प्लेयर पारुपल्ली कश्यप (पी. कश्यप) से अलग होने की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा कि बहुत सोच-विचार के बाद, कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है। साइना ने लिखा कि जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और उबरना चुन रहे हैं। मैं उनके साथ सभी यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद। सात साल पहले साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ लव मैरिज की थी। दोनों 2007 से रिलेशनशिप में थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# पीएम मोदी पूरी दुनिया में भारत को मजबूती से पेश कर रहे

## ■ 17 देशों की संसदों को संबोधित कर बनाया एक अनोखा रिकॉर्ड

## ■ 27 देशों ने सर्वोच्च सम्मान देकर मोदी की कूटनीति की सराहना की

## ■ इससे साबित होता है कि वैश्विक मंच पर मोदी का जादू बरकरार है

आजाद सिपाही विशेष

**11 साल पहले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, यानी भारत के शासन की कमान संभालनेवाले नरेंद्र दामोदर दास मोदी न केवल अपने देश में, बल्कि पूरी दुनिया में अपने व्यक्तित्व का जादू बिखेर रहे हैं। भारत आज कूटनीतिक मोर्चे पर बेहद मजबूत स्थिति में पहुंच गया है, तो इसका श्रेय पीएम मोदी के जादुई व्यक्तित्व को जाता है। वैश्विक मंच पर भारत की आवाज यदि गंभीरता से सुनी जाती है, तो यह पीएम मोदी के संबोधन में भारतीयता के संकल्प और लोकतांत्रिक मूल्यों पर उसके अटूट विश्वास का परिणाम है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के लिए पूरी दुनिया बेकरार रहती है। चाहे लोकतंत्र हो या राजतंत्र, हर देश पीएम मोदी को अपने यहां की संसद को संबोधित करने के लिए आमंत्रित कर रहा है और इस मोर्चे पर भारतीय प्रधानमंत्री ने एक अनोखा रिकॉर्ड कायम कर दिया है। उन्होंने अब तक 17 देशों की संसदों को संबोधित कर अपने सभी पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को पीछे छोड़ दिया है। इतना ही नहीं, 27 देशों ने अपना सर्वोच्च नागरिक अलंकरण देकर साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी आज भी दुनिया के सबसे अधिक लोकप्रिय राजनेता हैं। पीएम मोदी की यह उपलब्धि वैश्विक मंच पर भारत के दबदबे की गवाही देता है। क्या है पीएम मोदी की इस उपलब्धि के मायने और क्या है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में भारत को एक नयी ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। जहां एक ओर उन्होंने अब तक 17 देशों की संसदों को संबोधित कर भारत की आवाज को विश्व मंच पर मुखर किया है, वहीं दूसरी ओर 27 देशों से प्राप्त सर्वोच्च नागरिक सम्मानों ने उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित और प्रभावशाली नेताओं में स्थान दिला दिया है। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक स्थिति की उन्नति का प्रतिबिंब हैं।

### भारत की रणनीतिक कूटनीति का हिस्सा हैं मोदी का संबोधन

प्रधानमंत्री मोदी का संसदों में संबोधन केवल भाषण नहीं, बल्कि रणनीतिक कूटनीति का हिस्सा है। उन्होंने विकसित और विकासशील देशों, दोनों के विधायी मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक विरासत, आर्थिक दृष्टि और वैश्विक सहयोग की भावना को साझा किया। मोदी की ओर से अन्य देशों की संसदों में दिये गये संबोधन को याद करें, तो उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद ऑस्ट्रेलिया, फिजी, भूटान, नेपाल की संसदों को संबोधित किया। साल 2015 में प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मॉरीशस की संसद को संबोधित किया। साल 2016 में उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। 2018 में प्रधानमंत्री ने युगांडा और 2019 में मालदीव की संसद में अपना संबोधन दिया। 2023 में प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस में अपना संबोधन दिया और इसके साथ ही वह उन कुछ चुनिंदा वैश्विक हस्तियों में शुमार हो गये, जिन्हें दो बार अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने का गौरव हासिल हुआ है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 2024 में गुयाना और 2025 में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नामीबिया की संसद को संबोधित किया। खास बात यह है कि 2025 में तीन देशों की संसदों में प्रधानमंत्री का संबोधन एक सप्ताह के भीतर हुआ है, जो कि अपने आप में एक और कीर्तिमान है। इन सभी संबोधनों में भारत ने ग्लोबल साउथ, संयुक्त राष्ट्र सुधार, आतंकवाद विरोध, जलवायु न्याय और डिजिटल समावेशन जैसे मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

### प्रधानमंत्री ने बढ़ाया देश का गौरव

इसके अलावा प्रधानमंत्री को 27 देशों से मिले सर्वोच्च सम्मान भी खास हैं। उन्हें संयुक्त अरब अमीरात का 'ऑर्डर ऑफ जायेद', रूस का 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू', अमेरिका का 'लीजन ऑफ मेरिट', फ्रांस का 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ दि लीजन ऑफ ऑनर', सऊदी अरब का 'किंग अब्दुल्ला साश', बांग्लादेश का 'लिबरेशन वार ऑनर' समेत अफ्रीकी और कैरिबियाई देशों से राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं। यह साबित करता है कि भारत की सॉफ्ट पावर, अर्थव्यवस्था, लोकतंत्र और रणनीतिक संतुलनकारी भूमिका को विश्व स्वीकार कर रहा है।

### भारत की विदेश नीति का आधार अब 'बहुध्रुवीय मित्रता'

साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति पारंपरिक 'गुटनिरपेक्षता' से आगे जाकर 'बहुध्रुवीय मित्रता' पर आधारित है। उन्होंने पश्चिमी शक्तियों से रिश्ते गहरे किये, लेकिन साथ ही अफ्रीका, मध्य एशिया, खाड़ी देशों और दक्षिण अमेरिका में नये रणनीतिक संबंध भी बनाये। मोदी की यह अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि भारत की उभरती शक्ति, विचारधारा और नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता है। उनका हर संसद में दिया गया संबोधन, हर प्राप्त सम्मान, भारत की लोकतांत्रिक आत्मा, विकासशील दृष्टिकोण और नैतिक शक्ति का प्रतीक है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 देशों की संसदों को संबोधित करना और 27 देशों से सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करना, भारतीय विदेश नीति के इतिहास में एक अभूतपूर्व अध्याय है। यह साबित करता है कि आज का भारत केवल सुनने वाला नहीं, बल्कि दुनिया को दिशा देने वाला देश बन चुका है। यह उपलब्धि भारतवासियों के आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और अंतरराष्ट्रीय भूमिका को सशक्त करती है।

### पीएम मोदी के उपहारों में झलकती है भारत की आत्मा

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व दौरों की चर्चा प्रायः उनकी रणनीतिक कूटनीति, वैश्विक नेतृत्व और द्विपक्षीय समझौतों के संदर्भ में होती है, किंतु इन यात्राओं में एक और विशेष पक्ष होता है, जो चुपचाप भारत की आत्मा को विश्व के सामने प्रस्तुत करता है– वह है उनके द्वारा चयनित सांस्कृतिक उपहार। अपने हर दौरे में प्रधानमंत्री मोदी जिन विशिष्ट हस्तशिल्पों, कलाकृतियों और प्रतीकों को उपहार स्वरूप ले जाते हैं, वे केवल शिष्टाचार नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध परंपरा, बहुरंगी संस्कृति और आत्मनिर्भर कलात्मकता के परिचायक होते हैं। यह सांस्कृतिक कूटनीति भारत की सॉफ्ट पावर को सशक्त करने में निर्णायक भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री मोदी जिन वस्तुओं को विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को भेंट करते हैं, वे भारत के अलग-अलग राज्यों, जनजातियों, परंपराओं और शिल्प कलाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के उपहार केवल भारत की कलाओं का प्रदर्शन नहीं, बल्कि संवाद का माध्यम भी हैं। प्रधानमंत्री के उपहार दिखाते हैं कि भारत केवल तकनीक और व्यापार का केंद्र नहीं, बल्कि हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता का जीवंत प्रतिनिधि है। इन उपहारों के चर्चित होने से संबंधित हस्तशिल्प की मांग और मूल्य दोनों बढ़ते हैं। इसके अलावा 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' की नीतियों को सांस्कृतिक स्तर पर मजबूती मिलती है।

### प्रधानमंत्री मोदी और प्रवासी भारतीय समुदाय

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी किसी देश की यात्रा पर जाते हैं, तो उनकी पहली प्राथमिकता होती है वहां बसे भारतीय समुदाय से संवाद। ये मुलाकातें केवल भावनात्मक संबंधों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि नागरिक जुड़ाव का शक्तिशाली प्रतीक बन चुकी हैं। प्रवासी भारतीयों द्वारा अपने सांस्कृतिक प्रदर्शन, लोककला, संगीत और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से जो दृश्य निर्मित होता है, वह विश्व के सामने भारत की एकता में विविधता और सजीव परंपरा का संदेश देता है। प्रधानमंत्री मोदी जब इन समुदायों से मिलते हैं, तो वह यह स्पष्ट करते हैं कि वे भारत के गौरव के वाहक हैं, वे भारत और दुनिया के बीच सांस्कृतिक पुल हैं और वे भारत की सॉफ्ट पावर के सशक्त स्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्रत्येक विदेश यात्रा में भारतीय समुदाय द्वारा प्रस्तुत नृत्य, संगीत, भजन, पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत, भाषणों में भारत माता की जयघोष, आदि केवल रस्म अदायगी नहीं होती, बल्कि ये दिखाते हैं कि भारत कहीं भी जाये, अपनी संस्कृति को जीवंत रखता है, भारत की परंपरा आधुनिकता के साथ सह-अस्तित्व में है और भारत की 'संवेदनशीलता' और 'संपर्क' की नीति भावनात्मक संबंधों पर आधारित है। प्रधानमंत्री मोदी का भारतीय समुदाय से संवाद और प्रवासी भारतीयों का उनके समक्ष अपनी संस्कृति का प्रदर्शन, एक सशक्त और गहरा वैश्विक संदेश देता है कि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक संस्कार, विचार और परंपरा है, जो सीमाओं से परे जाकर भी जीवित रहती है। यह 'एक भारत, वैश्विक भारत' की संकल्पना को मजबूत करता है और दुनिया को बताता है कि भारत एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जिसकी मूल्य आधारित कूटनीति, संस्कृति आधारित संवाद और नागरिक भागीदारी आधारित पहचान है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय विदेश नीति को पारंपरिक निष्क्रियता से निकाल कर सक्रिय, निर्णायक और बहुआयामी कूटनीति का रूप दिया है। उनकी रणनीति केवल राजनयिक संवादों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने भारत को एक निर्णायक और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है।



# सीसीएल कर्मी से एक करोड़ की लेवी मांगने वाले चार नक्सली गिरफ्तार

**जवान के पेट में बम प्लांट करने वाले एक्सपर्ट को ले जाने वाला भी धराया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रांची पुलिस ने सीसीएल कर्मचारी से एक करोड़ रुपये लेवी मांगने के इल्जाम में चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम योगेंद्र गंझू उर्फ पवन गंझू, मुकेश गंझू, मन्नु गंझू और राजकुमार नाहक बताये गये। योगेंद्र और मुकेश लातेहार का रहने वाला है। वहीं मन्नु और राजकुमार रांची के मैक्लुस्कीगंज एवं खलारी का रहने वाला है। इन लोगों के पास से पुलिस ने लोडेड देसी पिस्तौल, तीन जिंदा गोलियां और भाकपा माओवादी संगठन का लेटर पैड जब्त किया है। इस बात की जानकारी डीआइजी सह रांची पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने मीडिया के साथ साझा की।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मीडिया को बताया कि सीसीएल के जेनरल मैनेजर के दफ्तर में पोस्टेड एक कर्मचारी से एक करोड़ रुपये बतौर लेवी डिमांड की गयी थी। यह रकम बीते 25 जून को कोयल शंख जोन कमेटि का सदस्य मनोज के नाम पर मांगी गयी थी। साथ ही धमकी दी गयी थी कि दो जुलाई तक पैसा नहीं दिया तो जान से मार देंगे। मामले में खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर रूरल एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व और खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी की देखरेख में एक टीम गठित की गयी। गठित टीम ने तफ्तीश शुरू की। इसी दौरान बीते 14 जुलाई की देर रात पुलिस की टीम को इंफॉर्मेशन मिली कि चार-पाच नक्सली बक्सी बंगला चट्टी नदी के पास इकट्ठा हुए हैं। उनके इरादे नेक नहीं है। इन नक्सलियों का इरादा कारोबारियों, ठेकेदारों एवं ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूलने का है। टीम ने फौरन बताये गये लोकेशन पर रेड मारी और चार नक्सलियों को धर दबोचा। इन लोगों के पास से हथियार, गोलियां, मोबाइल और नक्सली पर्चा बरामद किये गये।

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में से योगेंद्र गंझू उर्फ पवन साल 2006 में भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन में शामिल हुआ था। इसके काम को देखते हुए इसे साल 2006 के अंत में गारू सरजू क्षेत्र का एरिया कमांडर बना दिया गया। फिर इसे उसी क्षेत्र का वर्ष 2009 में सब-जोनल कमांडर बनाया गया। यह सबसे पहले साल 2006 में ही लातेहार के गारू थाना के केस में जेल गया था। 2008 में जेल से छूटने के बाद फिर से संगठन में शामिल हो गया। 2012 में रातू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार होकर जेल गया था और साल 2022 में जेल से छूटने के बाद वह पार्टी से दूरी बनाकर रह रहा था। अपने केस में कोर्ट में हाजीर होने जाता था। मली हालत खराब हो जाने और माओवादी के कोयल शंख क्षेत्र के जोनल कमांडर रविंद्र गंझू का खूंटा कमजोर हो जाने के कारण यह मुकेश गंझू, मन्नु गंझू एवं राजकुमार नाहक के साथ मिलकर इस क्षेत्र में पार्टी को फिर से खड़ा किया। साथ ही क्षेत्र के ठेकेदारों, कारोबारियों, क्रशर मालिकों तथा ईट भट्ठा मालिकों को जान मारने की धमकी देकर लेवी मांगना शुरू किया था। ये माओवादी दस्ता में रहने के क्रम में कई बार पुलिस से मुठभेड़ की घटना में शामिल रहा। गारू (लातेहार) थाना क्षेत्र के कटीया जंगल में पुलिस मुठभेड़ हुई थी, जिसमें पुलिसकर्मी मारे गये थे। यह सेंट्रल कमेटि सदस्य अरविंद के कहने पर मृत पुलिसकर्मी के पेट में बम लगाने के लिए एक्सपर्ट को लेकर कटीया जंगल ले गया था।

# केंद्र और राज्य सरकार हेट स्पीच को रोकें : सुप्रीम कोर्ट

## हेट स्पीच के आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक लगायी

**नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनी रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा- केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- लोग नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी समझ रहे हैं, जो गलत है। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े।

सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें कोलकाता के वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। उस पर कई राज्यों में सोशल मीडिया पर नफरत और सांप्रदायिक अशांति भड़काने वाला कंटेंट पोस्ट करने के आरोप में मामले दर्ज किये गये हैं।

**लोगों को हेट स्पीच कंटेंट को लाइक नहीं करना चाहिए :** सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और वजाहत खान के वकील से सुझाव मांगे कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाए बिना हेट स्पीच को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। कोर्ट कहा- लोगों को हेट स्पीच क्यों अटपटे और गलत नहीं लगते हैं। ऐसे कंटेंट पर नियंत्रण होना चाहिए। साथ ही लोगों को भी ऐसे नफरत भरे कंटेंट को शेयर करने और लाइक करने से बचना चाहिए।



**वकील बोला- मेरे क्लाइंट ने माफी मांग ली है :** सुप्रीम कोर्ट ने खान की गिरफ्तारी पर रोक जारी रखी है। साथ ही कहा, बार-बार एफआइआर और जेल भेजने से क्या फायदा? क्या वास्तव में सभी केस एक ही ट्वीट से जुड़े हैं? इस पर खान के वकील ने कहा- मेरे क्लाइंट ने पुराने ट्वीट्स को लेकर माफी मांग ली है। मैं सिर्फ यही चाहता हूं कि कोर्ट यह देखे कि सभी एफआइआर वाकई इन्हीं ट्वीट्स से जुड़ी हैं या नहीं।

**लोअर कोर्ट ने दी थी खान को जमानत :** 22 वर्षीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ नफरत फैलाने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करायी थी। उस पर बीएनएस की धारा 196 (1) (ए) / 299/352/353 (1) (सी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। 9 जून को कोलकाता पुलिस ने खान को गिरफ्तार किया था। हालांकि 3 जुलाई को उन्हें एक निचली अदालत से जमानत मिल गयी थी।

**पिछली सुनवाई में क्या हुआ था**

24 जून को पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने केंद्र सरकार और असम, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिम बंगाल सरकारों को नोटिस जारी किया था। इसमें उनसे जवाब मांगा था कि खान के खिलाफ दर्ज एफआइआर को एक जगह कैसे जोड़ा जा सकता है। साथ ही खान की अन्य राज्यों में दर्ज एफआइआर में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। खान के वकीलों ने कोर्ट को बताया था कि उनके क्लाइंट के खिलाफ दर्ज ये मुकदमा शर्मिष्ठा पनोली ने बदला लेने के लिए किया है।

**हेट स्पीच को लेकर शर्मिष्ठा पनोली की भी गिरफ्तारी हुई थी**

पुणे के एक कॉलेज से लॉ की पढ़ाई करने वाली शर्मिष्ठा को 30 मई को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया था। वजाहत ने शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ गार्डन रीच पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी थी। उस पर आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में अभद्र और सांप्रदायिक टिप्पणी की। हालांकि पनोली ने बाद में उस पोस्ट को डिलिट कर दिया और माफी मांगी थी। बाद में कलकत्ता हाइकोर्ट ने शर्मिष्ठा पनोली को कुछ शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दे दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.4 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.11 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in




## विद्यार्थियों के बीच तटरक्षक बल की टीम के साथ पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री

# समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और राष्ट्रभक्ति की भावना जगाता है तटरक्षक बल : संजय सेठ

- देश की सेवा के साथ करियर की भी है अपार संभावनाएं
- तटरक्षक बल में शामिल होने को लेकर उत्साहित दिखे विद्यार्थी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय तटरक्षक बल के द्वारा रांची में पहली बार व्यापक पैमाने पर विभिन्न स्कूलों और कॉलेज में तटरक्षक बल में शामिल होने के लिए जागरूकता और भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर आरंभ हुआ है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में भारतीय तटरक्षक दल के विषय में जागरूकता लाना है और रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना है। इसके निमित सोमवार को रांची में रामटहल चौधरी स्कूल (ओरमांझी), एसएस मेमोरियल कॉलेज (कांके रोड), लाला लाजपत राय स्कूल और गोस्नर कॉलेज, रांची में विद्यार्थियों के बीच यह अभियान चलाया गया। अभियान को लेकर संवाद कार्यक्रम भी हुआ और विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ भारतीय तटरक्षक बल के डीआइजी केएल अरुण के नेतृत्व में पूरी टीम मौजूद रही। विद्यार्थियों के बीच तटरक्षक बल ने बैग व अन्य किट का भी वितरण किया। इन्हें संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि हमारे बच्चे रोजगार और राष्ट्र सेवा के लिए साथ-साथ तैयार हों, इसके प्रति जागरूक हों; इस उद्देश्य के साथ भारतीय तटरक्षक बल के द्वारा रांची में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज जागरूकता कार्यक्रम किया गया। भारतीय तटरक्षक बल से जुड़े अधिकारियों ने बच्चों को राष्ट्रसेवा के प्रति तैयार होने के लिए विभिन्न बातें बतायी। रक्षा राज्य मंत्री ने बच्चों से संवाद कर उन्हें तटरक्षक बल में अपनी सेवा देने के लिए प्रेरित किया। सेठ ने कहा कि यह यह रक्षा मंत्रालय की ऐसी संस्था है, जो हमें राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत देश के समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए प्रेरित करती है। रांची में पहली बार इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आरंभ हुआ। यह अभियान हमारे विद्यार्थियों और युवाओं को राष्ट्र के लिए काम करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि भारत के हजारों किमी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, समुद्री जीवजंतुओं की सुरक्षा, समुद्री आपदाओं से राहत और बचाव का कार्य तटरक्षक बल के द्वारा किया जाता है। श्री सेठ ने कहा कि विदेश से आने वाले नशे के कारोबारी और अवैध घुसपैठ को रोकने का काम भी इनके द्वारा ही किया जाता है। इससे जुड़ना समाज की सेवा करना है। यह सुनहरा अवसर है, जब रक्षा मंत्रालय तटरक्षक बल में भर्ती और जागरूकता के लिए रांची में अभियान चला रहा है। इसलिए विद्यार्थी और युवा अधिक से अधिक संख्या में इसमें शामिल हों और रोजगार के साथ राष्ट्र सेवा के इस अवसर का उपयोग करें। इस अवसर पर भारतीय तटरक्षक बल के डीआइजी केएल अरुण ने विद्यार्थियों को तटरक्षक बल की गतिविधियों और कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्हें बताया कि कैसे तटरक्षक बल काम करता है। इसके साथ जुड़ना और काम करना जीवन को रोमांच देने वाला अवसर होता है। इस दौरान उन्होंने बच्चों की जिज्ञासा का भी समाधान किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, समरी लाल, रणधीर चौधरी, कमलेश राम, बीपी वर्मा, रविंद्र सिंह, एसडी सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो, विशाल साहू, राम लखन राम, सुजीत शर्मा मार्शल केरकेट्टा, इलानी पूर्ति, प्रवीण सूरीन सहित हजारों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में शीघ्र पुलों का निर्माण कराये राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने ग्रामीण क्षेत्रों में शीघ्र पुलों का निर्माण कराने की बात कही है। इसको लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों का निर्माण शीघ्र सुनिश्चित करे, ताकि ग्रामीणों, विशेष रूप से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में सुविधा हो सके। उन्होंने कहा है कि जब झारखंड का गठन हुआ था, उस समय राज्य के ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों में पुल-पुलिया की भारी कमी के कारण आवागमन बेहद कठिन था। मुख्यमंत्री रहते हुए मैंने प्राथमिकता के साथ सैकड़ों पुल-पुलियों का निर्माण कराया, जिससे पहली बार इन क्षेत्रों तक वाहन पहुंच पाये लेकिन आज भी रांची के सिल्ली और चतरा के हंटरगंज जैसे कई इलाकों में नदी पर पुल नहीं होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण आज भी बांस की अस्थायी पुलिया से नदी पार करने को मजबूर हैं। मरीजों को चारपाई पर लादकर अस्पताल ले जाना पड़ता है, लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं।

## निगम बढ़ाये गये होर्डिंग शुल्क को ले वापस : चेंबर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड चेंबर की इंडोर आउटडोर उप समिति की बैठक उप समिति चेयरमैन राजीव चटर्जी की अध्यक्षता में सोमवार को चेंबर भवन में हुई।

बैठक में नगर निगम की ओर से होर्डिंग शुल्क में की जाने वाली वृद्धि से हो रही परेशानियों पर सदस्यों ने चर्चा की। कहा गया कि नगर निगम की ओर से प्रत्येक वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ होर्डिंग शुल्क वसूला जा रहा है। इसे निगम को वापस लेना चाहिए। बैठक में कहा गया कि नियमानुसार प्रत्येक पांच वर्ष में शुल्क में वृद्धि का प्रावधान है।

उप समिति चेयरमैन राजीव चटर्जी और बिपिन वर्मा ने संयुक्त रूप से इसपर आपत्ति जताते हुए कहा कि इस कारण व्यापारियों को अनावश्यक रूप से कठिनाइयां हो रही हैं। इसपर निगम के उच्चाधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए। बैठक में यह फैसला लिया गया कि इस संबंध में समिति एक ज्ञापन निगम को सौंपेगा। इसके बाद भी निगम हमारी मांग को स्वीकार नहीं करता है तो समिति न्यायालय जाने के लिए बाध्य होगी। बैठक में उप समिति चेयरमैन राजीव चटर्जी, बिपिन वर्मा, सदस्य सुभाजीत डे, राजेश कुमार, पुष्कर कुमार, विकास पाठक सब्बीर हुसैन, रूहान हुसैन, देवेंद्र प्रसाद, सुमंत सिंह, प्रीतम वर्मा, कृष्णा पोद्दार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मंत्री योगेंद्र के भाई के श्राद्ध में पहुंचीं कल्पना सोरेन, शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मंगलवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर के श्राद्ध कार्यक्रम के अंतिम दिन शोक संतप्त परिवार से मिलने उनके पैतृक गांव पहुंचीं। उन्होंने पूरे परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि दुख की इस घड़ी में वे पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ी हैं। कल्पना सोरेन के साथ-साथ कई अन्य लोग भी उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और परिवार को इस मुश्किल समय में संबल देने की कोशिश की। बता दें कि भरत कपूर का हाल ही में हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया था। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी भरत कपूर के निधन पर गहरा शोक जताया था और उन्हें विनम्र व्यक्तित्व का धनी बताया था। इसके साथ ही तमाम नेता मंत्रियों ने कहा था कि भरत कपूर जैसे लोग समाज की पूंजी होते हैं और उनका जाना अपूरणीय क्षति है।

## जेएसएससी को झटका : हाइकोर्ट ने कहा, दो वर्षीय बीएड वाले भी पात्र उम्मीदवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) नियुक्ति प्रक्रिया में दो वर्षीय बीएड कोर्स करने वाले अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। न्यायमूर्ति दीपक रौशन की एकल पीठ ने सोमवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को निर्देश दिया कि ऐसे अभ्यर्थियों के भी दस्तावेजों का सत्यापन किया जाये। अदालत ने स्पष्ट किया कि दो वर्षीय बीएड करने वाले उम्मीदवार भी नियुक्ति के लिए पूर्णतः पात्र हैं। यह आदेश उन याचिकाओं पर सुनवाई के बाद आया है, जिनमें अभ्यर्थियों ने केवल कोर्स की अवधि के आधार पर अपात्र घोषित किये जाने को चुनौती दी थी। अभ्यर्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। सुनवाई में यह तथ्य सामने आया कि आयोग ने अपने विज्ञापन में केवल एक वर्षीय बीएड का उल्लेख किया था, जबकि राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीइ) के मानकों के अनुसार दो वर्षीय कोर्स भी मान्य है।

## इ-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनायें : मुख्य सचिव

**झारखंड सरकार अपना पूरा काम डिजिटल तरीके से करने की ओर कदम बढ़ा रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार के तमाम विभागों के प्रमुखों संग गहन मंथन किया। झारखंड सरकार अपना पूरा काम डिजिटल तरीके से करने की ओर कदम बढ़ा रही है। सरकार का आइटी डिपार्टमेंट इसके एक्शन प्लान पर काम शुरू कर चुका है।

मुख्य सचिव ने आइटी डिपार्टमेंट को इ-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाने का निर्देश दिया। इस व्यवस्था को जनवरी 2026 के पहले पूर्ण करने को कहा। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से इसे लागू करने का तरीका बताने वाले रेलटेल, एनआइसी और जैपआइटी के तकनीकी विशेषज्ञों को निर्देश दिया कि वे टाइमलाइन बनाकर इसे क्रियान्वित करें।

उन्होंने कहा कि सरकारी फाइलें काफी संवेदनशील होती हैं, इसलिए सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि फाइलें साइबर फ्रॉड की शिकार नहीं बनें। तकनीकी व्यवस्था सुगम हो, ताकि अनावश्यक देरी नहीं हो। कार्यालय के बाहर दूसरी जगह से भी इ-ऑफिस के जरिये कार्य करने की सहूलियत हो। उन्होंने निर्देश दिया कि इसके लिए सर्वप्रथम सभी पुरानी फाइलों को स्कैन कर उनका पीडीएफ फाइल अपलोड करें। ऐसा नहीं हो कि फिजिकल फाइल पढ़कर डिजिटल निर्णय लेने की नौबत आये। मुख्य सचिव इ-ऑफिस लाइट के क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को उसकी प्रगति की समीक्षा कर रही थीं।

**चार विभागों में इ-ऑफिस शुरू**

राज्य सरकार के चार विभाग कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा, वित्त विभाग, आइटी एवं ई-गवर्नेंस विभाग और उच्च शिक्षा विभाग में इ-ऑफिस सिस्टम की प्रक्रिया शुरू है। इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अन्य विभाग भी इस व्यवस्था को लागू करने में आगे आ रहे हैं। इन विभागों के लोगों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। कई विभागों ने अपने अधिकारियों के इ-ऑफिस सिस्टम पर इ-मेल बना दिया है। मुख्य सचिव ने बाकी बचे विभागों को भी इ--ऑफिस सिस्टम पर आने के लिए प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

### इ-ऑफिस सिस्टम के लाभ

इ-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद एक क्लिक पर फाइलें सामने होंगी। उनका भौतिक रख-रखाव नहीं करना पड़ेगा। सभी फाइलें एक जगह संरक्षित और सुरक्षित रहेंगी। एक फाइल की कई-कई बार फोटोकॉपी आदि से बचाव होगा। आग, बाढ़, कीड़े, चूहों और फंगस से बचाने की जद्दोजहद से मुक्ति मिलेगी। फाइलों पर निर्णय लेने की गति बढ़ेगी। यह पारदर्शी होगा, इस कारण भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं होगी। फाइलें रेड टैपिंग से मुक्त होंगी। विभागों की कार्यकुशलता बढ़ेगी। पेपरलेस काम होने से यह पर्यावरण हितैषी भी होगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड़यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती होकर अपना भविष्य बनायें : कर्नल विकास भोला

# सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर तक रांची में

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में वर्ष-2025-26 के लिए सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर तक रांची के खेलगांव में होगी। इस आयोजन को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में बैठक हुई। बैठक के दौरान खेलगांव रांची में 22 अगस्त से 04 सितंबर तक होने वाली सेना भर्ती रैली को लेकर कर्नल विकास भोला ने उपायुक्त रांची से विशेष रूप से कहा कि रांची जिला के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है। रांची जिला के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती होकर अपना भविष्य बनायें। ये हमारी प्राथमिकता है।

कर्नल विकास भोला ने कहा कि रैली के दौरान जो युवा इस रैली में भाग लेंगे, उन्हें मौलिक सुविधा एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं रैली स्थल पर कराने को कहा गया है। रैली के दौरान विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रैली ग्राउंड में भर्ती स्थल की चौतरफा सुरक्षा, रैली स्थल निर्धारित विश्राम क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मेडिकल कवर, रैली स्थल पर एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम संभावित रैली के सभी दिनों में सुबह चार बजे से उपलब्ध कराने को कहा गया। इस पर उपायुक्त ने कहा कि सारी व्यवस्थाएं जो भी जिला प्रशासन की तरफ से संभव होगी, वह उपलब्ध करा दी जायेंगी। उपायुक्त ने कहा कि सभी सेना में शामिल होने वाले उम्मीदवारों का शोषण करने वाले दलालों से सावधान रहें। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से विशेष रूप से कहा कि सेना भर्ती पूरे पारदर्शी तरीके से होती है। इसमें जो कोई भी भर्ती प्रक्रिया की सभी अर्हता पूरी नहीं करता। उनकी भर्ती किसी भी हालत में नहीं हो सकती है। इसलिए आप सभी उम्मीदवार दलालों से दूर रहेंगे, उनके किसी भी झांसे में आने की आवश्यकता नहीं है।

खेलगांव में आयोजित भर्ती रैली में सभी उम्मीदवारों को अधिसूचना के अनुसार रैली के लिए आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे, अन्यथा उन्हें भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। केवल ऑनलाइन चरित्र, निवास और जाति प्रमाण पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। रैली प्रवेश पत्र को बारिश से सुरक्षित रखें। सभी अभ्यर्थियों को एंड्रॉयड फोन लाना अनिवार्य है।

बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक शहर अजीत कुमार, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, डायरेक्टर रिक्रूटिंग कर्नल विकास भोला एवं संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इन पदों के लिए भर्ती होगी

- (ग्रुप ए) अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी)
- (ग्रुप बी) अग्निवीर (तकनीकी)
- (ग्रुप सी) अग्निवीर (क्लर्क/स्टोर कीपर) तकनीकी)
- (ग्रुप डी) अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास
- (ग्रुप इ) अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास

सभी उम्मीदवारों को अधिसूचना के अनुसार रैली के लिए आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे।

## प्रशांत विद्यार्थी बने झारखंड अधिवक्ता परिषद के नये अध्यक्ष

**विजय नाथ कुंवर को फिर महामंत्री बनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड अधिवक्ता परिषद के रानी सती मंदिर परिसर में हुए प्रांत स्तरीय दो दिवसीय अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन सोमवार को संगठन की नयी प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गयी।

कार्यकारिणी में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत विद्यार्थी (रांची) को झारखंड अधिवक्ता परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में दो बार महामंत्री पद पर कार्य कर चुके हैं। वहीं विजय नाथ कुंवर (बोकारो) को पुनः महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है, जबकि सुनील कुमार (रांची) को पहली बार कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी है। पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा को संगठन आयाम का क्षेत्रीय प्रमुख बनाया गया है।

यह जानकारी झारखंड अधिवक्ता परिषद के प्रांत मीडिया सह प्रमुख रीतेश कुमार बॉबी, अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय ने दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मंत्री और झारखंड-बिहार प्रभारी चरण सिंह त्यागी एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील कुमार की उपस्थिति में केंद्रीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में नये प्रमुखों की नियुक्ति की गयी है। इस नयी कार्यकारिणी की घोषणा पर झारखंड राज्य के अनेक वरिष्ठ और कनीय अधिवक्ताओं, केंद्र और राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# पहली सोमवारी: शिवालयों में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सनातन धर्मावलंबियों के लिए सावन का महिना धार्मिक दृष्टिकोण से बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान रखता है उस में भी सोमवार का दिन बड़ा ही पावन माना गया है इस दिन भक्त श्रद्धाभाव से पुजा अर्चना करते हैं। सावन माह के प्रथम सोमवारी पर सुबह सात बजे से शहर के शिवालयों में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला शिवभक्तों का सैलाब मंदिरों की ओर उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। शहर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों ने पुजा अर्चना करते नजर आये शहर के प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर में सुबह 5 बजे से ही भक्तों का तांता लग गया। शिव भक्त दूर-दराज से जल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, भांग और धतूरा लेकर पहुंचे। जैसे-जैसे सूरज निकला, मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ बढ़ती गयी। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए घंटों इंतजार करते नजर आये। महिलाएं सोलह श्रृंगार में सज-धज कर भोलेनाथ के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचीं। युवतियों ने रंग-बिरंगी साड़ियां और सलवार सूट पहनकर भगवान को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना की। वहीं युवाओं का जोश भी देखते ही बन रहा था, जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर में एक अलग ही नजारा देखने को मिला। श्रद्धालु अपने परिवार और मित्रों के साथ यादगार पलों को कैमरे में कैद करते दिखे।

इस अवसर पर की समाज सेवी संस्थाओं ने जगह-जगह स्टाल लगा कर पुजन सामग्री का भी वितरण करते देखे गये।

## शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** सावन माह की पहली सोमवारी पर मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक किया। सोमवार सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं के द्वारा जलाभिषेक को लेकर भीड़ जमने लगी थी जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालु महिला पुरुष, युवक युवतियां, बूढ़े बच्चे अपने अपने नजदीक के शिवालयों में भगवान शिव पर बेलपत्र, चंदन, फूल, दूध, धतूरा, गांजा, भांग आदि चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना सच्चे व शुद्ध मन से किया। प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कर्मा धाम मरकचो, मां चंचालनीधाम, प्रखंड मुख्यालय का सबसे पुराना मंदिर लाल नगर स्थित शिवालय, कोटवार मोहल्ला, बड़ा अखाड़ा, ब्राह्मण टोला ,पश्चिम मोहल्ला, कुम्हरटोली, थाना परिसर, प्रखंड मुख्यालय परिसर, श्रीनगर, जामु, दशारो, पांडेडीह, डूमरडीहा, विचरिया, नई टांड, नावाडीह वन, देवीपुर स्थित शिवालयों में भीड़ देखी गयी।

## बुढ़वा महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** श्रावण मास के प्रथम सोमवारी को प्रखंड विभिन्न सेवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ लोगों ने सुबह 4:00 बजे भोर से 5:00 शाम तक जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस दौरान महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पुजार अर्चना की। मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर दूर महूदी पहाड़ के 500 सौ मीटर ऊंची तलहटी पहाड़ पर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में पहला सोमवारी को हजारों श्रद्धालुओं पूजा अर्चना कर घर परिवार क्षेत्र के लोगों के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। बुढ़वा महादेव मंदिर में झारखंड के विभिन्न जिलो से भक्त जल चढ़ाने एवं पूजा-अर्चना करने आते हैं। बुढ़वा महादेव झारखंड राज्य के हजारीबाग जिले से 30 किलोमीटर दूर स्थित बड़कागांव प्रखंड के दक्षिण भाग में स्थित है। महुदी पर्वत की चोटी पर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, छगरी गुदरी गुफा, द्वारपाल गुफा, मड़ावा खामी, बंदरचुमा जल प्रपात, और दर्जनों नागफनी आकार की चट्टानें, तीर्थ स्थल धार्मिक ऐतिहासिक पुरातात्विक और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात है। बुढ़वा महादेव पर्वत चोटी और आसपास के क्षेत्रों में बॉलीवुड और अन्य फिल्मों की शूटिंग की गयी हैं। यहां की हरी-भरी वादियां घुमावदार पहाड़ियां, आकाश को चूमते पेड़, रंग -बिरंगे फूल बरबस ही सैलानियों को आकर्षित करते हैं। प्रकृति की छटा



आकाश को चुमती पर्वत की चोटियां, पक्षियों का गुंजन, सनसनाती हवाएं, गहरी घाटियां पर्यटकों के दिल में अपने प्रति आकर्षण पैदा करती है। बुढ़वा महादेव मंदिर में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और रांची जिले का सबसे बड़ा हिल स्टेशन माना जाता है। यहां से बड़कागांव प्रखंड के सभी गांव और केरेडारी प्रखंड के कुछ गांव का अवलोकन किया जाता है। यहां बुढ़वा महादेव मंदिर में भगवान शंकर, मां पार्वती, भगवान गणेश की पूजा की जाती है। बगल में बजरंगबली और छातीशो माता के रूप में नीम का पेड़ की पूजा की जाती है। यहां पर्यटक पूरे साल भर आते रहते हैं।

## प्रसिद्ध सिद्धपिठों में भक्तों की कतार देखी गयी



**करेडारी(आजाद सिपाही)।** भगवान शिव के पूजन अर्चन का सबसे पवित्र सावन माह शुरू हो चूका है और श्रद्धालु भक्त भगवान शिव की भक्ति में लीन हो चुके है। सोमवार को सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर अहले सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र के शिवालयों व प्रसिद्ध सिद्धपिठों में भक्तों की कतार देखी गयी और श्रद्धालु भक्त भगवान भोलेनाथ की आराधना में डूबे रहे। प्रखंड के पेटो, कराली, कंडाबेर, गर्री काला, बारीयतु, पचड़ा, बेंगवरी और बुंडू सहित सभी पंचायतों में भी सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया विशेष कर बालिकाओं और महिलाओं में उत्साह रहा। इस अवसर पर करेडारी टंडवा सीमाने स्थित चर्चित चुंदुरु धाम में पत्थरों के बिच विराजमान शिवलिंग के दर्शन पूजन को लेकर लंबी कतार लगी रही। वहीं चर्चित कंडाबेर स्थित माता स्थान, छत्तीसो माता स्थान व पेटो पंचायत स्थित बुढ़िया माता मंदिर में भी भीड़ देखी गयी।

## सावन की पहली सोमवारी पर ध्वजाधारी धाम में भक्तों का उमड़ी भीड़

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रसिद्ध ध्वजाधारी धाम में सावन की पहली सोमवारी में कांवरियों और भक्तों की भीड़ उमड़ी। पूरे जिले के कांवरिया जल उठा कर भक्ति भाव के साथ 5 बजे सुबह से पहुंचते देखे गये। भक्त 777 सीढ़ी चढ़कर हर हर महादेव बोल बम, बोल बम का नारा लगाते हुए पहाड़ की चोटी पर पहुंचे और शिवालय में जल अभिषेक किया। वहां नारियल फोड़कर, बेलपत्र चढ़ाकर, फूल चढ़ाकर, पूजा आचरण किये, श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक किया। सोमवार सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं के द्वारा जलाभिषेक को लेकर भीड़ जमने लगी थी। श्रद्धालु महिला पुरुष युवक-युवतियां अपने अपने नजदीक के शिवालयों में बाबा भोले शंकर पर बेलपत्र, चंदन, दूध, फूल, धतूरा, गांजा, भांग इत्यादि चढ़ा कर पूजा अर्चना अर्चना कर परिक्रमा कर के अपने और अपने परिवार के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। भक्तों ने कहा कि वैसे तो देवाधिदेव महादेव के पूरे साल के सोमवार के दिन भोलेनाथ के लिए बहुत ही प्रिय दिन माना जाता है। जो हमेशा भोले नाथ का पूरे साल सोमवार को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते हैं। वैसे लोगों को कभी कठिनाइयों का सामना करना नहीं पड़ता है।

## सावन के पहली सोमवारी पर विधायक ने शिव भक्तों संग किया जलाभिषेक



**बरही (आजाद सिपाही)।** सावन मास की पवित्र माह की शुरुआत 11 जुलाई से ही चुकी है और आज 14 जुलाई को सावन मास की पहली सोमवारी थी। इस अवसर पर स्थानीय विधायक मनोज यादव ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार अहले सुबह बड़ाकर नदी पहुंचे। जहां से पवित्र जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ बरही प्रखंड परिसर स्थित मानकामनेश्वर मंदिर पहुंचे, और अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान सावन की पहली सोमवारी पर मंदिर परिसर बोल बम और हर हर महादेव के जयकारों से गूंज रहा था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। श्रद्धालुओं में पहली सोमवारी को लेकर विशेष उत्साह देख गया, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों समेत हर वर्ग के श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर नजर आए। इसके अलावा बरही प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में भी पूजा और जलाभिषेक का सिलसिला जारी था। इस दौरान विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यह दिन भगवान शिव की आराधना को समर्पित होता है। शिव जी का प्रिय सोमवार का दिन बहुत खास माना जाता है। मान्यता है कि जो भक्त सावन के प्रत्येक सोमवार को श्रद्धा से व्रत रखकर भगवान शिव की विधिवत पूजा करता है, उसे जीवन की बड़ी – बड़ी बाधाओं से मुक्ति मिलती है। मौके पर जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, समाजसेवी राजकुमार यादव, मनितोष यादव, बलराम केशरी, पिंटू ठाकुर और सचिन यादव समेत सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## मकान मालिक और किरायेदार के बीच हुआ खुनी संघर्ष, कई लोग घायल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के पोस्ट आफिस चौक में रविवार को दोपहर एक बजे मकान मालिक और किरायेदार के बीच खुनी संघर्ष देखने को मिला है, जहां दोनों पक्ष से कई लोग घायल हुए हैं जिनका इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। किरायेदार योगेन्द्र कुमार रामनगर निवासी ने घायलावस्था में इलाजरत के दौरान प्रेस को दिये बयान में बताया है कि हमारा एक गैरेज भाड़े के मकान जमीन पर पोस्ट आफिस चौक पर है दोपहर बारह तीस बजे सूचना मिली की गैराज में किसी ने आगजनी कर गैराज के सामानों को चुरा लिया जिसके बाद मैं अपने गैराज में देखने पहुंचा जहां घात लगाये बैठे जमीन मकान मालिक राजेश गुप्ता इनके पुत्र बिट्टू, कुमार गोविंदा कुमार और एक पुत्र ने जानलेवा हमला कर दिया और दुकान में आग लगा दी आगे इन्होंने बताया कि इन पहले भी दो बार हमारे साथ मारपीट कर चुके हैं जिसका मामला दर्ज है और आज फिर हमला कर दिया है। वहीं मकान जमीन मालिक राजेश गुप्ता ने बताया कि योगेन्द्र कुमार हमलोगों के उपर पहले भी झूठा मुकदमा दायर कर चुका है हमने आठ तारीख को पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर यह अंदेशा जाहिर किया था कि योगेन्द्र कुमार द्वारा हमलोगों के उपर चोरी का आरोप लगाया जा सकता आज की घटना इनकी सोंची समझी रणनीति का हिस्सा है। ये लोग पंद्रह बीस की संख्या में आए और गाली गलौज करते हुए हथियार से जानलेवा हमला कर दिया है। हमारे किरायेदार है लेथ मशीन चलाते हैं न भाड़ा देते हैं न जगह खाली करते हैं उल्टे झूठ के मुकदमों में फंसा दिया है और दबंगता भी करते हैं। किसी भी पक्ष ने समाचार लिखे जाने तक पुलिस को इस घटना की लिखीत सूचना नहीं दिये है न ही अस्पताल में पुलिस ने किसी प्रकार का बयान घायलों से लिया है। अब देखना होगा कि प्रशासनिक अधिकारी इस घटना पर क्या संज्ञान लेते हैं दोनों पक्षों के अपने अपने तर्क हैं कौन सही है कौन गलत यह कह पाना मुश्किल है।

## सभी जिलों में पुस्तकालय सुदृढ़ हो : डॉ नीरा यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** राज्य के सभी जिलों में पुस्तकालय को सुदृढ़ किये जायें। पुस्तकालयों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी वाली पुस्तकें, समाचार पत्र और देश और राज्य के महापुरुषों की जीवनी से संबंधित पुस्तकें भी पुस्तकालय में उपलब्ध कराई जाये। सोमवार को रांची में विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति की बैठक में समिति की सभापति और कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने अधिकारियों को उक्त निर्देश दिये। बैठक में समिति के सदस्य और विधायक आलोक कुमार सोरेन, जयराम महतो, सुदीप गुड़िया के अलावे विभाग के कई वरीय अधिकारी भी मौजूद थे। सभापति ने विभिन्न पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक के बाद सभापति डॉ नीरा यादव ने बताया कि सभी जिलों में जिला स्तरीय पुस्तकालय अनुश्रवण समिति गठित है। समिति में उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक होते हैं। अब इस समिति में स्थानीय जनप्रतिनिधि और शिक्षाविद को सदस्य बनाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुस्तक दान महा कल्याण के तर्ज पर लोगों से पुस्तक दान करने की भी अपील की जायेगी ताकि हमारा पुस्तकालय समृद्ध हो और हर तरह की पुस्तक लोगों के लिए उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि राज्य में कई जगहों पर पुस्तकालय तो हैं परंतु व्यवस्थित नहीं हैं, उन्हें व्यवस्थित करने के लिए जरूरी उपाय करने, लोगों को पुस्तकालय से जोड़ने का भी निर्देश दिया गया है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला प्रशासन कोडरमा और इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में अबतक कुल 1049 लोगों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 764 लोगों की बीपी और शुगर की जांच की गयी। महिलाओं के लिए विशेष रूप से स्त्री रोग संबंधी परामर्श और जांच की व्यवस्था की गयी थी, जिसमें 106 महिलाओं ने पंजीकरण कराया और 11 महिलाओं का पैप स्मियर टेस्ट किया गया। नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत कुल 943 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 605 व्यक्तियों की दृष्टि जांच की गयी। जांच के उपरांत 231 लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित 113 मरीजों की सर्जरी की गयी, जबकि 94 अन्य मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गयी। इनमे से 45 मरीजों को अगले दिन सर्जरी के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा प्रत्येक मरीज की सावधानीपूर्वक जांच की गयी और आवश्यक दवाइयां और परामर्श निःशुल्क प्रदान किया गया। गौरतलब है कि यह विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 11 जुलाई से 30 जुलाई तक कोडरमा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

### उपायुक्त ने की ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

## लंबित आवासों का निर्माण जल्द पूरा करायें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, पीडी जेनरेशन, जिओ टैगिंग, जन मन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस, और जेएसएलपीएस के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी।



उपायुक्त ने बैठक में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाये और उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने आवास योजनाओं में कम प्रगति वाले प्रखंडों पर असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवासों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करायें। आवास योजना में प्रथम और द्वितीय किस्त के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मस्टर रोल जेनरेशन को बढ़ावा देने, अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने और मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही, सिंचाई से संबंधित योजनाओं जैसे बिरसा कूप सिंचाई योजना की प्रगति को और गति देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

पंचायती राज व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी पंचायत भवन नियमित रूप से खुले रहने चाहिए और पंचायत सचिवालय से नागरिकों को सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए। पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के समाधान पर भी विशेष बल दिया।

जेएसएलपीएस अंतर्गत डीडीयू-जीकेवाई, लखपति दीदी, मुद्रा लोन जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि वे अपने प्रखंड क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें और योजनाओं के धरातलीय कार्यान्वयन की निगरानी करें। साथ ही, अधीनस्थ कर्मियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक आयोजित करते हुए कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डीडीसी इश्तियाक अहमद, डीआरडीए निदेशक मां देवप्रिया, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मुन्ना सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने दिल्ली में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। मुलाकात के दौरान हजारीबाग क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक विषयों और जनहित की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुन्ना सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष स्थानीय जनता की अपेक्षाओं, अधूरे विकास कार्यों और आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को प्रभावी ढंग से रखा। सिंह ने भरोसा जताया कि राज्य सरकार जन आकांक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हजारीबाग क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

## जनप्रतिनिधियों और अंचल अधिकारी ने सड़क में डस्ट डलवाया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नवादा बैंक मोड़ से कुसुम्भा पंचायत के डूमरडीहा तक खराब हो गयी। बरसात के दिनों में सड़क पर चलना दूभर हो गया था। लोगों को आने जाने में परेशानी होने लगी। ग्रामीणों स्कूली बच्चों के साथ साथ अन्य ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं राहगीरों को नवादा, विष्णुगढ़, बनासो आने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए अंचल अधिकारी नित्यानंद दास, नवादा मुखिया, कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल ने सहयोग कर सड़क पर जेसीबी मशीन चलवाकर डस्ट डलवा कर लोगों की मुश्किलें कम कर दिया। अब लोगों को उक्त सड़क पर चलने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है।

## मूंगफली और उरद बीज का किया गया वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में सोमवार को बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत टाटीझरिया के किसानों को प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल अंचलाधिकारी नीलू टुडू भाजपा प्रखंड मंडल अध्यक्ष कैलाश पति सिंह मिथलेश कुमार पाठक बीओ सुधीर राय द्वारा बीज वितरण किया गया। बीज वितरण में प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि सभी किसान को मूंगफली व उरद की अच्छी किस्म का बीज मिल रहा है, इसे किसान अपने जमीन में जरूर लगाये, किसान अपने जमीन पर लगाकर अच्छी उपज कर सकता है, और अच्छी आमदनी हो सकती है, बीज वितरण झरपो, भराजो, खैरा, टाटीझरिया बेडम, डूमर, धरमपुर के किसानो को प्राप्त हुआ। इस बीज वितरण में जनसेवक अनिल कुमार राणा, राजू यादव, अनिल कुमार, हरी प्रसाद आदि शामिल थे।

## युवा नेता ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** दिल्ली स्थित न्यू झारखंड भवन में आज बड़कागांव के युवा नेता सोनू इराकी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद, आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन (गुरुजी) के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। सोनू इराकी ने कहा कि गुरुजी के अस्वस्थ होने की खबर से झारखंड की जनता, विशेषकर आंदोलनकारी और आदिवासी समाज मूलवासी में गहरी चिंता और मायूसी का माहौल है। गुरुजी हमेशा झारखंड के जल, जंगल, जमीन और हक–अधिकार की लड़ाई के प्रतीक रहे हैं और झारखंड की जनता उन्हें अपना मसीहा मानती है। हम सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं ताकि वे जल्द ही पुन: सक्रिय होकर जनता के बीच आ सकें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आश्वस्त किया कि गुरुजी के स्वास्थ्य को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क और गंभीर है। देश के शीर्ष चिकित्सकों की देखरेख में हरसंभव बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सोनू इराकी ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी जमीनी समस्याओं, जनता की मूलभूत आवश्यकताओं और जनसंख्या के अनुपात में विकास योजनाओं की आवश्यकता को भी रखा।

## बरकट्ठा में मानव विकास संस्था ने सिंचाई के लिए पानी को किया स्टोर



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** मानव विकास संस्था ने प्रखंड क्षेत्र के ग्राम धोबारी लश्करी में सिंचाई के लिए पानी स्टोरेज कर खेतों में पहुंचाने का काम किया गया है। संस्था सचिव बीरबल प्रसाद ने बताया कि ग्राम धोबारी के लश्करी टोला के समीप पहाड़ का पानी जैसे तैसे इधर उधर बेकार बह जाया करता था। इसको लेकर मानव विकास संस्था की टीम ने सबसे पहले गांव जाकर सर्वे किया। जिसके पश्चात गांव के किसानों और महिला मंडल के साथ बैठक कर पानी को डायवर्ट कर गांव के खेतों में पहुंचाने के लिए प्लान तैयार किया। संस्था के द्वारा गांव के लोगों के सहयोग से कार्य करते हुए पानी को खेतों में पहुंचा दिया। अब इस गांव में एक खेती के लिए पानी की कमी नहीं होगी। अभी गांव के लोग उसी पानी से धान का बिचड़ा किया और धान की रोपाई के लिए तैयारी कर रहे हैं।

## छात्रा ने जहर खा कर आत्महत्या की

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मरकच्चो दक्षिणी पंचायत अंतर्गत भोजपुर में एक नाबालिग छात्रा ने जहर खा कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान भोजपुर निवासी मो मुजीबुर रहमान की 16 वर्षीय पुत्री मुनीबा खातुन के रूप में कई गयी है। छात्रा इसी वर्ष मेट्रिक परीक्षा पास की थी। जानकारी अनुसार किसी बात से आहत होकर नाबालिग ने शुक्रवार को विषपान कर लिया था जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी थी। परिजन आनन फानन में बाहर ले जाकर एक निजी क्लिनिक में इलाज करा रहे थे। इलाज के दौरान रविवार की दोपहर नाबालिग छात्रा की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर मरकच्चो थाना के एएसआई मो. इसराफुल दल, एमएम शर्मा, बलिराम प्रसाद बल के साथ मृतका के घर पहुंचे और पूरी घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# टर्बो गाड़ी के लिए युवक ने दोस्त के साथ मिलकर की मौसेरे भाई की हत्या

### मुहर्रम के जुलूस में सुलेशन का नशा करना सउद को पड़ा महंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/बरकाकाना।** जिले के बरकाकाना ओपी क्षेत्र में मुहर्रम के जुलूस के दौरान सुलेशन का नशा करना एक 24 वर्षीय युवक सउद को महंगा पड़ गया। उसके मौसेरे भाई ने ही दोस्त के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। हत्या भी टर्बो गाड़ी के लिए हुई थी। इस मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की और एक हत्यारे पीरी बस्ती निवासी आफताब अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को बरकाकाना ओपी में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने प्रेस कांफ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बरकाकाना ओपी क्षेत्र के दुड़गी बस्ती निवासी सयूब अंसारी का 24 वर्षीय पुत्र सउद अंसारी 6 जुलाई की शाम से लापता था। 8 जुलाई को उन्होंने गुमशुदगी की सूचना थाने में दर्ज कराई। छानबीन के दौरान 11 जुलाई को पीरी बस्ती में अमान अंसारी के बंद पड़े चिमनी ईंट भट्ठा के डग से सउद की लाश बरामद हुई। जब पुलिस ने छानबीन शुरू की तो पता चला कि पीरी गांव के ही आफताब अंसारी और एबाद उर्फ आबाद अंसारी के द्वारा हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया गया है।



### टर्बो गाड़ी बनी हत्या की मुख्य वजह

गिरफ्तार आफताब ने पूछताछ के दौरान हत्या की मुख्य वजह का खुलासा किया। उसने पुलिस को बताया कि सउद के पास एक टर्बो गाड़ी थी, जिससे वह अपने जीवन का गुजारा करता था। उसके मौसेरे भाई एबाद उर्फ आबाद के द्वारा कई बार टर्बो गाड़ी को कटवाने के लिए उसे बोला गया था। यहां तक कि एक साथ मिलकर काम करने के लिए भी उसने ऑफर दिया। लेकिन सउद ने हर बार अपने मौसेरे भाई एबाद उर्फ आबाद को तवज्जो नहीं दी। इस बात का गुस्सा उसे काफी पहले से था। मोहर्रम के दिन एबाद उर्फ आबाद ने अपने दोस्त आफताब अंसारी के साथ मिलकर सउद को सुलेशन का नाश करने के लिए कहा। नशे की हालत में एबाद ने फिर से टर्बो गाड़ी को कटवाने की बात कही। जब सउद नहीं माना तो उन लोगों के बीच विवाद बढ़ता चला गया। अंत में दोनों हाथापाई पर उतर आए। इस झगड़े के बीच आफताब अंसारी ने सउद को पकड़ा और एबाद में उसपर चाकू से हमला कर दिया। हत्या के बाद अमान अंसारी के बंद पड़े चिमनी ईंट भट्ठे के डग में लाश को छुपा दिया।

### एबाद और आफताब दोनों जा चुके हैं पहले जेल

पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने बताया कि एबाद और आफताब दोनों पहले भी जेल जा चुके हैं। वे दोनों एक साथ अमान अंसारी के ईंट भट्ठे में भी काम कर चुके हैं। उन दोनों की दोस्ती काफी पहले से थी। वारदात को अंजाम देने के अगले दिन एबाद और आफताब मिले थे। उन लोगों ने आपस में इस हत्या की घटना पर चर्चा भी की थी। फिलहाल एबाद फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## रोटरी का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सेवा करना है: संजीव ठाकुर




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सिटी का 8वां पदस्थापना समारोह रविवार को होटल लामैरिटल के सभागार में आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पीडीजी रोटेरियन संजीव ठाकुर, रीजनल डायरेक्टर रोटेरियन विवेक अग्रवाल, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन धीरज सिंह सहित अन्य ने संयुक्त रूप से गणेश वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पीडीजी संजीव ठाकुर ने नव निर्वाचित टीम को शपथ दिलायी। समारोह का संचालन चार्टर प्रेसिडेंट उमेश राजगढ़िया और निधि चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने कहा मुझे जो जिम्मेदारी मिली है उसे नि:स्वार्थ भाव के साथ निर्वहन करूंगा। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पीडीजी संजीव ठाकुर ने रोटरी के मूल्यों, उद्देश्यों और सामाजिक गतिविधियों, मानव सेवा में रोटेरियन के नैतिक जिम्मेदारियों के संबंध में प्रकाश डाला। उन्होंने रोटरी क्लब के कार्य और उद्देश्य के संबंध में कहा कि रोटरी का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सेवा करना है। मौके पर गोविंद मेवाड़, बिमल बुधिया, मुरारी अग्रवाल, अनूप सिंह, विजय मेवाड़, अनमोल सिंह, मनमोहन सिंह लाम्बा, पवन मार्वा, चैंबर अध्यक्ष मनजीत साहनी, क्लब के पूर्व अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, संदीप अग्रवाल, हरीश चौधरी, रवि अग्रवाल, अनिल गोयल, वरुण बगड़िया, दीपक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, राजू अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, भरत गोयल, सुरेश अग्रवाल, किशन बंसल, डॉ राहुल बरेलिया, विकास अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, पंकज जैन, मनोज मोदी, स्वाति पंसारी, श्वेता बगड़िया, अनिता राजगढ़िया, सुमन चौधरी, नीरू गोयल, प्रियंका अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, डॉ नीति बरेलिया, संतोष बंसल, दीपा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल उपस्थित थे।

## भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में शोध करेगा निकेतन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले का निकेतन युवा वैज्ञानिक के रूप में जिले का नाम रोशन करेगा। भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, मुंबई में उसने नौकरी हासिल की और जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गया। वेस्ट बोकारो क्षेत्र के बड़गांव का रहने वाला 25 वर्षीय निकेतन ने वह किया जो आज की युवा पीढ़ी को नई दिशा दिख रही है। निकेतन ने 2016 में मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। लेकिन इस परीक्षा से पहले टाटा स्टील फाउंडेशन के प्री मैट्रिक कोचिंग का साथ उसे मिला। यहीं से उसके अंदर का वैज्ञानिक जगा। प्री मैट्रिक कोचिंग के दौरान ही उसे किताबों की बेहतर समझा हुई और किताबों में वर्णित तथ्यों से आगे सोचने की क्षमता विकसित हुई। निकेतन ने सोमवार को अपने अनुभवों को साझा किया। उसने बताया कि उसकी यह उपलब्धि परिवार, समाज और हर उस समुदाय के सदस्यों की उपलब्धि है, जिसने उसकी सहायता की। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद निकेतन ने अपनी शिक्षा पर अंकुश नहीं लगने दिया। मैट्रिक की परीक्षा के बाद इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग से उच्च शिक्षा प्राप्त की। 2018 के जेईई-मेन में ऑल इंडिया 11वां रैंक उसने हासिल किया। साथ ही गेट की परीक्षा में भी 63 रैंक हासिल कर अपनी बौद्धिक क्षमता को परिलक्षित किया। इस दौरान उसने टाटा कंपनी में कॉन्ट्रैक्ट वर्कर के रूप में भी काम किया। बाद में उसे भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में नौकरी मिली। उसने यह साबित किया कि अगर संकल्प के साथ सही मार्गदर्शन और सहयोग मिले तो साधारण शुरूआत भी बड़ी उपलब्धि में बदल सकती है।

## बड़कीडुंडी में बारिश से महिला का गिरा आवास

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड के छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत ग्राम बड़कीडुंडी में लगातार हो रहे मूसलाधार अत्यधिक बारिश की वजह से एक खपरैल मकान ध्वस्त हो गया। जिससे मकान स्वामी सरस्वती देवी पति स्व तेजू साव को रहने में काफी परेशानियों से रूबरू होना पड़ रहा है। इधर, पंचायत मुखिया रामसेवक महतो ने बीडीओ से आवास दिलाने की मांग की है।

## कुजू कोलियरी में अवैध मुहानों की हुई डोजरिंग

**कुजू (आजाद सिपाही)।** करमा खदान हादसा बाद सीसीएल प्रबंधन, कुजू क्षेत्र के निर्देश पर सोमवार को सुरक्षा विभाग ने कुजू कोलियरी ने डोजरिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत पानी टंकी के पास कोयला तस्करों द्वारा बनाए एक अवैध मुहानों को मिट्टी पत्थर भरकर से डोजर से बंद किया। वहीं, एक और मुहाने को बंद के दौरान डोजर मशीन फंसने की वजह से कार्य को रोक दिया गया। अभियान में विभाग के कई लोग शामिल रहे।

## छावनी परिषद के विलय को लेकर अंतर विभागीय कमेटी की अंतिम बैठक संपन्न



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छावनी परिषद का नगर परिषद में विलय को लेकर बनी अंतर विभागीय कमेटी अपने निर्णय पर पहुंच चुकी है। सभी विभागों को मिलाकर बनायी गयी कमेटी ने अपने स्तर से रिपोर्ट प्रस्तुत कर दिये हैं। जल्द ही राज्य सरकार को यह रिपोर्ट सौंप दी जायेगी। सबसे बड़ी बात यह है कि अब अंतर विभागीय कमेटी की कोई बैठक नहीं होगी। रक्षा मंत्रालय द्वारा बताये गये शर्तों के आधार पर राज्य सरकार इसका विलय स्वीकार कर लेगी। रामगढ़ छावनी परिषद के आम नागरिकों के बीच पिछले दो वर्षों से यह मुद्दा काफी चर्चा में है। आम नागरिक यह चाहते हैं की छावनी परिषद का विलय नगर परिषद में हो जाए, ताकि शहर के विकास को गति मिल सके। विलय की इस प्रक्रिया में देरी होने की वजह से सफाई, नाली निर्माण सड़कों के निर्माण नहीं हो पा रहे हैं। साथ ही ऐसी कई अन्य योजनाएं हैं जिसका लाभ आम नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है। रामगढ़ छावनी क्षेत्र में कई विभागों का काम सक्रिय रूप से चल रहा है। अस्पताल, विद्यालय, पेयजल, बिजली, सफाई, सड़क निर्माण, संपत्ति का रेंट एसेसमेंट, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे कार्यों का निष्पादन एक ही कार्यालय से होता आ रहा है। नगर परिषद के कार्यालय में ऐसे कई कार्य हैं जो वर्तमान स्थिति में संचालित नहीं होते हैं। रक्षा मंत्रालय द्वारा दिये गये शर्तों के आधार पर सीधे नगर परिषद इतना बड़ा बोझ उठाने के लिए योग्य नहीं था। राज्य सरकार के निर्देश पर अंतर विभागीय कमेटी बनी जिसमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, वित्त विभाग को शामिल किया गया। सभी विभागों ने मिलकर अपनी रिपोर्ट तैयार की, जिसके आधार पर रामगढ़ छावनी परिषद का विलय नगर परिषद में हो सकता है। रामगढ़ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि अंतर विभागीय कमेटी की अंतिम बैठक संपन्न हो चुकी है। सभी विभागों ने अपनी रिपोर्ट भी तैयार कर ली है। जल्द ही सरकार को यह रिपोर्ट सौंप दी जायेगी। सबसे बड़ी बात यह है कि जो लोग छावनी परिषद की नौकरी से सेवानिवृत हो चुके हैं, उन्हें केंद्र सरकार ही पेंशन देगी। जो लोग नगर परिषद में सेवा देंगे उन्हें राज्य सरकार वेतन और पेंशन मुहैया करायेगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों को कार्यों के हिसाब से छावनी क्षेत्र का एरिया हस्तांतरित होगा। यहां तक की भूमि का हस्तांतरण भी विभागों के आधार पर ही होगा।

# शिव शक्ति सेवा समिति ने टूटीझरना मंदिर में किया भंडारा



### शिवजी सच्चे भक्तों की करते हैं मनोकामनायें पूर्ण : सांसद मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** शिव शक्ति सेवा समिति, टूटीझरना ने टूटीझरना स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में श्रावण माह की पहली सोमवारी पर शिवभक्तों के बीच भव्य भंडारा स्वरूप प्रसाद वितरण किया। इससे पूर्व, आगत अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष संजय शाह की अगुवाई में बुके भेंटकर किया गया। भंडारा कार्यक्रम मे मौजूद बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो ने अपने हाथों से शिवभक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर मनीष जायसवाल ने शिव शक्ति सेवा समिति द्वारा सनातन धर्म के प्रति सेवा भाव कार्य की सराहना करते हुए सदस्यों को बधाई दीं। कहा कि श्रावण माह में आस्था का जनसैलाब मंदिर प्रांगण में देखने को मिल रहा है, जो निश्चित ही भोलेनाथ के प्रति श्रद्धालुओं में भक्ति का अद्भुत दर्शन कर कराता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव अपने भक्तों की सच्ची और शुद्ध हृदय से की गयी प्रार्थनाओं को सुनते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हैं। इधर, विधायक तिवारी महतो ने भी भगवान भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे समिति अध्यक्ष संजय शाह ने सभी का आभार प्रकट करते हुए आगामी सोमवारी भंडारा में भी सहयोग का आग्रह किया है। मौके पर समिति के महासचिव बीरबल कुमार, उपाध्यक्ष संदीप प्रसाद, राजेश प्रसाद, पवन साहू और डब्लू सिंह, कोषाध्यक्ष लोचन साहू, सचिव मोनू साव, रौशन कुमार, मुकेश कुमार, ऋषि कुमार, मीडिया प्रभारी कृष्ण प्रसाद साहू, संरक्षक खोखेन्द्र साव, विधायक प्रतिनिधि नरेश साहू, परमेश्वर साव, उमेश प्रसाद, रतन प्रसाद, सुनील प्रसाद साहू, विक्रम सिंह, आशीष चौधरी, रंजीत कुमार सिन्हा, खिरोधर प्रसाद साहू, राजू चतुर्वेदी, दीपक मिश्रा, राजीव रंजन सिन्हा, शीतल सिंह, सुनीता देवी, नीरज झा, कमलनाथ चौधरी, राजेंद्र कुशवाहा, तोकेश सिंह, निर्मल करमाली, बिनोद कुशवाहा, विजय गिरी, मुकेश शाह, रामसहाय बेदिया, उपेंद्र सिंह, अर्जुन यादव, प्रवीण सोनू, छोटन सिंह, रंजीत प्रसाद, हरि महतो, अर्जुन कुशवाहा, पुष्पा देवी समेत कई लोग शामिल रहे।

## सावन की पहली सोमवारी को श्रद्धालुओं ने भगवान शिव पर किया जलाभिषेक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** सावन के पहले दिन सोमवार को पतरातू क्षेत्र के सांकूल, पालू, पतरातू रेलवे कौलोनी, टेरपा सहित कई स्थानों के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रदलुओं की भिड उमड़ पड़ी। वही इस अवसर पर शाह कॉलोनी के महिला और पुरुष सैकड़ो कि संख्या में शिव भक्तों ने पंचवाहिनी मंदिर के लिए रवाना हुए। जहां से जल लेकर भरकर पैदल चलते हुए बोल बम, हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय बोलते हुए शाह कॉलोनी महावीर मंदिर पहुंचने के बाद सामुहिक रूप से भोलेनाथ का अभिषेक किया। इस दौरान भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, और अन्य पूजन सामग्री भी शिवलिंग पर चढ़ाई।

### दिशा की बैठक में सांसद ने अधिकारियों को दिया निर्देश

# शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की योजनाओं में कोताही पड़ेगी महंगी : मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की योजनाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। जो योजनाएं संचालित हो रही हैं, उसे समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न करें। यह बातें सोमवार को समहरणालय सभागार में आयोजित दिशा की बैठक में सांसद मनीष जायसवाल ने कही। डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट को-ऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी (डीडीसीएमसी) की बैठक में सबसे पहले उन्होंने पूर्व में दिये गये निर्देशों पर हुए कार्यों के बारे में पूछा। क्रमवार समीक्षा करते हुए सांसद के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में संचालित पोटो हो खेल मैदान की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनके द्वारा खेल मैदान का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल की दिशा में आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जेएसएलपीएस के तहत वर्तमान में जिले में संचालित सखी मंडलों एवं उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली। विभिन्न उपायों से जेएसएलपीएस के संगठनों को मजबूत करने, रोजगार से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**इन विभागों की भी सांसद ने की समीक्षा :** सांसद ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की मरम्मति करने, नए कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा शाखा अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य पेंशन योजनाओं का लाभ योग्य लाभार्थियों को देने का निर्देश दिया।

**बच्चों में बंटे पुस्तक, मध्याह्न भोजन पर दें ध्यान :** सांसद के द्वारा सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट इंपैक्ट, पाठ्य पुस्तक वितरण, पोशाक डीबीटी आदि की जानकारी ली गयी। साथ ही उन्होंने मध्याह्न भोजन को लेकर विद्यालयों में निर्धारित रोस्टर का अनुपालन करने का निर्देश दिया। समेकित बाल विकास योजना के तहत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को बेहतर बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि निजी भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को आति शीघ्र सरकारी भवन उपलब्ध कराया जाये। इसके अलावा सदर अस्पताल रामगढ़ सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली गयी। सामान्य डिलीवरी का प्रचार करने, नियमित टीकाकरण अभियान, ट्रॉमा सेंटर आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

**खराब पड़ी जलापूर्ति योजनाओं को जल्द करें शुरू :** सांसद द्वारा पीएचइडी के कार्यपालक अभियंता से वर्तमान में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित जलापूर्ति योजनाओं की जानकारी ली गयी। क्षेत्र में खराब पड़ी जलापूर्ति योजनाओं अथवा अन्य समस्याओं से बंद पड़े जलापूर्ति योजनाओं को मरम्मत करने को कहा।

**चुट्टूपालू घाटी में हादसों को रोकने का करें प्रयास:** संसद में बैठक के दौरान चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर बेहतर प्रयास करने को कहा। उन्होंने एनएचएआइ को कार्यों को गंभीरता से लेने तथा तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विधायक निर्मल महतो, रोशन लाल चौधरी, डीसी फैज अक अहमद मुमताज, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल समिति की नयी कार्यकारिणी घोषित




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोयला श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बरका-सयाल क्षेत्रीय समिति का पुनर्गठन 30 जून 2025 को केंद्रीय पर्यवेक्षक की उपस्थिति में किया गया। यह गठन प्रक्रिया समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में और कार्यकारी सदस्यों की सहभागिता से सम्पन्न हुई। घोषित पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष इंद्रदेव राम, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष ठाकुर, सचिव संजय मिश्रा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, गुरुदयाल ठाकुर, सन्नी कुमार, विनोद कुमार और राजीव रंजन, सह सचिव एसएस डे, विकासकान्त सिन्हा, विनोद कुमार सिंह व अजित सिन्हा, संगठन मंत्री कमलेश कुमार, सह संगठन मंत्री कुलदीप मेहता, शैलेन्द्र कुमार सिंह, शंकर कुमार, रॉबिन मुखर्जी व शिनंदन दास, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह, सह कोषाध्यक्ष शंकर सिंह शामिल हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में राधिका सिंह, रामश्रुठ, अनिल राम, कमल सिंह, राजीव कुमार झा, अंजन दास, सीडी सिंह, सुरेश खरवार, अरविंद सहाय, मंगलेश, लाल मोहन महली, देवकुमार बेदिया, बिनोद राय, रेखा कुमारी, रीता देवी, मो. असलम, सुनील महतो, शाहिल कुमार आदि को शामिल किया गया है। इस संदर्भ में यूनियन ने बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित कर पूरी सूची भेजी है। यूनियन ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रबंधन की किसी भी सकारात्मक पहल में यूनियन पूर्ण सहयोग करेगी। पत्र की प्रतिलिपि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीसीएल, रांची), कार्मिक निदेशक (सीसीएल, रांची), क्षेत्रीय श्रम श्रमायुक्त रांची, केंद्रीय अध्यक्ष अझाकोश्र संघ, थाना प्रभारी भुरकुंडा/उरीमारी, क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी बरका-सयाल क्षेत्र, क्षेत्रीय चिकित्सा प्रभारी बरका-सयाल क्षेत्र और सभी परियोजना पदाधिकारी बरका-सयाल क्षेत्र को भी प्रेषित की गयी है।

## उपायुक्त अध्यक्षता में ग्रामीण विकास और जेएसएलपीएस योजनाओं की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) से संबंधित सभी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बिरसा हरित ग्राम योजना, डोभा निर्माण, पलाश मार्ट, दीदी कैफे, सखी मंडल गतिविधियों सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने सभी योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सखी मंडल को आत्मनिर्भर बनाने, आजीविका संवर्धन हेतु ऋण वितरण, दीदी कैफे, पलाश मार्ट, दीदी बागवानी और महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास करने पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान पौधारोपण योजना में 1700 लक्ष्य के विरुद्ध 98 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गयी, जिस पर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए पत्थलगड्डा, हंटरगंज, और कुंदा प्रखंड को शत-प्रतिशत स्वीकृति प्रदान की और गड्ढा खुदाई कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा में टंडवा, प्रतापपुर, कान्हाचट्टी एवं गिद्धौर की प्रगति असंतोषजनक पायी गयी, जिस पर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए अगली बैठक तक शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन खेल मैदानों में चेंजिंग रूम और बाथरूम नहीं हैं, वहां 15वें वित्त आयोग मद से इन सुविधाओं का निर्माण कराया जाये। इस योजना के 523 लक्ष्यों में से 350 खेल मैदान पूर्ण किये जा चुके हैं। साथ ही, उपायुक्त ने मनरेगा अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मियों के ईपीएफ खाते शीघ्र खुलवाने और मनरेगा पार्क निर्माण हेतु स्थल चिन्हित करने का निर्देश सभी प्रखंडों को दिया।

## विद्यालय में ताला तोड़ कर लाखों का सामान ले भागे

**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** कुंदा थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेदवाडीह में चोरों ने ऑफिस का ताला तोड़ कर लाखो रुपये के सामान की चोरी कर ली। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने बताया की जब वे विद्यालय पहुंचा तो दरवाजा खुला था और ताला टूटा हुआ था। सामान इधर उधर बिखरे हुआ था। चुराये गये सामग्री में 5 मॉनेटर, 5 की बोर्ड,5 माउस, सीपीयू, प्रिंटर 1 इन्वर्टर, 1 स्टेबलाइजर , 6 बैटरी समेत अन्य सामान शामिल हैं। वर्ग 6 से 10 तक के कक्षा के बच्चों को कंप्यूटर क्लास की पढ़ाई की जाती है। पुलिस सूचना के मिलने के बाद विद्यालय पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 40 date 09.06.2025. I, Warun Kumar Pandey son of Nageshwar Pandey resident of village Ganwan Malda Pandeydih P.o. Malda, P.s. Ganwan Dist. Giridih do hereby solemnly affirm as follows: 1. That I am aged about 30 years.
2. That Wartika Pandey is my daughter whose date of birth 30.05.2022 is correct.
3. That her name change into Wartika Smriti is true and correct. 4. That my daughter both name is one and same person i.e. my daughter hence this affidavit.
5. That her name Wartika Pandey is wrong and incorrect but actual name is Wartika Smriti is true and correct.
I Warun Kumar Pandey, do hereby declare that the contents of the above affidavit are true to the best of knowledge and belief.

**चक्रधरपुर मंडल में विभिन्न परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना**

सं. कॉम.18/एनएफआर/ई-नीलामी सूची/जुलाई/25 दिनांक: 11.07.2025

यह निर्णय लिया गया है कि प्रेस अधिसूचना/आईआरईपीएस के माध्यम से ई-नीलामी प्रणाली के तहत ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रित की जाए। भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी तरफ से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर मंडल पर निम्नलिखित परिसंपत्ति श्रेणियों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। ई-नीलामी का विवरण इस प्रकार है: **क्रमांक; श्रेणी; कैटलॉग संख्या; नीलामी की तिथि; नीलामी शुरू होने का समय; नीलामी बंद होने का समय; • [1]; पार्किंग; पार्किंग-एमएक्स-जेएसजी; 24.07.2025; 11:30 बजे; 12:00 बजे; • [2]; पार्सल; पार्सल-एसएलआर-7-25; 25.07.2025; 11:00 बजे; 12:20 बजे • [3] ; विज्ञापन; एडीवीटी-सीकेपी-जुलाई25; 25.07.2025; 11:45 बजे; 13:05 बजे; • [4]; पार्किंग; पार्किंग-एमएक्स-एडीटीपी; 25.07.2025; 11:45 बजे; 12:15 बजे; • [5]; खानपान; सीएटीजी-जीएमयू -25; 26.07.2025; 11:30 बजे; 14:30 बजे।** इच्छुक पार्टियां इसका संज्ञान लें और साइट के विवरण और ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें। इस संबंध में ई-नीलामी नोटिस का मसौदा संलग्न है। जिसे https:/www.ireps.gov.in/ वेबसाइट पर अधिसूचित किया गया है।

(PR-393) वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/ चक्रधरपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
06

# ट्रंप का बदला

अमेरिका के सरकारी विभाग इस समय अपने दौर की सबसे बड़ी छंटनी से गुजर रहे हैं। कहने के लिए ट्रंप प्रशासन सिस्टम में सुधार करना चाहता है, लेकिन स्टेट और जस्टिस डिपार्टमेंट में जिस तरह लोगों को टारगेट किया जा रहा है, वह सीधे-सीधे इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बना देता है।

**सबसे बड़ी छंटनी :** ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन ने शुक्रवार को एक ही दिन में स्टेट डिपार्टमेंट के 1300 से ज्यादा कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। यहां से अभी तक 3000 से अधिक कर्मियों को बर्खास्त किया जा चुका है। इसी तरह जस्टिस डिपार्टमेंट में लगातार छंटनी चल रही है। बीते दिनों करीब 20 लोगों को निकाला गया। इनमें वकील, सुरक्षा अधिकारी और सपोर्ट स्टाफ के लोग थे।

**दंगाइयों को माफी :** 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार न करनेवाले डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों ने जनवरी 2021 में यूएस कैपिटल हिल पर हमला किया था। इस हिंसा से पूरी दुनिया स्तब्ध रह गयी थी, लेकिन ट्रंप इसे राजनीतिक विरोध कहते रहे। सत्ता में लौटते ही उन्होंने उस हिंसा में शामिल 1500 से ज्यादा लोगों को माफी दे दी। इसके उलट, उन अधिकारियों को सजा दी जा रही है, जिन्होंने इस मामले की जांच या पैरवी की थी। ट्रंप के निशाने पर वे सभी हैं, जिन्होंने उनके खिलाफ किसी भी फेडरल मुकदमे में कोई भूमिका निभायी थी।

**हार्वर्ड जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी पर लगाई गई बंदिशें हों या खुद का खड़ा किया डीओजीइ - ट्रंप हर जगह पूर्ण नियंत्रण चाह रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं। इससे खुद अमेरिका की छवि को नुकसान पहुंच रहा है।**

**राज्यों में दखल:** डोनाल्ड ट्रंप असहमति की गुंजाइश को खत्म कर रहे हैं, चाहे वह राजनीतिक हो या संस्थागत। यही वजह है कि डेमोक्रेटिक शासित राज्यों से उनका टकराव भी गहराता जा रहा है। हाल ही में जस्टिस डिपार्टमेंट ने मिनेसोटा की भर्ती प्रक्रिया पर जांच बैठायी है। इस राज्य पर ट्रंप प्रशासन की यह तीसरी कार्रवाई है। यह महज संयोग नहीं है कि मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज पिछले साल डेमोक्रेट्स की तरफ से उप-राष्ट्रपति पद के टिकट के दावेदार थे और ट्रंप के आलोचक रहे हैं।

**इमेज को नुकसान :** हार्वर्ड जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी पर लगाई गई बंदिशें हों या खुद का खड़ा किया डीओजीइ - ट्रंप हर जगह पूर्ण नियंत्रण चाह रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं। इससे खुद अमेरिका की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। मानवाधिकार, शरणार्थी नीति और विदेश मामलों से जुड़े विभागों में लगातार कटौती हो रही है। इससे अमेरिका की विदेश नीति को लेकर असमंजस की स्थिति है।

**डर का माहौल:** ट्रंप की कार्रवाई सिस्टम में सुधार लानेवाले नहीं, उसमें डर भरने वाली है। वह सत्ता का केंद्रीकरण कर रहे हैं। उनके कदम इस भरोसे को तोड़ रहे हैं कि प्रशासन निष्पक्षता के साथ और बिना डरे अपना काम कर सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गयी यह इएलआइ योजना महज एक आर्थिक उपाय भर नहीं है - यह भारत की श्रमशक्ति के भविष्य में एक ऐसा रणनीतिक निवेश है, जो सीधे तौर पर सरकार के विकसित भारत@2047 के विजन का समर्थन करता है। इएलआइ देश में रोजगार सृजन का एक प्रमुख उत्प्रेरक बनने जा रहा है। कई अन्य ऐसे देशों के उलट, जहां आबादी शीघ्र ही घटने लगेगी या घट चुकी है, भारत में अभी भी कार्यशील आयु वर्ग की एक ऐसी बड़ी आबादी है, जिसे रोजगार के अधिक अवसरों की जरूरत है।**

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना: नौकरियों, आर्थिक विकास और औपचारिकीकरण की एक उत्प्रेरक



**ज्योति विज**



अब जबकि दुनिया स्वचालन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, भारत सरकार ने हाल ही में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (इएलआइ) योजना को स्वीकृति दी है। यह एक बेहद ही सामयिक और सोचा-समझा कदम है। लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली यह योजना भारत के उभरते रोजगार परिदृश्य, विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, में एक साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप है।

अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गयी यह इएलआइ योजना महज एक आर्थिक उपाय भर नहीं है - यह भारत की श्रमशक्ति के भविष्य में एक ऐसा रणनीतिक निवेश है, जो सीधे तौर पर सरकार के विकसित भारत@2047 के विजन का समर्थन करता है। इएलआइ देश में रोजगार सृजन का एक प्रमुख उत्प्रेरक बनने जा रहा है।

कई अन्य ऐसे देशों के उलट, जहां आबादी शीघ्र ही घटने लगेगी या घट चुकी है, भारत में अभी भी कार्यशील आयु वर्ग की एक ऐसी बड़ी आबादी है, जिसे रोजगार के अधिक अवसरों की जरूरत है। इएलआइ योजना का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच ही नहीं, बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अनौपचारिक कार्य एवं औपचारिक रोजगार के बीच की खाई को पाटना है।

**भारत सरकार ने हाल ही में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (इएलआइ) योजना को स्वीकृति दी है। यह एक बेहद ही सामयिक और सोचा-समझा कदम है।**

रोजगार संबंधी तात्कालिक नतीजों से परे जाकर, इस बात पर गौर करना महत्वपूर्ण है कि इएलआइ योजना विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में भारत की प्रगति को मजबूत करती है।

**इएलआइ योजना भारत की रोजगार नीति की परिपक्वता-अल्पकालिक राहत से हट कर दीर्घकालिक श्रम बाजार के विकास की दिशा में बदलाव को दर्शाती है। ढलती उम्र वाली आबादी के साथ-साथ डिजिटल और हरित बदलावों जैसे व्यापक वैश्विक रुझानों की पृष्ठभूमि में ऐसी कारगर नीतियां अधिक संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सुलभ कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।**

खासतौर पर औपचारिक एवं दीर्घकालिक रोजगार को प्रोत्साहित करके एसडीजी 8 (सभ्य कार्य तथा आर्थिक विकास) और कम वेतन पाने वालों एवं पहली बार नौकरी चाहने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता प्रदान करके एसडीजी 1 (गरीबी उन्मूलन) तथा एसडीजी 10 (असमानताओं में कमी) के संदर्भ में।

आधार-समर्थ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली (डीबीटी सिस्टम) के जरिए इपीएफओ पंजीकरण एवं संवितरण के साथ इस योजना का जुड़ाव न केवल रोजगार सृजन बल्कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार भी सुनिश्चित करता है, जोकि एक न्यायसंगत और समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत द्वारा किये गये ऐसे प्रयासों को मान्यता देते हुए अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) ने हाल ही में भारत की इस उपलब्धि को स्वीकार किया और आधिकारिक तौर पर अपने डैशबोर्ड पर इस तथ्य को प्रकाशित किया कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी (2015 में 19 प्रतिशत की तुलना में), यानी 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में हैं।

मैन्यूफैक्चरिंग पर जोर खासतौर पर स्वागत योग्य है। जैसे-जैसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं नये सिरे से बदल रही हैं, भारत भी कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक रोजगार सृजन का समर्थन करके इएलआइ योजना पीएलआइ योजनाओं, मेक इन इंडिया तथा स्किल इंडिया जैसी मौजूदा पहलों का पूरक बनने के साथ-साथ शहरी एवं अर्द्ध-शहरी, दोनों समूहों में औद्योगिक विकास को गति देगी।

अक्सर लागत संबंधी चिंताओं के कारण औपचारिक भर्ती को बढ़ाने में बाधाओं का सामना करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) को यह योजना महत्वपूर्ण राहत प्रदान करती है।

नियोक्ता-पक्ष के प्रोत्साहन नयी भर्ती की सीमांत लागत को कम करते हैं। इससे विस्तार, औपचारिकीकरण और श्रमशक्ति के उन्नयन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है।

वैश्विक स्तर पर, वेतन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं रोजगार को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुई हैं।

जर्मनी जैसे देश अप्रेंटिसशिप और दीर्घकालिक भर्ती के लिए नियोक्ता सब्सिडी प्रदान करते हैं। दक्षिण कोरिया युवा एवं वृद्ध श्रमिकों के नियोक्ताओं को लक्षित वेतन सहायता प्रदान करता है। सिंगापुर कौशल के उन्नयन (अपस्किलिंग) और रोजगार को कायम रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्य अवसर कर क्रेडिट (डब्ल्यूओटीसी) की व्यवस्था है, जो वंचित समूहों के व्यक्तियों की भर्ती करने वाले नियोक्ताओं को पुरस्कृत करता है। भारत की इएलआइ योजना हमारे विशाल अनौपचारिक श्रम बाजार, जनसांख्यिकीय लाभांश और डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार जैसी स्थानीय जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर की सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का समावेश करती है।

इएलआइ योजना भारत की रोजगार नीति की परिपक्वता - अल्पकालिक राहत से हट कर दीर्घकालिक श्रम बाजार के विकास की दिशा में बदलाव - को दशार्ती है। ढलती उम्र वाली आबादी के साथ-साथ डिजिटल और हरित बदलावों जैसे व्यापक वैश्विक रुझानों की पृष्ठभूमि में ऐसी कारगर नीतियां अधिक संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सुलभ कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। फिक्की में, हम अपने सदस्यों से इस योजना का सदुपयोग करने हेतु आगे आने का आग्रह करते हैं।

नियोक्ताओं, खास कर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) से जुड़े को इसे वित्तीय लाभ से कहीं आगे बढ़कर देखना चाहिए। यह योजना परिचालन को बढ़ाने, युवा प्रतिभाओं का दोहन करने, वेतन भुगतान प्रणाली (पेरोल) का औपचारिकीकरण करने और स्थायी आर्थिक मूल्य सृजित करने का एक उपकरण है। उद्योग जगत के एक शीर्ष चैंबर के रूप में, फिक्की इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**(लेखिका : महानिदेशक, फिक्की हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## खोड़ी पहाड़ी मेला में शामिल हुए शिक्षा मंत्री नगाड़ा बजाकर पाता नाच का उठाया आनंद



**चाकुलिया/ जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में रेंगड़ा बुरु बोंगा के उपलक्ष्य में खोड़ी पहाड़ी संस्कृति रक्षा कमेटी द्वारा खोड़ी पहाड़ी मेला का आयोजन किया गया। सोमवार को मेले में मुख्य अतिथि झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, विशिष्ट अतिथि बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती सम्मानित अतिथि पूर्व विधायक सह झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल सारंगी समेत कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर मंत्री श्री सोरेन ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर सांस्कृतिक संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन ने उपस्तित अतिथियों संग नगाड़ा बजाकर पारंपरिक पाता नाच का आनंद लिया। मौके पर मंत्री ने लोगों से अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने की अपील की।

## रेड क्रॉस सोसाइटी का नेत्र शिविर 19 से



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पूर्वी सिंहभूम के द्वारा राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में स्व द्रोपदी देवी और चिमनलाल भालोटिया की स्मृति में 775 वां नेत्र शिविर नेत्र रोगियों की विदाई के साथ सम्पन्न हुआ। सोमवार को डॉ बीपी सिंह और उनकी टीम ने मरीजों के आंखों की पट्टी खोलकर जांच की। रेड क्रॉस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने मरीजों को काला चश्मा व दवाएं दीं और नेत्र देखभाल की जानकारी दी। अगला नेत्र शिविर 19 से 21 जुलाई तक समाजसेवी कृष्ण मुरारी गुप्ता के 75वें जन्मदिन पर बागबेड़ा में आयोजित होगा। वहीं भारी बारिश से बहरागोड़ा प्रखंड में 40 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त होने पर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सह जिले के डीसी कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर रेड क्रॉस सोसाइटी ने 40 परिवारों के लिए तिरपाल भेजा। मानद सचिव विजय कुमार सिंह के द्वारा बहरागोड़ा शाखा की सचिव डॉ बीनी षाड़ंगी को तिरपाल सौंपा गया।

## आज बंद रहेंगे जमशेदपुर के सारे स्कूल, आदेश जारी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के तमाम स्कूल 15 जुलाई को बंद रहेंगे। जिले के डीसी कर्ण सत्यार्थी के आदेश से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जारी आदेश के अनुसार जिले में मंगलवार को मूसलाधार बारिश हो सकती है। इसको लेकर मौसम विभाग ने भारी बारिश का यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा ठनका भी गिर सकता है। बारिश और ठनका से किसी तरह की अनहोनी न हो, इसको लेकर डीसी ने स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है। अधिसूचना के मुताबिक मौसम विभाग ने 15 जुलाई को जिले में मूसलाधार बारिश की संभावना जताते हुए जमशेदपुर को रेड जोन में चिन्हित किया है।

## 62 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप और टैब के साथ चोर गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के आमदा ओपी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के 62 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप और एक टैब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान आमदा गांव के मोदी मोहल्ला निवासी हिमांशु मोदी उर्फ रचित के रूप में की गयी। मौके पर सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सेवईया ने बताया वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए करीब 10 लाख मूल्य का सामान के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसमे चोरी के 62 मोबाइल फोन,दो लैपटॉप और एक टैब शामिल है। बरामद मोबाइल कहां से लाये गये, इसके पीछे कौन गिरोह का हाथ है, इसकी जांच की जा रही है। चोरी की घटना में शामिल अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। छापेमारी दल में सर्किल इंस्पेक्टर नितिन कुमार सिंह, खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार, आमदा ओपी प्रभारी रमन कुमार विश्वकर्मा समेत अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

## जन कल्याण संघर्ष समिति का विरोध प्रदर्शन आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बागुनहातु जन कल्याण संघर्ष समिति ने बैठक कर तीन सूत्री मांग को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। सोमवार को जानकारी देते हुए कहा समिति के सदस्य और प्रभावित लोग 15 जुलाई को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत अपेक्षित सहायता नहीं मिलने के विरोध में ज्ञापन सौंपेंगे।समिति का कहना है जिन लाभार्थियों को सीएसआर योजनाओं से मदद मिलनी थी वे अब तक वंचित हैं। इसी को लेकर समिति प्रशासन और संबंधित कंपनियों का ध्यान आकृष्ट करेगी। ताकि प्रभावित लोगों की आवाज व्यापक स्तर तक पहुंच सके।

## कुकड़ू प्रखंड के मध्य विद्यालय से शिक्षक का तबादला, विरोध में दर्जनों विद्यार्थी पहुंचे कार्यालय



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** कुकड़ू प्रखंड के मध्य विद्यालय में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राएं अपने शिक्षक संजीव बनर्जी के तबादले के विरोध में बिना किसी निगरानी के स्कूल छोड़कर पैदल ही प्रखंड कार्यालय पहुंच गये। छात्रों ने कहा कि संजीव बनर्जी पढ़ाई में कुशल और व्यवहार में प्रेरणादायक शिक्षक हैं। इसलिए उनका तबादला रद्द कर उन्हें वापस बुलाया जाये। लेकिन बच्चों का यूं सड़क मार्ग से बिना किसी सुरक्षा स्कूल से निकल जाना अभिभावकों और ग्रामीणों के बीच चिंता का विषय बन गया। स्थानीय लोगों ने विद्यालय प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा बच्चों की भावनाएं अपनी जगह सही हैं।लेकिन उनकी सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।इधर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैलाश मिश्रा ने कहा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अगर बच्चों को बिना अनुमति के बाहर जाने दिया गया तो जिम्मेदार शिक्षकों और प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा स्कूल अवधि में बच्चों को बाहर भेजने से पहले अभिभावकों की सहमति और प्रशासन की स्वीकृति जरूरी है। यह घटना स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ी कर दी है।

## सरयू राय ने तारापुर में कराया रुद्राभिषेक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को मुंगेर के तारापुर में रुद्राभिषेक कराया और मानव मात्र की कल्याण की कामना की। वह रविवार को ही तारापुर पहुंच गये थे। उन्होंने वहां बोल बम सेवा ट्रस्ट, जमशेदपुर की तरफ से आयोजित शिविर में कांवड़ियों की सेवा की। सरयू राय ने सोमवार को भी शिविर में कांवड़ियों की सेवा की। उन्हें पानी पिलाया, भोजन कराया। कांवड़ियों को उन्होंने हौसला दिया। उनके साथ कुछ दूर तक चले भी। सरयू राय से मिलने तारापुर के विधायक राजीव कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने श्री राय का अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। सरयू राय के बेगूसराय से पधारे मित्र विनोद हिसारिया भी उनके साथ लोगों को भोजन कराने में जुटे रहे। सोमवार की सुबह रुद्राभिषेक करने के बाद विधायक सरयू राय, 108 कृष्ण काली भगवती हरवंशपुर तेलडीहा राजेश्वरी राजेंद्र सिंहद्वार परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उनके साथ बोल बम सेवा ट्रस्ट से जुड़े लोग भी थे।

## शिक्षा मंत्री ने हंस रीजनल केयर सेंटर का किया उद्घाटन



**आजाद सिाही संवाददाता**

**घाटशिला/ जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में हंस फाउंडेशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से हंस रीजनल केयर सेंटर का भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री सह विधायक रामदास सोरेन शामिल हुए। मौके पर मंत्री रामदास सोरेन के कर कमलों द्वारा हंस रीजनल केयर सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र घाटशिला क्षेत्र के ग्रामीणों को उन्नत और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायेगी। शिक्षा मंत्री श्री सोरेन ने कहा यह सिर्फ एक चिकित्सा केंद्र नहीं बल्कि क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य, विश्वास और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।मौके पर पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला परिषद अध्यक्षा बारी मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, वरिष्ठ नेता काजल डॉन, प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा चरण मुर्मू, उपाध्यक्ष हीरा सिंह, कोषाध्यक्ष बाबूलाल मुर्मू, वरिष्ठ नेता विकास मजूमदार, मो जलील समेत सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सौंडिक कल्याण परिषद के प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी बच्चों को मिला मंच



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सौंडिक (सूडी) कल्याण परिषद जमशेदपुर के तत्वावधान में साकची स्थित एक होटल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।सोमवार को आयोजित समारोह में समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। मौके पर शाम्भवि जायसवाल, किशन कुमार, आदित्या ज्योति, याशिका राज, शताक्षी और तनिश्क राज समेत कई प्रतिभाशाली बच्चों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र सौपा गया।इस अवसर पर उपस्तित वक्ताओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों से कहा वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। उनकी प्राकृतिक प्रतिभा को निखारने में सहयोग करें।वही सम्मानित बच्चों ने भी अपनी सफलता की कहानी साझा कर अभिभावकों और समाज को धन्यवाद दिया।परिषद के संरक्षक दिनेश साह और प्रो. बी.एस. मंगलमूर्ति ने नई कमिटी की सराहना करते हुए कहा परिषद ने निष्क्रियता से बाहर निकलकर समाज को नई ऊर्जा दी है। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से अन्य बच्चों में भी प्रोत्साहन बढ़ेगी। इस अवसर पर भास्कर, ज्योति भगत, सुनील गुप्ता, डा. अभिषेक जायसवाल, डा. ओजस्वी शंकर, अजय कुमार समेत अन्य वक्ताओं ने बच्चों को सकारात्मक माहौल देने पर जोर दिया।अध्यक्ष शशि नाथ साहा ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन अमन कुमार निराला और शैलेश ने की। मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## डीएवी में नये प्राचार्य के रूप में राजेश ने योगदान किया



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप में नये प्राचार्य के रूप में डीएवी भंडारीदह के प्रिंसिपल राजेश कुमार सिंह ने योगदान किया। पूर्व प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ विद्यालय के मुख्य द्वार पर सिंह का स्वागत किया तथा विद्यालय के बच्चों ने तिलक चंदन लगाकर उन्हें विद्यालय प्रांगण में प्रवेश कराया। पूर्व प्राचार्य ने इस विद्यालय की उपलब्धियां को बताते हुए कहा कि आप बहुत अच्छे स्कूल में योगदान किए हैं यहां के सभी शिक्षक कर्मठी एवं परिश्रमी है। नए प्राचार्य सिंह ने सभी शिक्षकों को आश्वासन दिया कि विद्यालय अभी जिस स्थिति में है इससे और आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा। इसमें आप सभी शिक्षकों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### प्रमंडल स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# अंडर 17 में गढ़वा बना चैंपियन

- राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी प्रतियोगिता में गढ़वा और लातेहार जिला के खिलाड़ी होंगे शामिल
- राज्य स्तर पर भी प्रमंडल का नाम रोशन करेंगे: डीइओ
- खिलाड़ियों ने अनुशासन, जोश और खेल कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया: डीएसई



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 64वीं प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर-17 एवं अंडर-15 बालक वर्ग की टीमों ने भाग लिया। अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में गढ़वा ने पलामू को 3-2 से हराकर वही अंडर 15 आयु वर्ग में लातेहार की टीम ने पलामू को 3-0 से हराकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मैं अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा और जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने विजेता और उपविजेता का ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने कहा कि गढ़वा जिले के बच्चों में खेल के प्रति जो जुनून और प्रतिभा है, वह वाकई प्रशंसनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर भी प्रमंडल का नाम रोशन करेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक संतुलन, अनुशासन और टीम भावना को भी बढ़ावा देता है। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सह खेल प्रभारी कुलदीपक अग्रवाल ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता आप सभी की कड़ी मेहनत और लगन का प्रतिफल है। उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं दीं और बताया कि सभी प्रमंडल स्तरीय विजेता टीमें अब 16 जुलाई को राज्य स्तरीय मुकाबले में भाग लेंगी।

अंडर-17 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला गढ़वा और पलामू के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 की बराबरी पर रहा। मैच का फैसला टाई-ब्रेकर में हुआ, जिसमें गढ़वा ने 3-2 से जीत दर्ज कर प्रमंडल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। अंडर-15 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला लातेहार और पलामू के बीच खेला गया। जिसमें लातेहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पलामू को 3-0 से पराजित किया और विजेता का खिताब अपने नाम किया।

दोनों ही फाइनल मैच रोमांचक और दर्शनीय रहा, जिसमें खिलाड़ियों ने अनुशासन, जोश और खेल कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस मौके पर एपीओ शैलेंद्र कुमार, मनोज मिश्रा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, पूनम श्री, कविता कुमारी, संकुल साधन सेवी सह मिडिया प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, अश्विनी कुमार, विकास पांडे, राजेश कुमार पांडेय, शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी, आलोक कुमार श्रीवास्तव, अरविंद कुमार जगरनाथ राम सहित सभी अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह सामाजिक सरोकारों पर होगा संवाद

- सामाजिक कार्यकर्ताओं और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को किया गया आमंत्रित




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बुधवार 16 जुलाई को प्रस्तावित कॉफी संवाद में अनुमंडल क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओंऔर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को सादर आमंत्रित किया गया है। इस विशेष संवाद में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सोशल मीडिया एक्टिविस्ट्स के साथ विभिन्न समसामयिक सामाजिक मुद्दों पर खुले विचार-विमर्श और सुझावों का आदान-प्रदान किया जायेगा। संजय कुमार ने बताया कि इस सप्ताह के कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन और समाज में निस्वार्थ भाव से सक्रिय स्वैच्छिक लोगों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि जमीनी स्तर की सामाजिक समस्याओं को बेहतर ढंग से समझा जा सके और उनके प्रभावी समाधान की दिशा में ठोस पहल की जा सके।

एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि पिछले 6 माह से चल रहे इस संवाद कार्यक्रम का मूल उद्देश्य प्रशासनिक निर्णयन में जन भागीदारी को बढ़ावा देना और प्रशासन को अधिक समावेशी, सहभागी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है। इस संबंध में उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, एनजीओ, सामाजिक कार्यकताओं और सोशल मीडिया पर सकारात्मक रूप से सक्रिय रहने वाले इनफ्लुएंसर्स से अपील की है कि वे बुधवार 16 जुलाई को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय में अपनी उपस्थिति जरूर दर्ज करायें।

## परिवार कल्याण दिवस का आयोजन



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम जनेवा के आंगनवाड़ी केंद्र में सोमवार को परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एएनएम, सीएचओ एवं बीटीटी के द्वारा की गयी, जिसमें उपस्थित महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि लड़कियों की न्यूनतम विवाह आयु 18 वर्ष एवं लड़कों की 21 वर्ष होनी चाहिए। साथ ही, विवाह के दो साल बाद पहला बच्चा और पहले तथा दूसरे बच्चे के बीच कम से कम तीन साल का अंतर रखने की सलाह दी गयी। जागरूक महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार भी वितरित किये गये। मौके पर सरोज खाखा, मोनिका टोप्पो, सहीया राजमती देवी, तारा देवी, आंगनबाड़ी सेविका समेत कई महिलाएं उपस्थित थीं।

## मोबाइल की बैटरी फटने से लगी आग दुकान में लाखों की संपत्ति हुई खाक



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना क्षेत्र के बघवार गांव में सोमवार की सुबह मोबाइल बैटरी फटने से मोबाइल दुकान में आग लग गयी और लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गयी। बसंत पासवान के पुत्र राजन पासवान (22 वर्ष) ने बताया कि वे अपने घर में ही मोबाइल रिपेयरिंग और रिचार्जिंग का कार्य करते थे। आगजनी में दुकान में रखे 40-50 मोबाइल, 30,000 से 35,000 रुपये नकद, एक कंप्यूटर और वाहन के दस्तावेज जलकर राख हो गये।

## सीएस से मिले नीमा के चिकित्सक, अस्पताल के बंद पड़े उपकरणों को चालू करवाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** नेशनल इंटिग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के चिकित्सक गढ़वा के नव पदस्थापित सिविल सर्जन डॉक्टर जॉन एफ कैनेडी से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और बधाई दी। साथ ही जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद जतायी।

नीमा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ पातंजली केशरी ने औपचारिक मुलाकात के दौरान कहा कि नए सीएस जॉन एफ कैनेडी से गढ़वा के लोगों की उम्मीदें बंधी है। ससमय इलाज के साथ अस्पताल में बंद पड़े उपकरणों को चालू कराने में यथासंभव पहल करेंगे। यहां पर ससमय बेहतर इलाज संभव हो सकेगा। रेफर मरीज को बाहर जाने में परेशानी नहीं होगी।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉक्टर अनिल साव ने जिले के सभी अस्पतालों में मौसम को देखते हुए पर्याप्त दवा उपलब्ध कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बरसात की शुरूआती दिनों में संक्रमण जनित बीमारियां बढ़ जाती है। इस स्थिति में कुएं में ब्लीचिंग पाउडर, घरों में डीडीटी का छिड़काव की जरूरत है। लोगों को मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी वितरण किया जाना भी आवश्यक है। सिविल सर्जन जॉन एफ कैनेडी ने सबों को आश्वस्त किया कि मरीज की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र से आनेवाले मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसका खास ख्याल रखा जायेगा। परामर्श, जांच, दवा की समुचित व्यवस्था की जायेगी। मौके पर प्रदेश संरक्षक संजय जयसवाल, डॉक्टर आशीष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ट्रक ने बाईक सवार को कुचला, मौत

रंका (आजाद सिपाही)। गढ़वा-अंबिकापुर एनएच 343 पर रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदरमाना मचिला महुआ के पास गोदरमाना की ओर से रंका गढ़वा की ओर आ रही एक अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को बुरी तरह से कुचल दिया। जिससे उस व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि साथ में पीछे बैठी पत्नी का दाहिना पैर घुठी तक कुचल गया और स्थिति नाजुक बनी हुई है। मृतक का नाम तेजू यादव (50 वर्ष लगभग) और पत्नी का नाम सुनैना देवी बताया जाता है जो धुरकी थाना क्षेत्र के धोबनी गांव के निवासी हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुनैना देवी को इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया है। मृतक रमकंडा थाना के बलीगढ़ गांव से अपनी बेटी दामाद संदीप यादव के घर से लौटकर अपने घर जा रहा था। ट्रक भागने में सफल हो गयी है।

## मझिगावां से कांवरियों का जत्था रवाना



कांडी (आजाद सिपाही)। पवित्र सावन माह की शुरूआत के साथ ही कांडी प्रखंड क्षेत्र में भोलेनाथ की भक्ति का माहौल बन गया है। सोमवार को प्रखंड अंतर्गत मझिगावां पंचायत से दर्जनों कांवरियों का एक जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए श्रद्धाभाव के साथ रवाना हुआ। हाथों में कांवर लिए, तन पर भगवा वस्त्र धारण किए और ₹बोल बम₹ के गगनभेदी जयकारों के साथ भक्तों ने अपनी यात्रा का शुभारंभ किया। रवाना होने से पूर्व कांवरियों ने पंचायत क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े शिवालयों, मंदिरों तथा देवी स्थलों पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया। साथ ही घर-परिवार के बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त कर पूरे उत्साह व उमंग के साथ भक्तजन बाबा धाम के लिए प्रस्थान कर गए। बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कांडी प्रखंड क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं को लेकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ की नगरी में जलार्पण करने जाते हैं। सावन माह में यह परंपरा पूरे क्षेत्र की धार्मिक आस्था और एकजुटता का प्रतीक बन चुकी है।इस बार रवाना हुए जत्थे में सत्राजित बम, बसंत बम, अरुण बम, कुंदन बम, तुषार बम, लोकनाथ बम, मंजेश बम, सुरेंद्र, रोहित, राधेश्याम, नरेंद्र, बबलू, शिवपूजन, हृदन, सुनील व रामनाथ बम सहित कई श्रद्धालु शामिल थे। गांव से निकलते वक्त ग्रामीणों ने कांवरियों का उत्साहवर्धन किया और मंगल यात्रा की कामना की।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)
लाईन टैंक रोड,
लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं0 : 834001
ई–मेल : eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in

पत्रांक : दिनांक :

प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना में संशोधन

दिनांक–12.07.2025 को PR No. – 357043 Road (25-26)_D से प्रकाशित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RCD/RANCHI(GRAMIN)-02/2025-26, Dt. 10.07.2025 के क्रम संख्या–01 पर अंकित कार्य–"सिल्ली–रंगामाटी–टीकर पथ के कि०मी० 0.00 से 19.00 तक में साधारण मरम्मति कार्य" एवं क्रम संख्या–02 पर अंकित कार्य–"सिल्ली–रंगामाटी–टीकर पथ के कि०मी० 20.00 से 39.00 तक में साधारण मरम्मति कार्य" को प्रशासनिक दृष्टिकोण से Revoke/Cencelled/निरस्त किया जाता है।

2. पूर्व में प्रकाशित निविदा के कार्य सख्या–03 से 23 तक में अंकित शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)

PR 357303 (Road)25-26*D

## नर्वदेश्वर शिव मंदिर के 20 वें स्थापना दिवस पर रुद्राभिषेक का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के सहिजना मोहल्ला स्थित प्राचीन नवदेश्वर शिव मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान बनारस से पधारे आचार्य पंडित रोहित दीक्षित, संजय पांडेय, और मनोज मिश्रा पंडित जी के नेतृत्व में पूजन एवं रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। बनारस से पहुंचे विद्वानों ने कहा कि भगवान शिव की रूद्र पूजा और रुद्राभिषेक करने से या उसमें शामिल होने मात्र से मनुष्य के सभी कष्टों का निवारण होता है। पूजा के दौरान लिये गये संकल्प को भगवान शिव उसे जरूर पूरा करते हैं। इस मौके पर विशेष रूप से अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, मनोज पाठक, मुकेश सिन्हा, राजू सिन्हा, अजीत सिन्हा, दिनेश्वरी सहाय, अनिल सिन्हा, प्रो उमेश सहाय, बृजमोहन प्रसाद, गुड्डू तिवारी, रामाधार सिंह, संजू सिंह, आलोक, नीरज, निखिल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



- शिविर में 170 मरीजों की जांच की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एकल विद्यालय और राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को चिरौंजिया स्थित पंचायत भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिरौंजिया के मुखिया श्रीकांत दुबे एवं ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जांच शिविर में लगभग 170 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी। चिरौंजिया पंचायत के मुखिया श्रीकांत दुबे ने कहा कि हमें अपना बीपी, शुगर सहित अन्य शारीरिक जांच नियमित रूप से करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन मन के लिए नियमित व्यायाम के साथ समय पर भोजन और नींद भी जरूरी है। आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि हेल्थ इज रियल वेल्थ। स्वास्थ्य उत्तम धन है। हमें इसकी रक्षा करनी चाहिए। इसकी समुचित देखभाल के लिए समय-समय पर जांच कराना अनिवार्य है। मौके पर वार्ड मेंबर नौशाद आलम, डॉक्टर अंजलि, सुनील कुमार, राजू, श्वेता देवी, रामनाथ, मुकेश, राममणि, संगीता, निरेखा, रंजना, मो जावेद, संतोष सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## दो गांवों में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव व रानाडीह पंचायत के रामबांध गांव में एसबीआई फाउंडेशन के तहत स्वंय सेवी संस्था रोज के तत्वावधान में यह शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अधौरा में 30 व रामबांध गांव में 19 मरीज का जांच कर उन्हें दवा व उचित सलाह दी गयी। मालूम हो कि कांडी प्रखंड में सरकार की ओर से स्वास्थ्य सुविधा शून्य है। स्वास्थ्य जांच शिविर में लैब टेक्नीशियन राहुल कुमार, एएनएम प्रतिमा श्रीवास्तव फार्मासिस्ट नीरज कुमार स्वास्थ्य सहिया रीता कुंवर उपस्थित थे।

## भगवान शिव की आराधना से समस्त कष्ट दूर होते हैं : महंत केशवनारायण



- श्रावण पहली सोमवारी पर भव्य कलश यात्रा
- हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा मंझिआंव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मंझिआंव (गढ़वा)।** श्रावण मास की पहली सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण माहौल देखने को मिला। चंदरी स्थित शिवमंदिर, आछोडीह, मझिगांवा से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने भाग लिया। कलश यात्रा की अगुवाई श्री श्री 108 महंत केशवनारायण दास जी महाराज ने की। बताते चलें कि सुबह संगम तट (कोयल नदी) से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भक्तों ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद कलश यात्रा की शुरूआत अलग-अलग देवस्थलो से हुई। भगवा वस्त्रों में सजे श्रद्धालु, सिर पर कलश लिए, पूरे भक्तिमय वातावरण में बाजे गाजे के साथ 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा के समापन पर देवालय में कलश स्थापना की गयी, जहां वैदिक मंत्रों के साथ विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान महंत केशवनारायण दास जी ने श्रावण मास की महत्ता को बताते हुए कहा कि इस माह में भगवान शिव की आराधना से समस्त कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दौरान भक्ति और सेवा की अद्भुत झलक देखने को मिली। यात्रा शांतिपूर्ण और भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। वहीं इस भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालू उपस्थित थे।

## शिवालयों में हर- हर महादेव की गूंज



सगमा (आजाद सिपाही)। श्रावण मास की प्रथम सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र में स्थापित शिव मंदिरों में देवाधिदेव महादेव पर जलाभिषेक किया गया। इस क्रम में प्रमुख रूप से सगमा, शारदा, बीरबल, घघरी, पूतूर बैलीया दुसैया मकरी चैनपुर गांव में सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा।

## पहली सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में पहली सोमवारी को श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी गयी। सबसे अधिक भीड़ प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल में देखी गयी। जहां पर अहले सुबह से ही लोगों की भीड़ आनी शुरू हो गयी थी। उधर प्रखंड के गरदाहा मठ, भिलमा शिव मंदिर, चोका, खरौंधा, कांडी, सड़की, अधौरा, रानाडीह, शिवपुर, लमारी, चटनियां सहित सभी गांव व टोलों पर स्थित शिव मंदिर व शिव चबूतरा पर पहली सोमवारी की पूजा संपन्न हुआ।

## मेराल के शिवालियों में लगी रही शिव भक्तों की भीड़



मेराल (आजाद सिपाही)। पवित्र श्रावण मास के पहला सोमवारी को प्रखंड के सभी शिवालयों, मंदिरों में भक्तों की भीड़ दिन भर देखी गयी। कुछ मंदिरों में विशेष पूजा और रुद्राभिषेक का भी आयोजन किया गया। ऐसी मान्यता है कि सावन के सोमवार को भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और सुख-समृद्धि आती है।

## शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सावन मास की पहली सोमवारी को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पहली सोमवारी को लेकर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिव पहाड़ी गुफा, कड़ियां धाम, पहाड़ी शिव मंदिर, सिंघीताली, अरसली नाग स्थान, टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर, शिवा ढोढा मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही।

Jharkhand UrjaSancharan Nigam Limited
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Office of the General Manager, Transmission Zone-III, Jamshedpur
132/33 KV. Grid Campus Gamharia, P.O- Gamharia, Distt- Seraikella-Kharsawan, Pin- 832108
e mail id: tz3jsr_jusnl@rediffmail.com

NOTICE INVITING TENDER

Sealed tenders are invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super scribed with NIT No. and Part from reputed and experienced agencies/ firms for the following works :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of B.O.Q | E/M to be deposited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 274/PR/JUSNL/2025-26 | Requirement of safety materials and other items at 132/33 kV GSS, Adityapur-I. | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 19,600.00 |
| 2. | 275/PR/JUSNL/2025-26 | Urgent requirement of cooling fan for Power Transformer of 220/132 kV GSS, Adityapur-II (RCP). | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 19,900.00 |
| 3. | 276/PR/JUSNL/2025-26 | Urgent requirement of spare materials for the control panel and other associated equipments at 132/33 kV GSS, Jadugoda. | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 19,500.00 |
| 4. | 277/PR/JUSNL/2025-26 | Urgent requirement of 132 kV Transmission line materials for maintenance work under Transmission Sub-division, Dhalbhumgarh. | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 14,800.00 |
| 5. | 278/PR/JUSNL/2025-26 | Urgent requirement of consumable items for day to day maintenance work at 132/33 kV GSS, Mango (Baliguma). | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 19,500.00 |
| 6. | 279/PR/JUSNL/2025-26 | Urgent requirement for smooth running and operation of Transmission Central Store, Jamshedpur at Adityapur. | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 19,500.00 |

1. Start date for sale of tender documents :- 16.07.2025 from 02:00 PM
2. Last date for sale of tender documents :- 07.08.2025upto 03:00 PM
3. Last date & time of submission of tender document :- 08.08.2025upto 03:00 PM
4. Due date & time of opening of tender document Part-I :- 11.08.2025at 11:00 AM
5. Tender documents along with terms and conditions can be purchased from the office of General Manager, Transmission Zone-III, Jamshedpur on payment of cost of BOQ (Non-refundable) either in cash or in shape of D.D drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-III Jamshedpur payable at Jamshedpur on any working day.
6. No postal transaction of purchase/ submission of tender documents shall be entertained.
7. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
8. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 7008766561/9771790288

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-III, Jamshedpur

PR 357288 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

## किस्को में घरेलु विवाद में युवक ने खाया जहर

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत बंजारा गांव में सोमवार को पति-पत्नी के बीच कहासुनी के बाद पति ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों के अनुसार, सोमवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे पत्नी से घरेलू विवाद के दौरान पति ने यह कदम उठाया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने स्थिति को गंभीर मानते हुए बिना देर किये उसे लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां तैनात चिकित्सकों ने त्वरित इलाज शुरू किया। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर अस्पताल लाये जाने के कारण उसकी जान बच गयी और अब उसकी हालत खतरे से बाहर है। परिजनों के अनुसार, पति और पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से आपसी तनाव चल रहा था, जो सोमवार को बढ़ गया। इसी बीच भावनात्मक आवेश में आकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। फिलहाल उसका इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में जारी है और चिकित्सकों की निगरानी में वह अब स्थिर है।

# पीसीसी सड़क निर्माण में गड़बड़ी कीचड़ युक्त मिट्टी में की जा रही ढलाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र मे भ्रष्टाचार एक और पोल खुलती नजर आ रही जंहा सड़क निर्माण कार्य में लीपापोती जैसी स्तिथि देखने को मिल रही है। दरअसल रेलवे कॉलोनी स्तिथ रेलवे स्कूल के पीछे बन रहे सड़क निर्माण कार्य में जमकर अनिमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है।जिसे लेकर स्थानीय लोगो मे नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लाखो रुपये की लागत से निर्माणाधीन पीसीसी सड़क निर्माण में वाइब्रेटर नहीं चलाने, कीचड़ युक्त मिट्टी में ढलाई कराने, स्टिमेट के अनुरूप कार्य नहीं कराने और ना ही ढलाई के समय अधिकारी की मौजूदगी न रहने से स्थानीय लोगो में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। उधर ठेकेदार रविन्द्र प्रसाद की मनमानी से नाराज ग्रामीणों ने रेलवे के उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

वहीं दूसरी और इस संबंध में जब आइओडब्ल्यू अधिकारी पारस गुप्ता से जब दूरभाष पर बात किया गया तो उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि गुणवत्ता पूर्ण किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा जैसा भी काम हो रहा है बेहतर हो रहा है। हमलोगों का दूसरे विभाग से अलग स्टिमेट होता है।

इसके अलावे एडीईएन मनोहरलाल से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि हमें इसकी जानकारी नहीं है। हम छुट्टी में है।

# बारेसाढ़ में 12 फीट लंबे अजगर को किया गया रेस्क्यू



आजाद सिपाही संवाददाता

**बारेसाढ़/ लातेहार।** सोमवार की तड़के सुबह 5 बजे बारेसाढ़ के टोला परेवाटांड़ निवासी अर्जुन सिंह ने वन विभाग को सूचना दी कि उनके घर के पीछे लगे पुवाल के ढेर में एक विशाल अजगर (बोरा) सांप छिपा हुआ है। सांप का आकार करीब 12 फीट लंबा, वजन लगभग 18 किलोग्राम और मोटाई घर में लगने वाले मोटे कंडी के बराबर बताया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम तुरंत सक्रिय हुई। फॉरेस्टर परमजीत तिवारी के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम में वाइल्डलाइफर शेरा गुप्ता, ट्रैकर अमन कुमार एवं क्यूआरटी सदस्य मुखराज यादव और लक्ष्मण यादव, ग्रामीण आकाश कुमार मौके पर पहुंचे। करीब 30 मिनट के संयमित प्रयास के बाद अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया गया। बाद में अजगर को कुम्हरमारा जंगल क्षेत्र में ले जाकर सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। फॉरेस्टर परमजीत तिवारी ने बताया कि यह एक सामान्य भारतीय अजगर था, जो पूरी तरह से संरक्षित प्रजातियों में शामिल है। ग्रामीणों को डरने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि ऐसे मामलों में वन विभाग को तुरंत सूचना देना सबसे सही कदम होता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बारिश के इस मौसम में अजगर और अन्य वन्यजीवों की मानव बस्तियों में आमद बढ़ जाती है, ऐसे में सावधानी रखें।

## डूमरटोली में वज्रपात से बच्चे की मौत

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बूटी डूमर टोली गांव में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक 12 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गयी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक बालक की पहचान गांव निवासी महावीर उरांव के पुत्र संतोष उरांव के रूप में की गयी है। बताया जा रहा है कि संतोष अपने घर के समीप खेल रहा था, तभी तेज बारिश के साथ अचानक वज्रपात हुआ और वह इसकी चपेट में आ गया। घटना के समय घर के सभी सदस्य खेतों में काम कर रहे थे। बच्चे की हालत बिगड़ते देख ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे निजी वाहन से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वज्रपात से एक बालक की मौत हुई है, मामले की जांच की जा रही है।

## डीसी से सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच, लोहरदगा के अध्यक्ष शकील अख्तर ने उपायुक्त से मांग की है कि जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जन सूचना पदाधिकारी, प्रथम अपीलीय पदाधिकारी एवं सहायक लोक सूचना पदाधिकारी का नाम, पदनाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित सूचना पट्ट (बोर्ड) अनिवार्य रूप से लगाया जाये। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले के अधिकांश सरकारी कार्यालयों में इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी बोर्ड के रूप में प्रदर्शित नहीं की गयी है, जिससे आम जनता को सूचना प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। अधिकारी भी सही जानकारी नहीं देते और अपील की प्रक्रिया की जानकारी के अभाव में कई आवेदन खारिज कर दिये जाते हैं। शकील अख्तर ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन सही तरीके से नहीं हो रहा है। यदि कार्यालयों में स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाया जाए तो आम नागरिकों को सुविधा होगी और प्रशासनिक पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच ने जनहित में उपायुक्त से आग्रह किया है कि पूरे लोहरदगा जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में यह व्यवस्था शीघ्र लागू की जाये।

## मृतक के परिजनों से सांसद प्रतिनिधि ने की मुलाकात, दिया मदद का भरोसा



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड क्षेत्र में बिगत रविवार को दोपहर बाद मूसलाधार बारिस के साथ हुई वज्रपात से हनहट निवासी 30 वर्षीय आरती मुंडा पति संजय मुंडा का देहांत हो गया। साथ ही साथ मोख्तार अंसारी और बालो महतो का एक एक गाय की मृत्यु हो गयी। जिसकी सूचना मिलने पर सांसद सुखदेव भगत के प्रखंड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी घटना की जानकारी सांसद सुखदेव भगत और जिला प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु को दिये और सोमवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त किया और दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ होने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि घटना की सूचना सांसद को दे दी गयी है उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने भरोसा दिये हैं अभी वे दिल्ली में है। लौटकर पीड़ित परिवार से मिलेंगे और हर तरह से मदद करेंगे। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि सांसद सुखदेव भगत क्षेत्र की जनता की सेवा में हमेशा तैयार रहते हैं जनता की हर सुख दुख में साथ रहते हैं और यथा संभव मदद करते हैं। यदि वे खुद मौजूद नहीं रहते हैं तो अपने प्रतिनिधि को भेजकर मदद करते हैं। मौके पर लछु उरांव, राममोहन उरांव, अशोक पहान, मो सजाद, रेयाज अंसारी, बजरंग साहू पीड़िता के छोटे-छोटे बच्चे परिजन आदि उपस्थित थे।

# जिप अध्यक्ष ने गांवों का किया निरीक्षण, पंचायत भवन और ट्रांसफॉर्मर मरम्मती का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने सुंदरू पंचायत सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी हालात का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन, विद्यालय भवन, सड़क और पेयजल की स्थिति को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

सुंदरू पंचायत भवन का निरीक्षण करने के बाद जिप अध्यक्ष ने भवन की मरम्मती कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरम्मती के लिए प्राक्कलन तैयार कर कार्य शुरू कराया जाये। साथ ही पंचायत भवन में पेयजल व्यवस्था और सड़क निर्माण पर भी प्राथमिकता देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान स्थानीय विद्यालय भवन एवं स्कूल पहुंच पथ की स्थिति भी देखी गयी। जिप अध्यक्ष ने स्कूल भवन की मरम्मती एवं बेहतर पहुंच सुविधा हेतु संबंधित अधिकारियों को अविलंब कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिप अध्यक्ष ने विश्रामगढ़ गांवों का भी भ्रमण किया, जहां ग्रामीणों ने ट्रांसफॉर्मर खराब होने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि जल्द ट्रांसफॉर्मर को ठीक कराया जायेगा, ताकि ग्रामीणों को बिजली सुविधा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण में पूर्व प्रमुख पूनमजित भगत, विकेस तिर्की, सफरोज अंसारी, सहजाना अंसारी, सलीम अंसारी, सैनुल अंसारी, नसीम अंसारी, जाफिर अंसारी, असलम खान, कुरबान अंसारी, दुखास कवार समेत अन्य स्थानीय ग्रामीण एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एचडीएफसी बैंक लोहरदगा शाखा का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** देश के अग्रणी निजी बैंकों में शामिल एचडीएफसी बैंक ने अपनी लोहरदगा शाखा का स्थानांतरण कर गुमला रोड, बरवाटोली स्थित नए और आधुनिक परिसर में शुभारंभ किया है। इस नयी शाखा का उद्घाटन उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और बैंक अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं की सुलभता किसी भी जिले के विकास की रीढ़ होती है। एचडीएफसी बैंक की यह नयी शाखा लोहरदगा के नागरिकों को आधुनिक, तेज और भरोसेमंद सेवा प्रदान करेगी। हम आशा करते हैं कि बैंक ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को और गति देगा। कुमार अभिषेक, रीजनल हेड- झारखंड एवं बिहार ने कहा कि हम इस क्षेत्र की सेवा करने के लिए उत्साहित हैं। यह नयी शाखा लोहरदगा जिले के लोगों के लिए सुविधाजनक और आधुनिक बैंकिंग अनुभव लायेगी। हम सामाजिक और आर्थिक विकास में अपनी भूमिका को और मजबूती से निभाते रहेंगे। नितेश नारायण चौधरी, जोनल हेड ने कहा कि यह सिर्फ शाखा का स्थानांतरण नहीं, बल्कि ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमने यहां आने का निर्णय ग्राहकों की सुविधा और बेहतर सेवा को ध्यान में रखकर लिया है। राहुल गौतम, शाखा प्रबंधक ने कहा की नयी शाखा में हमने ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता दी है। हमारा लक्ष्य है कि हर ग्राहक को तेज, सरल और सुरक्षित बैंकिंग अनुभव मिले। हम हर जरूरत पर तत्पर रहेंगे।

## एनएच - 39 परे गड्ढा बना हादसे की वजह



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नेशनल हाइवे-39 पर कुडू रांची मुख्य पथ के पडहा भवन के समीप सड़क पर बने बड़े गड्ढे से दुर्घटना की आशंका बढ़ गयी है। यह मार्ग अत्यंत व्यस्ततम है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। गड्ढे के कारण कई वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। सबसे ज्यादा खतरा मोटरसाइकिल सवारों और पैदल चलने वाले राहगीरों को है, जो अक्सर अचानक सामने आए इस गड्ढे का शिकार बन जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएचएआइ और जिला प्रशासन पूरी तरह मौन है। कुछ दिनों पूर्व इसी गड्ढे की वजह से एक युवक की जान चली गयी थी, जिसके बाद अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा ने एनएच कर्मियों को गड्ढा भरने का निर्देश दिया था। हालांकि, सड़क को अस्थायी रूप से भरने का काम किया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में गड्ढा दोबारा उभर आया, जिससे यह स्पष्ट है कि मरम्मत कार्य केवल खानापूर्ति थी। स्थानीय लोग स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं और चेतावनी दे रहे हैं कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जायेगा।

# श्रद्धालुओं ने शिवालयों में किया जलाभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका/ लातेहार।** मनिका प्रखंड के कई शिवालयों में पहले सोमवारी को भगवान शिव के भक्तों के द्वारा श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया गया। पहली सोमवारी को लेकर सिंजो शिव मंदिर,दोमुहान शिव मंदिर,बाजारटांड़ शिव मंदिर,समेत क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में पूजा-अर्चना करने को लेकर सुबह से ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही,जहां पर मंदिर के पुरोहित के द्वारा विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर जल व दूध से भगवान शिव को अभिषेक करवाया गया। वहीं भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु दोमुहान नदी से पवित्र जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए मानिकेश्वर मंदिर पहुंचे और भगवान शिव को जल चढ़ाया।

## बरवाडीह के पहाड़ी मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** सावन का पहला सोमवार तमाम शिव भक्तों के लिए खास है। इसको लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। सावन की पहली सोमवारी को बरवाडीह के पहाड़ी शिव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। इसके अलावे विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। बरवाडीह के पहाड़ी शिव मंदिर में भक्त सुबह से ही पूजा अर्चना करने पहुंच रहे हैं।बरवाडीह के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में सुबह 4 बजे से ही बाबा का पट खोल दिया गया है। ताकि श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर सकें। पुजारी बल्लू मिश्रा बताते हैं कि सोमवार को व्रत करने से भक्तों कि हर मनोकामना पूर्ण होती है।सोमवार के व्रत का भगवान शिव की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सोमवार का विशेष महत्व माना गया है।

# लातेहार में मिशन बुनियाद के लिए समूहवार परीक्षण आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम ने जानकारी देते हुए बताया की मिशन बुनियाद के तहत समूहवार प्रशिक्षण का आयोजन सभी परियोजनाओं में प्रारम्भ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से आंगनवाड़ी सेविकाओं को केंद्र संचालन करने के साथ केंद्र के बच्चों को कैसे उचित शिक्षा के साथ उनके कार्यशैली तथा व्यवहार में परिवर्तन हो इसकी जानकारी जिला समन्वयक द्वारा दी जायेगी। आंगनवाड़ी सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत जिला के सभी 35 सेक्टर के कुल 965 आंगनवाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण किया जाना है, जिसके तहत 35 सेविकाओं का एक व्हाट्सप्प ग्रुप बनाया गया है, जिसमें प्रतिदिन शाम में सेविकाएं कल आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को क्या सिखाएगी इसके सन्दर्भ में ऑडिओ/ वीडियो क्लिप साझा किया जाता है। उक्त परिपेक्ष्य में मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय के सभागार में सेविकाओं को जिला समन्वयक जयश्री कुमारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

जिला समन्वयक ने सेविकाओं का समूह बनाकर आंगनवाड़ी केंद्र सुदृढ़ीकरण बच्चों के मानसिक तथा बौद्धिक विकास कैसे हो इसके संदर्भ में बारीकी से समझाया गया।

# पहली सोमवारी पर पूजा-अर्चना के लिए शिवालयों में उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** भगवान शिव का प्रिय महीना सावन के पहली सोमवारी पर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ देखी गयी। शहर के शिवालय हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। शिवभक्त सुबह से ही आराधना और जलाभिषेक के लिए शिव मंदिर पहुंचने लगे थे। स्थानीय सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी लंबी कतारें भी देखी गयी। सावन मास के कारण स्थानीय शिव मंदिरों को काफी अच्छी तरह से सजाया गया है। वहीं घरों में ही भोलेनाथ की भक्ति, पूजा-आराधना के साथ ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयकारे गूंजने लगे है। सावन के सोमवारी पर भगवान शिव को इस दौरान गंगाजल, दूध-दही, बेलपत्र, घी, शहद, जनेऊ, रोली, भांग, धतूरा और नैवेद्य अर्पण किया गया। इधर सदर प्रखंड के खखपरता शिव धाम, भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर शिव धाम, सेन्हा और कुडू प्रखंड के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, ईस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर, छत्तर बगीचा स्थित स्वयं-भू महादेव मंदिर, पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, काली मंदिर, कुटमू गांव स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शहरी क्षेत्र के छत्तर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर के साथ खखपरता, अखिलेश्वर धाम, महादेव मंडा सहित विभिन्न शिव धामों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार ही शिव के साधकों की भारी भीड़ को दर्शा रही थी। मंदिरों में भजन - कीर्तन का दौर पूरे दिन चलता रहा। महादेव के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा।

## खखपरता शिव मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के रामपुर स्थित खखपरता शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खखपरता शिव मंदिर एक प्राचीन मंदिर है। यहां आनेवाले भक्तो की हर मुराद पूरी होती है। भक्तजन इस शिव मंदिर में दूर दराज से आते है। शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही भक्तो के कष्ट दूर हो जाते है। यहां शहरी क्षेत्र समेत दूर दराज के आस पास के गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया। भक्त कतारबद्ध होकर भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए लगे थे।

## 12 सौ फीट ऊंची पहाड़ी पर लोगों ने की पूजा



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सावन माह के प्रथम सोमवारी में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में महिला पुरुष और छोटे छोटे बच्चे बच्चियां भक्तों के द्वारा भगवान महादेव शंकर जी पर जलार्पण कर भक्ति भाव से पूजा अर्चना किया गया। वही प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत चंदवा गढ़गांव के समीप 1200 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित महादेव मंडा गुफा में भी भक्तों द्वारा श्रद्धा और हर्षोल्लाष के साथ भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना किया गया। सुबह से भक्तों ने स्थानीय नदी से जल भर कर पूजा अर्चना के लिये पंहुचने लगे थे। वही पहाड़ी पर स्थित महादेव मंडा गुफा तक पंहुचने के लिये सीढ़ी बना हुआ है। जिसे भक्तजन आसानी से गुफा तक पंहुच कर भगवान महादेव भोलेशंकर का दर्शन कर पूजा अर्चना करते हैं। प्रखंड क्षेत्र के अलावे गुमला जिला अंतर्गत घाघरा प्रखंड क्षेत्र के अलावे अन्य जगहों से भक्त यहां पूजा अर्चना के लिये आते हैं। वही सावन माह का पहली सोमवारी होने के कारण पूजा अर्चना के लिये भक्तों का सुबह से ही तांता लगा रहा।

## पूजा के लिए सुबह से ही मंदिरों में रही भीड़



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सावन मास की पहली सोमवारी को लेकर कुडू प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवभक्तों की कतारें मंदिरों में लगनी शुरू हो गयी जो दोपहर तक जारी रहीं। शिव मंदिर टीको, महादेव मांडा धाम सलगी और तान पहाड़ स्थित शिव गुफा मंदिर में सर्वाधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखी गयी। श्रद्धालु बेलपत्र, गंगाजल, दूध, धतूरा, पुष्प आदि अर्पित कर भगवान भोलेनाथ से मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगते नजर आये। इंदिरा गांधी चौक स्थित बिड़ला शिव मंदिर, बाजार टांड़ का बुढ़वा महादेव मंदिर, देवी मंडप शिवालय, ब्लॉक मंदिर, बड़की चापी शिव मंदिर, टाटी शिव मंदिर सहित विभिन्न गांवों के शिवालयों में भी महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना में लीन दिखे। पूरे दिन महादेव मांडा और तान शिव गुफा क्षेत्र में घंटे-घड़ियाल की गूंज, बोल बम के जयघोष और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## डीसी ने की एनएचएम अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा, संस्थागत प्रसव की कमी पर जतायी नाराजगी

# अवैध क्लिनिक-अस्पतालों के संचालन पर लगायें रोक, करें कार्रवाई: डीसी

- कहा- स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाएं
- निजी क्लिनिक एवं अस्पतालों में होने वाले प्रसव और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों से संबंधित दो सप्ताह में सौंपे विस्तृत रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता


अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करती पलामू डीसी समीरा एस।

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डीसी ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों, बीपीएम एवं डीपीएम को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने नागरिकों, माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार पर विशेष ध्यान देने, स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार करने और स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं के लिए शत प्रतिशत एएनसी कवरेज सुनिश्चित करने एवं स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर बुनियादी व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एनिमिया आदि सभी तरह की जांच, ससमय आयरन एवं फोलिक एसिड टैबलेट्स देने, बीसीजी, हेपेटाइटिस, ओपीभी (पोलियो) टीकाकरण आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। संस्थागत प्रसव के प्रस्तुत किये गये डेटा में भिन्नता पर कड़ी नाराजगी भी जाहिर की। उन्होंने सभी चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम एवं डीपीएम को स्पष्ट निर्देश दिया कि इधर-उधर जाने एवं ऐसा-वैसा रिपोर्ट देने बहाने नहीं चलेंगें। उन्होंने विशेषकर संस्थागत प्रसव की कमी पर नाराजगी जताई। क्योंकि समीक्षा के दौरान संस्थागत प्रसव का डेटा 62 प्रतिशत पाया। इसपर कहा कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव सरकारी अस्पतालों के साथ कहां हो रहा है? निजी वैध क्लिनिक एवं स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाले प्रसव का डेटा भी संग्रह करना सुनिश्चित करें। अगर बिना रजिस्ट्रेशन के क्लिनिक या अस्पतालों का संचालन हो रहा है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। कहा कि अवैध निजी क्लिनिक एवं अस्पतालों की जांच के लिए चिकित्सा पदाधिकारी खुद सक्षम हैं। उन्होंने अवैध संचालन पर रोक लगाने एवं उसके विरूद्ध कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही वैध क्लिनिक एवं अस्पतालों की सूची संबंधी रिपोर्ट भी सौंपने का निर्देश दिया। कहा कि निजी क्लिनिक एवं अस्पतालों में होने वाले प्रसव एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट दो सप्ताह के भीतर सौंपना सुनिश्चित करें। उन्होंने अस्पतालों में रखरखाव के संकल्प का अध्ययन कर उसके प्रावधानों का अनुपालन करने का भी निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आवश्यकता अनुरूप आवश्यक सामग्री एवं उपकरणों की खरीदारी करें, लेकिन बिना जरूरत वाली सामग्री की खरीद नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पतालों में दवा, बिजली, पेयजल, शौचालय, रंगरोगन, चारदीवारी आदि बुनियादी सुविधाओं की कमी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। डीपीएम को बुनियादी सुविधाएं बहाल करने और समय-समय पर इसका मूल्यांकन करते रहने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीसी ने बीडीओ के साथ समन्वय कर आंगनबाड़ी सेविका, सहिया के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कराने के लिए जागरूक करते हुए उनका शत प्रतिशत जांच एवं संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आयुष्मान से प्राप्त 75 फीसदी आय अपने संस्थान के रखरखाव एवं अन्य कार्यों में उपयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को एक मुश्त राशि उपलब्ध करा दी गई है, जिससे सभी चिकित्सा पदाधिकारी अपने संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ विजय सिंह, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी और डीपीएम, बीपीएम आदि थे।

## बाबा बैद्यनाथ मंदिर में गठबंधन की है परंपरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक, 51 शक्तिपीठों में से एक देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में कई परंपरा ऐसी है जो सिर्फ बाबा बैद्यनाथ धाम में ही निभाई जाती है। इन्हीं परंपराओं में से एक है भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के गठबंधन का रश्म। यह गठबंधन लाल कपड़े का होता है, जो बाबा बैद्यनाथ मंदिर के शीर्ष के ऊपर बांधकर दूसरा छोर माता पार्वती मंदिर के शीर्ष के ऊपर बांधा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिनके वैवाहिक जीवन में किसी तरह की कोई परेशानी है वैसे दंपति बाबा बैद्यनाथ मंदिर में अगर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का गठबंधन करते हैं तो उनको सुख समृद्धि मिलती है। इसके अलावा दांपत्य जीवन में खुशहाली आती है। वहीं, देवघर और उसके आसपास के क्षेत्र में जब भी कोई नया जोड़ा वैवाहिक जीवन की शुरूआत करता हैं तो यहां मंदिर पहुंचकर गठबंधन करते हैं। देवघर शिव और शक्ति का मिलन स्थल है। यही वजह है कि देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में गठबंधन की परंपरा की जाती है।

### देश-विदेश से श्रद्धालु बाबा मंदिर पहुंचकर भगवान शिव-मां पार्वती का कराते हैं गठबंध

मंदिर में गठबंधन न सिर्फ देश के लोग, बल्कि विदेशों से भी जो भक्त देवघर पहुंचते हैं वह गठबंधन करते हैं। इसके साथ ही ऐसी परंपरा है कि वैसी लड़की या लड़के जिनकी शादी नहीं हो रही है वह अगर बाबा बैद्यनाथ मंदिर जाकर मन्नत मांगते हैं और गठबंधन करने को लेकर कहते हैं तो भगवान भोलेनाथ उनकी मन्नत को पूरी करते हैं।

### मंदिर के गुमास्ता ही बाबा बैद्यनाथ मंदिर के ऊपर लगे गुंबद पर चढ़ते हैं

गठबंधन के लिए देवघर के एक खास समुदाय जिन्हें मंदिर का गुमास्ता कहा जाता है सिर्फ वही बाबा बैद्यनाथ मंदिर के शीर्ष पर चढ़ते हैं और मंदिर के शीर्ष पर बने गुम्बद में गठबंधन को बांधते हैं। इसके बाद उस गठबंधन को नीचे लाते हैं और फिर श्रद्धालु उन्हें प्रांगण में लेकर माता पार्वती के पास पहुंचते हैं। फिर वही गुमास्ता माता पार्वती मंदिर के शीर्ष पर चढ़कर गठबंधन को बांधते हैं।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने दिया धरना राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया। पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष मोर्चा के पलामू जिला इकाई के बैनर तले राज्यपाल के नाम सात सूत्री मांग पत्र बीडीओ ललित प्रसाद सिंह को सौंपा। प्रतिनिधियों ने मांग की कि 15वें वित्त आयोग की बकाया राशि और राज्य वित्त आयोग की अनुशंसित राशि को अविलंब जारी किया जाए। इसके अलावा पंचायतों को अधिकार संपन्न बनाने के लिए पूर्ववर्ती सरकार की ओर से 14 विभागों की जो योजनाएं पंचायतों के हवाले करने की बात की गई थी, उसे भी लागू किया जाए। सभा की अध्यक्षता पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद और संचालन डंडार पंसस श्यामनंदन ओझा ने किया। इस मौके पर पांकी पूर्वी जिला परिसद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल, मध्य जिला परिषद निधि सिंह, पश्चिमी जिला परिषद खुशबू कुमारी, सभी पंचायतों के मुखिया, उपमुखिया, वार्ड सदस्य आदि धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने केरल मॉडल का हवाला देते हुए झारखंड में भी मानदेय, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाएं लागू करने की मांग की। उनका कहना है कि बिना अधिकार और संसाधन के प्रतिनिधियों से विकास की उम्मीद करना अन्याय है। संघर्ष मोर्चा ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से मांग की कि वे इन न्यायोचित मांगों पर संज्ञान लें और सरकार को कार्रवाई के लिए निर्देश दें।

## आहर में डूबने से बच्ची की मौत, एक अन्य गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता


घायल सरस्वती कुमारी।

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत कुशडीह भुइंया टोली के आहर में नहाने के दौरान दो बच्चियां पानी में डूब गई। इनमें से भुइंया टोली निवासी लक्ष्मण भुइंया की बेटी लक्ष्मी कुमारी (14) की मौत हो गई। जबकि धीरज भुइंया की बेटी सरस्वती कुमारी (12) की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। जानकारी के मुताविक दोनों बच्चियां अपने घर के पास आहर में नहा रही थीं। इसी दौरान गहराई में चले जाने से पानी में डूब गई। आहर पर बैठे अन्य बच्चों ने उन्हें डूबता देख शोर मचाना शुरू किया। इस बीच ग्रामीण जुट गये और दोनों को आहर से बाहर निकाला। इसके बाद तुरंत हरिहरगंज सीएचसी पहुंचाया। जहाँ डॉ असरगुल्ला फैज ने लक्ष्मी कुमारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरी बच्ची सरस्वती कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद ऑक्सीजन लगाया गया। उपचार के बाद बच्ची की हालत में काफी सुधार हुआ है। वहीं, सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि बच्ची की मौत पानी में डूबने से हुई है। पुलिस आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी है।

## कांवरिया पथ पर सेवा की अद्भूत मिसाल पेश कर रही किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर राजेश्वरी नंद गिरी



**देवघर (आजाद सिपाही)।** श्रावण माह की पहली सोमवारी पर सोमवार को महादेव की नगरी देवघर में आस्था का जनशैलाब उमड़ पड़ा। अहले सुबह से ही कांवरिया कतारबद्ध होकर बाबा भोलेनाथ पर जलार्पण कर रहे हैं। वहीं, देवघर के कांवरिया पथ में लगातार कांवरिए बाबा भोलेनाथ के दरबार की ओर बढ़ रहे हैं। कांवरिया पथ में कई निःशुल्क सेवा शिविर भी लगाये गये हैं। जो देवघर जाने वाले कावरियों की सेवा करते हैं। उन्हीं में से एक शिविर है देवघर किन्नर समाज की मुखिया और किन्नर अखाड़ा से महामंडलेश्वर राजेश्वरी नंद गिरी का। जो निःशुल्क सेवा शिविर लगाकर लगातार यहां से गुजरने वाले कांवरियों को फल-जूस-पानी और थकेहारे बम की मालिश के साथ ही फर्स्ट एड की भी व्यवस्था कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनका जीवन ही दूसरों के लिए समर्पित होता है। वह हमेशा दूसरों के सुख शांति के लिए ही कामना करती है।

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** श्रावण माह की पहली सोमवारी पर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। सतबरवा महावीर चौक स्थित शिव मंदिर, बांके बिहारी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, ठाकुरबारी स्थित शिव मंदिर सहित प्रखंड के सभी शिवालयों में हर हर महादेव और बोल बम के जय घोष गूंजते रहे। प्रखंड के दुलसुलमा स्थित अजगर नाथ देव धाम जहां उंचे पहाड़ पर भोलेनाथ विराजमान है, वहां भी शिव भक्तों की आस्था देखने को मिली। सतबरवा प्रखंड के अलग-अलग पंचायत से भी शिव भक्त यहां पहुंचे थे। मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालुओं ने कहा कि भगवान शिव महादानी है, श्रद्धा से जो मांगा उसको अवश्य मिला है। काली मंदिर के पुजारी सुनील पाठक ने कहा कि भोलेनाथ बहुत भोले हैं। केवल एक लोटा जल से खुश हो जाते हैं। जो भक्त सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ के पास आता है उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है।

## गंगाधर महादेव की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान हुआ संपन्न



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित पहाड़ी मंदिर के बगल में निर्मित सरोवर के बीचों बीच स्थापित गंगाधर महादेव की प्रतिमा का सावन माह की प्रथम सोमवारी को प्राण प्रतिष्ठा हुआ। इस अवसर पर आयोजित अनुष्ठान को आचार्य कृष्ण दत्त मिश्र एवं उपाचार्य राजन पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच संपन्न कराया। मुख्य जजमान आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी थे। बतातें चलें कि पूर्व मंत्री सह आरसीयू के संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी ने नावाडीह कला गांव में पहाड़ी मंदिर का निर्माण कराया है। मंदिर के बगल में ही एक बड़ा सरोवर भी बनवाया गया है। इसी सरोवर के बीचोबीच भगवान गंगा धर महादेव की विशाल प्रतिमा स्थापित की गयी है। जिसका सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान हुआ। इस मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, डॉ बीपी शुक्ला, सुनील कुमार चौधरी, दामोदर यादव, रामानंद तिवारी, विजय कुमार रवि, दिलीप चंद्रवंशी, विजय कुमार साव, धीरन तिवारी, विकास चौबे मिंटू आदि मौजूद थे।

## वीपीआर पैंथर और मां मनसा की टीमों का जलवा, कैलाश फाइटर ने भी मारी बाजी



**देवघर (आजाद सिपाही)।** सुनील खवाड़े देवघर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-1 के छठे दिन सोमवार को खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिला। इस दिन कुल तीन मैच खेले गए। हर मुकाबला जोश और प्रतिस्पर्धा से भरा रहा। दिन का पहला मुकाबला स्टाइल-11 और पीवीआर पैंथर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लिटिल पैराडाइज 11 ने 124 रन बनाए। जवाब में पीवीआर पैंथर ने सधी बल्लेबाजी कर पांच विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल करते हुए मुकाबला जीत लिया। वहीं, दूसरा मुकाबला मां मनसा और पीवीआर पैंथर के बीच हुआ। मां मनसा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 143 रन का मजबूत लक्ष्य रखा। जवाब में पीवीआर पैंथर की टीम 115 रन ही बना सकी और मां मनसा ने 28 रनों से यह मुकाबला जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। तीसरा और अंतिम मुकाबला एलिमिनेटर मैच के रूप में कैलाश फाइटर और स्टाइल 11 के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कैलाश फाइटर ने 131 रन बनाए। जवाब में स्टाइल 11 की टीम 98 रन ही बना सकी। इस तरह कैलाश फाइटर ने यह मैच 33 रनों से जीत लिया। फाइनल मुकाबला अब मां मनसा और जीतने वाली टीम के बीच खेला जाएगा।

## एसबीआइ में कर्मियों का घोर अभाव लेन देन ग्राहकों के बीत रहे पूरा दिन



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** एसबीआइ की हैदरनगर शाखा में कर्मियों को घोर अभाव है। जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही है। लेन-देन के काम करवाने बैंक जाने वाले ग्राहकों का पूरा दिन बीत जा रहा है। बतातें चलें कि उक्त बैंक में वर्तमान में शाखा प्रबंधक के अलावे आठ सहायक एवं कर्मियों की अत्यंत आवश्यकता है। नये स्थानांतरित शाखा में पर्याप्त सुसज्जित काउंटर भी बनाये गये हैं। इस शाखा में हैदरनगर बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्र के व्यवसायियों के विभिन्न प्रकार के हजारों खातों के अलावे वेतन एवं पेंशनभोगी कर्मियों के खाते हैं। इस शाखा में जनधन, बीमा योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या अत्यधिक है। शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने बताया कि कर्मियों के अभाव में ग्राहकों के लेन देन समय पर करने में परेशानी होती है। कहा कि इस शाखा को सहायक सहित अन्य कर्मियों की सख्त जरूरत है। वर्तमान में पर्याप्त काउंटर होने के बावजूद मात्र चार कर्मियों के सहारे इस शाखा को संचालित किया जा रहा है। कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद आगंतुक ग्राहकों को हरसंभव सेवा संतुष्ट कराने का प्रयास किया जाता है। वहीं, शाखा में खड़े ग्राहक आकाश प्रताप शाहदेव, नंदलाल प्रसाद, अजय जयसवाल, रंजीत अग्रवाल, रुपेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, अंकू सिंह, शहनाज परवीन, गुलशन आरा, सरस्वती देवी, पुनम कुमारी आदि ने कहा कि समय से शाखा के खुलने और ग्राहकों की उपस्थिति होने के बाद भी कर्मियों के आभाव में कई काउंटर ऐसे ही खाली पड़े रहते हैं। इसे नियमित संचालित कर दिया जाये तो ग्राहकों की परेशानी काफी कम हो जाएगी।

## मंत्री और सांसद के प्रयास से चैनपुर-नेवरा रोड का निकाला गया टेंडर : अरुणा शंकर

### 4.50 करोड़ की लागत से होगी मरम्मत

- कहा- मरम्मति कार्य का जल्द होगा शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से 4.50 करोड़ की लागत से चैनपुर-नेवरा मार्ग मरमत्ति का टेंडर निकला है। बताया कि कुछ दिन पहले ही चैनपुर में सुनील गुप्ता नामक युवक ड्यूटी के बाद बाइस से रात में अपने घर लौट रहा था, जो सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भरा होने के कारण नियमत्रण खो कर गिर गया था। जिसेस उसे काफी चोट भी लगी थी। इसके बाद चैनपुर के कई लोगों ने से मुझे मुंबई फोन कर उक्त मार्ग को यथाशीघ्र दुरुस्त करवानो की अपील की थी। जिस पर मैंने वित्त मंत्री एवं पलामू सांसद से फोन पर इससे अवगत कराया था। इसी कारण दो-दो करोड़ के दो और 50 लाख के एक कुल 4.50 करोड़ रुपये की सड़क की मजबूत मरम्मती के लिए टेंडर पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से निकाल दिया गया है। उधर, मुंबई से लौटने के बाद सोमवार को प्रथम महापौर चैनपुर में घायल सुनील गुप्ता से मिलने उसके घर गयीं। उसका हाल-चाल लिया। साथी ही स्थानीय व्यवसायियों से भी मिली। बताया कि जल्द इस मार्ग पर काम शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर वहां के पार्षद विजय प्रसाद एवं व्यवसाईयों ने अरुणा शंकर को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। साथ ही इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। इस पर अरुणा शंकर ने कहा कि जल्द ही वित्त मंत्री और सांसद जी के आने के बाद टेंडर फाइनल होते ही इस सड़क के मरम्मति कार्य का शिलान्यास होगा। इस मौके पर विजय कश्यप, दिनेश, बिद्धू, विजय प्रमुख, पप्पू कश्यप, कन्नीलाल, संजय प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, वीरेंद्र कश्यप, अविनाश, रुपेश कश्यप और चंदू आदि उपस्थित थे।

## डेमा सड़क पर मल-मूत्र और कचरा से लोग परेशान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के पीपरघाट से डेमा होते हुए पूर्णाडीह जाने वाली सड़क पर मल-मूत्र और कचरे का ढेर लगा है। यह सड़क बसपा के पूर्व विधायक और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के घर पूर्णाडीह तक जाती है। डेमा गांव मोड़ पर कीचड़ के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बाइक सवार कई लोग गिरकर हाथ-पैर तुड़वा चुके हैं। इसके बावजूद नगर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उक्त सड़क पर स्वच्छ भारत स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाते हुए लोग मल-मूत्र का त्याग कर रहे हैं। इससे वातावरण भी दूषित हो रहा और लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। पूर्व विधायक और स्थानीय नगर प्रशासन को इस गंभीर समस्या के लिए जवाबदेही ठहराया गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क को शीघ्र साफ किया जाए और इसके आसपास की गंदगी को हटाया जाए, ताकि लोगों को इससे होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके।

## आरपीएफ ने बरामद किया 120 नग टनाका देशी शराब

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएफ के उप निरिक्षक कार्तिक बिंझा के नेतृत्व में रविवार को अजय कुमार ने अपराधी गतिविधि निगरानी एवं शराब तस्करी रोकथाम के दौरान गाड़ी संख्या 53349 अप (सवारी गाड़ी) ऊंटारी रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर जांच की। इस दौरान जनरल कोच नंबर 114311 में तीन प्लास्टिक का बोरा लावारिस हालत में बरामद किया। जिसे जपला रेलवे स्टेशन पर उतार लिया गया। उसे खोलकर जांच की गयी तो उसमें से 120 नग टनाका देशी शराब बरामद किया। जिस पर फॉर सेल इन झारखंड अंकित था। इसकी अनुमानित बाजार दर 6600 रुपया आंकी गयी है। उक्त शराब को अग्रिम कार्यवाही के लिए डालटनगंज उत्पाद अधीक्षक को सौंप दिया गया।

## हुसैनाबाद के महुदंड में दो गुटों में हिंसक झड़प, पांच घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल अंतर्गत महुदंड पिकेट क्षेत्र में रविवार को एक ही समुदाय के दो गुटों में किसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से कुल पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, प्रथम पक्ष में सुरेश यादव एवं उनकी पत्नी सुनीता देवी शामिल हैं, जबकि दूसरे पक्ष में अजीत कुमार, परमिला देवी और पर्वेश यादव शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल लाकर प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें से कुछ की स्थिति गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर, खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। झगड़े के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश में मारपीट हुई है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दोदांग गांव के समीप सड़क दुर्घटना में लगभग 20 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार खेतों में काम कर रहे लोगों ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार युवक गुमला की ओर से आ रहा था वहीं विपरीत दिशा से जा रहे टैंकर से आमने-सामने भिड़ंत हुई जिससे घटना घटी। घटना के बाद टैंकर चालक टैंकर लेकर फरार हो गया वहीं युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जिसके बाद घाघरा पुलिस को इसकी सूचना दी गई घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर थाना ले आयी है। थानेदार पुनीत मिंज ने बताया कि मृतक के मोबाइल पर एक मिस कॉल आया था उक्त नंबर पर थाना प्रभारी के द्वारा कॉल किया गया और घटना की जानकारी देते हुए पता पूछने पर पता चला कि मृतक पनसों ग्राम निवासी दुर्गेश उरांव है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा था।

## देवकी बाबा धाम मंदिर में नागपुरी गाने की शूटिंग हुई



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सावन के पहला सोमवारी देवाकी बाबा धाम मंदिर में पूजा अर्चना कर महावीर स्टूडियो की टीम के द्वारा नागपुरी गाना का शूटिंग किया गया। गाना के लेखक रूपेश सिंह ने बताया कि सावन के पावन माह को देखते हुए हमारे टीम ने गाना का शूटिंग देवाकी बाबा धाम मंदिर में किया है। गाना के बोल हैं 'आलोक सावन माह' बहुत जल्द गाना लोगों को सुनने के लिए मिलेगा। उन्होंने बताया कि हर पर्व त्यौहार पर हमारे टीम के द्वारा नागपुरी गाना का रिलीज किया जाता है। और आने वाले समय में भी किया जाएगा। नागपुरी भाषा व गाना में लोगों का सम्मान व आदर बेहतर तरीके से प्रस्तुत होता है। इस मौके पर मुख्य रूप से महावीर कुमार, रूपेश सिंह, राधा कुमारी, शिव कुमार, विकास कुमार व छोटू कुमार के अलावे कई कलाकार मौजूद थे।

## पहली सोमवारी पर शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सावन मास के पहली सोमवारी को श्रद्धालुओं के अपार भीड़ ने देवाकी बाबा धाम समेत पूरे प्रखंड के शिवालियों को भक्तिमय कर दिया। स्थानीय श्रद्धालु सहित दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु बोल बम, हर हर महादेव की जय घोष के साथ जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध नजर आए। साथ ही भक्त शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और माता पार्वती मंदिर में पूजा पाठ किए। देवाकी बाबा धाम में विशेष रूप से जलाभिषेक के लिए मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा व्यापक व्यवस्था की गयी थी। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति की ओर से सुरक्षा सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती भी की गयी थी। भक्तों ने गंगाजल पुष्प बेलपत्र और दूध के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मौके पर प्रबंधन समिति के कई पदाधिकारी, सदस्य, श्रद्धालु उपस्थित थे।

## चोटांग में 8 एकड़ भूमि पर हॉर्टिकल्चर विभाग ने 750 फलदार पौधे लगाये



**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार राज्य उद्यान विकास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरोडी के ग्राम चोटांग पाठ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला उद्यान विभाग गुमला एवं हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएसआर विभाग के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 8 एकड़ भूमि पर 750 फलदार पौधों 'जिनमें 650 आम (दशहरी किस्म) एवं 100 अमरूद के पौधे शामिल हैं' का रोपण किया गया। जिला उद्यान विभाग द्वारा यह पौधे 80 प्रतिशत अनुदान पर स्थानीय लाभुकों को प्रदान किये गये, वहीं हिंडालको के सीएसआर विभाग द्वारा गड्ढों की खुदाई एवं आवश्यक तैयारी का कार्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उद्यान पदाधिकारी तमन्ना प्रवीण के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कुंजाम माइंस के खान प्रबंधक प्रदीप कुमार, सहायक प्रबंधक जय प्रकाश सिंह तथा उरफ अधिकारी मनोज चौधरी भी उपस्थित रहे। पौधारोपण में स्थानीय लाभुक गोपाल असुर, लालमनिया देवी, पालो असुर, मंगलदेन असुर, फगुवा असुर, फुलवंती असुर एवं परमेश्वर असुर ने भी भागीदारी की, जिससे यह पहल सामुदायिक सहभागिता का सशक्त उदाहरण बनी।

## गुमला में 24 घंटे में सांप काटने से तीन घायल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों से सर्प दंश से तीन लोग घायल हो गए। सभी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। पहली घटना पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा पाहन टोली गांव की है 42 वर्षीय महिला बेला केरकेट्टा अपने मुर्गा फार्म में सोई थी। मुर्गा फार्म में छोटे-छोटे चूजा है। सोमवार की सुबह 6 बजे सो कर उठी जैसे ही दरवाजा खोलकर बाहर निकली अचानक एक नाग सांप उसके पैर में लिपट गया। महिला डर से चिल्लाने लगी और सांप को पैर से झटका दी लेकिन सांप उसे काटते हुए दूर जा गिरा। इसके बाद महिला डर से कांपने लगी। सांप दोबारा वापस आया और उसके पैर को फिर से काट लिया। इसके बाद महिला डर से बेहोश हो गई। महिला ने बताया सांप मुर्गी के चूजे को खाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा होगा असफल होने पर वह गुस्सा हो गया। इसके बाद मुझे दो बार काट लिया। वहीं दूसरी घटना सदर थाना क्षेत्र के अरमई गांव की है जहां 50 वर्षीय सुधा देवी सोमवार की सुबह सोकर उठने के बाद शौच के लिए खेत की ओर जारी थी। तभी रास्ते में एक जहरीला सांप उसके पैर को काट लिया। इसके बाद सांप पलट गया। तीसरी घटना खरका पंचायत के डेवीडीह गांव की है जहां 15 वर्षीय परिवर्तन उरांव घर के समीप खड़ा था तभी अचानक एक सांप उसके पैर में लिपट गया पैर में ठंड लगने पर किशोर नीचे देखा तो एक सांप पैर में लिपटा हुआ था। डर से वह दौड़ने लगा तभी सांप उसके पैर को काट लिया।

### संगठन सृजन अभियान के लिए गुमला में कांग्रेसियों का जुटान

# पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को वोट देने से रोकने की हो रही है साजिश : बादल पत्रलेख

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** स्थानीय नगर भवन में कांग्रेस कमिटी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला अध्यक्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में हुआ। यह आयोजन संगठन सृजन अभियान के तहत किया गया। कार्यक्रम में गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा जिले के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। वही मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह गुमला जिला के पर्यवेक्षक बंधु तिर्की, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, लोहरदगा के जिला पर्यवेक्षक राजेश गुप्ता, लोहरदगा के जिला प्रशिक्षक अनामिका सरकार, गुमला के जिला प्रशिक्षक सुभाष नाग, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, लोहरदगा के जिला अध्यछ सूखैर भगत, सिमडेगा जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, लोहरदगा के पंचायती राज जिला अध्यछ संदीप गुप्ता, लोहरदगा के विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल, अंजनी रंजन, जिला महासचिव फिरोज आलम, जिला सचिव तरुण गोप, मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर मौजूद रहे। मौके पर प्रदेश प्रशिक्षक सुमित शर्मा ने पंचायत स्तर पर संगठन की मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने प्रखंडवार कमिटी विस्तार की जानकारी ली। मंडल अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरण की जानकारी ली गयी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के एप पर मंडल अध्यक्षों के जुड़ने की जानकारी ली गयी। बताया कि एक टीम पर्यवेक्षक की अगुवाई में बनेगी, जिसका नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष करेंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर संगठन के गठन की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। इसमे 12 सदस्य जोड़ने हैं। जिसमे एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और 9 महासचिव होंगे। जिसमें सभी जातियों और महिलाओं को जगह देनी है। यह 15 अगस्त तक पूर्ण कर लेना है। फिर बूथ लेबल पर बीएलए का चयन करना है। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि संगठन सृजन वर्ष 2025 में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए जी-जान से जुटी है। गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा जिले में पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण हो रहा है। कांग्रेस की कार्यशैली में बदलाव आया है। के राजू लगातार कैंप कर रहे हैं। वे जल्द यहां आयेंगे। रायपुर और अहमदाबाद में अधिवेशन हुआ। राहुल गांधी जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। अगर संगठन बिना टिप्पणी के आगे बढ़ेगा तो इससे बेहतर पार्टी कोई नहीं होगी।

बादल पत्रलेख ने कहा कि सफलता और असफलता पदाधिकारियों पर निर्भर है। जिन्हें पद नहीं मिला, उन्हें विशेष आमंत्रित सदस्य बनायें। तीनों जिलों ने कई सफलताएं दिलाई हैं। सांसद और विधायक बनाये हैं। जिनसे लड़ना है, उनके जवाब देने के लिए मजबूत बनना होगा। बीडीओ, थाना प्रभारी, डॉक्टर और कृषि पदाधिकारी के मोबाइल में कांग्रेस पदाधिकारियों के नंबर हों, ऐसी व्यवस्था बनानी है। जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर काम करना है। मतदाता पुनरीक्षण दो बार होगा। बीएलए की भूमिका अहम है। एक साजिश चल रही है, जिससे गरीब, आदिवासी, मुस्लिम और पिछड़ी जातियों को वोट देने से वंचित किया जा रहा है। बिहार में डेढ़ करोड़ नाम काटे जाएंगे। ये नाम महागठबंधन को वोट देने वाले हैं। वोटर लिस्ट में नाम नहीं होगा तो सरकारी लाभ से वंचित हो जायेंगे। कार्यक्रम को लोहरदगा जिला अध्यक्ष सूखैर भगत, सिमडेगा जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रशिक्षण प्रभारी सुभाष नाग, अनामिका सरकार आदि ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन जिला अध्यछ चैतू उरांव और धन्यवाद ज्ञापन जिला महासचिव फिरोज आलम ने किया।

# विभाग की मिली भगत से हो रहा है बॉक्साइट पत्थर और बालू का अवैध खनन : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति गुमला के तत्वाधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अवैध खनन रोकने का करो इंतजाम नहीं तो होगा चक्का जाम जैसे नारे के साथ गुमला कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास भारी बारिश के बावजूद सांकेतिक धरना कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि लूचूतपाठ में अवैध खनन की सूचना 7 जुलाई 2025 को देने के बावजूद खनन पदाधिकारी गुमला ने कार्रवाई नहीं की जो अवैध खनन करने वालों से मिलीभगत का सबसे बड़ा प्रमाण है। वहीं डीएफओ गुमला ने तत्परता दिखाते हुए लुचूतपाठ में अवैध बॉक्साइट खनन में लगे जेसीबी और बड़ी ट्रक गाड़ी को जब्त कराया जो सराहनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध धंधा करने वालों से खनन विभाग मिली हुई है यही कारण है की बॉक्साइट पत्थर और बालू की बड़े पैमाने पर अवैध खनन जिले में खुलेआम जारी है। उन्होंने स्थानीय सांसद-विधायक से इस मामले पर चुप्पी तोड़ने की अपील करते हुए कहा है कि अवैध खनन नहीं रुका तो आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। समिति के नेता आदित्य सिंह और प्रदीप मुंडा ने कहा कि माइंस क्षेत्र में जिला प्रशासन और खनन विभाग द्वारा कोई जांच पड़ताल नहीं होने से अवैध खनन बड़े पैमाने पर की जा रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। धरना कार्यक्रम के जरिये अवैध उत्खनन के खिलाफ जोरदार अभियान शुरू करते हुए 6 अगस्त 2025 को जिला खनन पदाधिकारी का घेराव करने की घोषणा की गयी एवं पांच सूत्रीय मांग-पत्र गुमला उपायुक्त को सौंपी गयी। धरना में आदित्य सिंह, प्रदीप मुंडा, लेवनार्ड खलखो, शंकर उरांव, रामलाल असुर, बसंत बड़ाईक, बंधन लोहरा, रघुनंदन सिंह, देवलाल खेरवार, पुष्पा उरांव, अर्चना लकड़ा, लॉरेंसेसिया मिंज के अलावा दर्जनों की संख्या में समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स




## मोहम्मद सिराज ने मनायी आक्रामक खुशी, लगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के चौथे दिन आचार संहिता उल्लंघन के चलते आइसीसी ने मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। यह घटना तीसरे टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी के छठे ओवर में घटी, जब सिराज ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को आउट करने के बाद उनके पास जाकर अत्यधिक आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। आइसीसी के अनुसार सिराज ने खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए निर्धारित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन किया, जो किसी बल्लेबाज के आउट होने पर ऐसे शब्द, इशारे या व्यवहार के उपयोग से संबंधित है, जिससे अपमान महसूस हो या आक्रामक प्रतिक्रिया भड़क सकती हो।

# खेल महोत्सव 2025 के लिए डॉ पीयूष जैन और मनोज मिश्रा रांची आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संगठन, फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीइएफआइ) के झारखंड राज्य चैप्टर के द्वारा खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 26 और 27 जुलाई 2025 को बेडो रांची में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण राज्य से लगभग 900 से ज्यादा प्रतिभागी कुल 10 खेलों में भाग लेंगे। कार्यक्रम में पेफी मुख्यालय दिल्ली से राष्ट्रीय महासचिव पीयूष जैन और राष्ट्रीय निदेशक मनोज कुमार मिश्रा का आगमन हो रहा है। यह समाचार हम सभी राज्यवासियों के लिए हर्ष और उल्लास का है। इनके द्वारा प्राप्त आशीर्वाद और प्रेरणा से राज्य के अधिकारी एव प्रतिभागी प्रभावित होंगे और राज्य में खेलों के प्रति जागरूक निश्चय ही बढ़ेगी। डॉ जैन ने पूर्व में ही सभी को खेल महोत्सव 2025 के सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रदान की हैं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को खेल कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया है। यह समाचार राज्य के अध्यक्ष रेनू साहनी ने दी।

## घाघरा अंचल अधिकारी ने खनिज लदे वाहनों की जांच की, कई वाहन जब्त



**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार अवैध खनिज परिवहन पर नियंत्रण हेतु लगातार निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को घाघरा अंचल अधिकारी द्वारा क्षेत्र में खनिज लदे वाहनों की जांच की गयी। जांच के दौरान एक वाहन को बिना वैध चालान के खनिज का परिवहन करते हुए पाया गया। अंचल प्रशासन द्वारा तत्परतापूर्वक कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को जब्त कर घाघरा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। उक्त प्रकरण में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु जिला खनन पदाधिकारी, गुमला को पत्राचार के माध्यम से सूचित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि खनिज नियमावली के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जायेगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार की सतत निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी।

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

प्रपत्र VI

समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चुँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–धरमु, थाना–ईचाक, थाना–सं0–42, अंचल–ईचाक, जिला–हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना ईचाक मोड़ (एन0एच0–33) से बरकट्ठा (एन0एच0–02) (लम्बाई 31.383 कि0मी) पथ का चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है। कि ग्राम–धरमु, थाना–ईचाक, थाना–सं0–42, अंचल–ईचाक, जिला–हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.629 एकड़ यानि 0.254553 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है, जो निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 85 | 2 | रैयती | टांड–I | 0.043 | लखन लाल केषरी वो षिवकुमार केषरी वो राम कुमार केषरी पिता स्व0 रामचन्द्र साव जाति बनिया निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–3 | सिमाना |
| 2 | 96 | 4/1 | रैयती | टांड–I | 0.016 | सुलोचनी देवी पति सुनिल कुमार पाण्डेय जाति पाण्डेय | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–4/2 | प्लॉट नं0–3 |
| 3 | 96 | 4/2 | रैयती | टांड–I | 0.008 | षिवनारायण दास पिता स्व0 रामेष्वर दास जाति ब्राहम निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–4/3 | प्लॉट नं0–4/1 |
| 4 | 96 | 4/3 | रैयती | टांड–I | 0.016 | उदीत नारायण दास पिता स्व0 गणेष दास जाति ब्राहमण निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–7 | प्लॉट नं0–4/2 |
| 5 | 3 | 7 | रैयती | टांड–I | 0.006 | प्लॉट नं0 07 का रैयत | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–9 | प्लॉट नं0–4/3 |
| 6 | 112 | 9 | रैयती | टांड–I | 0.04 | रामकुमार राम पिता स्व0 द्वारिका राम वो प्रदीप राम पिता स्व0 जगदीष राम वो बिनोद राम पिता स्व0 मुनीलाल राम जाति कपरदार निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–10 | प्लॉट नं0–7 |
| 7 | 112 | 10 | रैयती | टांड–I | 0.025 | अषोक कुमार सिंह पिता स्व0 गौरीषंकर सिंह जाति खतरी निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–11 | प्लॉट नं0–9 |
| 8 | 128 | 11 | रैयती | टांड–I | 0.025 | अषोक कुमार सिंह पिता स्व0 गौरीषंकर सिंह जाति खतरी निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–12/1 | प्लॉट नं0–10 |
| 9 | 119 | 12/1 | रैयती | टांड–I | 0.034 | गणेष नारायण सिंह वो उमाषंकर सिंह पिता स्व0 गौरीषंकर सिंह जाति खतरी निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–12/2 | प्लॉट नं0–11 |
| 10 | 119 | 12/2 | रैयती | टांड–I | 0.008 | सविता देवी पति बिरेन्द्र मेहता जाति सोकियार निवासी जागोडीह | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–12/3 | प्लॉट नं0–12/1 |
| 11 | 119 | 12/3 | रैयती | टांड–I | 0.008 | शान्ति देवी पति महादेव प्रसाद जाति कहार निवासी हदारी | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–12/4 | प्लॉट नं0–12/2 |
| 12 | 119 | 12/4 | रैयती | टांड–I | 0.018 | कामिनी भण्डारी पति रंजीत भण्डारी जाति जाति खतरी निवासी परासी | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–48/1 | प्लॉट नं0–12/3 |
| 13 | 105 | 48/1 | रैयती | टांड–I | 0.019 | गणेष नारायण सिंह वो उमाषंकर सिंह जाति खतरी निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–48/2 | प्लॉट नं0–12/4 |
| 14 | 105 | 48/2 | रैयती | टांड–I | 0.019 | प्रभा देवी पति स्व0 दिनानाथ सिंह जाति खतरी निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–48/3 | प्लॉट नं0–48/1 |
| 15 | 105 | 48/3 | रैयती | टांड–I | 0.014 | परमानन्द सिंह पिता स्व0 बासुदेव सिंह वो भुसरी सिंह पिता स्व0 षिवषंकर सिंह जाति खतरी निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–48/4 | प्लॉट नं0–48/2 |
| 16 | 105 | 48/4 | रैयती | टांड–I | 0.008 | हिरा सिंह पिता स्व0 हरिहर सिंह जाति खतरी निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–51 | प्लॉट नं0–48/3 |
| 17 | 101 | 51 | रैयती | टांड–I | 0.017 | हिरा सिंह पिता स्व0 हरिहर सिंह जाति खतरी निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–53 | प्लॉट नं0–48/4 |
| 18 | 106 | 53 | रैयती | टांड–I | 0.025 | षिव मंदिर | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–54 | प्लॉट नं0–51 |
| 19 | 3 | 54 | रैयती | टांड–I | 0.02 | षिव मंदिर | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–55/1 | प्लॉट नं0–53 |
| 20 | 106 | 55/1 | रैयती | टांड–I | 0.042 | षिव मंदिर सहन | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–55/2 | प्लॉट नं0–54 |
| 21 | 106 | 55/2 | रैयती | टांड–I | 0.01 | इमाम बाड़ा | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–57/1 | प्लॉट नं0–55/1 |
| 22 | 57 | 57/1 | रैयती | टांड–I | 0.013 | चन्द्रीका सोनार पिता स्व0 बैजु सोनार जाति सोनार निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–57/2 | प्लॉट नं0–55/2 |
| 23 | 57 | 57/2 | रैयती | टांड–I | 0.012 | घनष्याम सोनार पिता स्व0 बैजु सोनार जाति सोनार | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–58/1 | प्लॉट नं0–57/1 |
| 24 | 98 | 58/1 | रैयती | टांड–I | 0.018 | मो0 नगिया देवी पति स्व0 नेमन साव जाति तेली निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–58/2 | प्लॉट नं0–57/2 |
| 25 | 98 | 58/2 | रैयती | टांड–I | 0.018 | मो0 मालती देवी पति स्व0 षिवषंकर स्वर्णकार वो घनष्याम स्वर्णकार वगै0 पिता स्व0 द्वारिका सोनार | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–99 | प्लॉट नं0–58/1 |
| 26 | 121 | 99 | रैयती | टांड–I | 0.01 | मो0 मालती देवी पति स्व0 षिवषंकर स्वर्णकार वो घनष्याम स्वर्णकार वगै0 पिता स्व0 द्वारिका सोनार | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–100 | प्लॉट नं0–58/2 |
| 27 | 56 | 100 | रैयती | टांड–I | 0.008 | गीता देवी पति सुदीप कुमार सिंह जाति खतरी निवासी परासी | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–102 | प्लॉट नं0–99 |
| 28 | 129 | 102 | रैयती | टांड–I | 0.025 | ओम प्रकाष आर्य वो सत्य प्रकाष आर्य पिता स्व0 बिरबल राम आर्य जाति सोनार निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–104 | प्लॉट नं0–100 |
| 29 | 129 | 104 | रैयती | टांड–I | 0.002 | ओम प्रकाष आर्य वो सत्य प्रकाष आर्य पिता स्व0 बिरबल राम आर्य जाति सोनार निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–114 | प्लॉट नं0–102 |
| 30 | 70 | 114 | रैयती | टांड–I | 0.01 | भुनेष्वर सोनार पिता स्व0 चमन सोनार वो बिजय सोनार पिता स्व0 रघुवीर सोनार जाति सोनार निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–115/1 | प्लॉट नं0–104 |
| 31 | 44 | 115/1 | रैयती | टांड–I | 0.01 | सुन्दर सोनी पिता स्व0 भुनेष्वर सोनार वो रामजी सोनी पिता स्व0 देवकी सोनार जाति सोनार निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–115/2 | प्लॉट नं0–114 |
| 32 | 44 | 115/2 | रैयती | टांड–I | 0.01 | अब्दुल रहमान पिता स्व0 गुलाम रसुल वो बनाम सुन्दर सोनी वगै0 | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–116 | प्लॉट नं0–115/1 |
| 33 | 131 | 116 | रैयती | टांड–I | 0.002 | अब्दुल रहमान पिता स्व0 गुलाम रसुल वो आफताब आलम पिता स्व0 नाजीद आलम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–120/1 | प्लॉट नं0–115/2 |
| 34 | 77 | 120/1 | रैयती | टांड–I | 0.017 | रौषन आरा पति अब्दुल रहमान जाति राईन कुण्जडा निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–120/2 | प्लॉट नं0–116 |
| 35 | 77 | 120/2 | रैयती | टांड–I | 0.01 | मो0 अब्बास पिता स्व0 नुर मोहम्मद जाति राईन निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–120/3 | प्लॉट नं0–120/1 |
| 36 | 77 | 120/3 | रैयती | टांड–I | 0.003 | मो0 अब्बास पिता नुर मोहम्मद वो आफताब आलम पिता स्व0 नाजीद आलम जाति राईन निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–153/1 | प्लॉट नं0–120/2 |
| 37 | 78 | 153/1 | रैयती | टांड–I | 0.007 | रौषन आरा पति मो0 अस्लम जाति राईन निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–153/2 | प्लॉट नं0–120/3 |
| 38 | 78 | 153/2 | रैयती | टांड–I | 0.013 | मो0 मुस्तरी खातुन पति स्व0 युसुफ जाति राईन निवासी धरमु | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0–153/3 | प्लॉट नं0–153/1 |
| 39 | 78 | 153/3 | रैयती | टांड–I | 0.02 | मो0 हसन पिता स्व0 अजीज उदीन जाति मुस्लीम निवासी धरमु | रास्ता | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0–153/2 |
| कुल | | | | | 0.629 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय के किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए , अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी ...................... ...................... को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–

उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 357306 Land Reforms(25-26)D

# अवैध खनन के आवेदन पर उस दिन ही दर्ज करें एफआइआर : एसएसपी

## कोयला का अवैध खनन चिंता का विषय, सभी को मिलकर इसे रोकना है: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



अधिकारियों को निर्देश देते डीसी आदित्य रंजन एवं एसएसपी।

**धनबाद।** डीसी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें डीसी ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को भू-अर्जन में नियमों का पालन करने, अपने लीज होल्ड एरिया में ओवर बर्डन डंप करने और कोयला खनन के बचे हुए अवैध मुहाने शीघ्र बंद करने का निर्देश दिया। कहा कि कोयला का अवैध खनन चिंता का विषय है। जिला प्रशासन, पुलिस, बीसीसीएल एवं सीआईएसएफ को साथ मिलकर इसे रोकना है। कहा कि जिला खनन टास्क फोर्स के लिए यहां की जनता के भविष्य को ध्यान रखते हुए पर्यावरण, सतत विकास, कार्य योजना एवं माइनिंग क्लोजर पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए काम करना है। कोयले का अवैध परिवहन रोकने के लिए डीसी ने कोल ट्रेड में पंजीकृत जीएसटी संख्या की सूची लेकर सभी के पास कोल डिपो या प्लाट, है या नहीं, की जांच करने के साथ ही अवैध कोयला लदा वाहन पकड़ते समय तिथि एवं समय का अनिवार्य रूप से उल्लेख करने का टास्क फोर्स को निर्देश दिया। वहीं, एसएसपी प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारी को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, सीआईएसएफ या खनन पदाधिकारी से अवैध खनन से संबंधित प्राप्त आवेदन पर उसी दिन प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। कहा कि कोयले के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए बीसीसीएल को प्रशासन एवं पुलिस का पूरा सहयोग दिया जाएगा। वहीं, बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने भूमि अधिग्रहण के नियमों से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को अवगत कराया। जबकि जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से जून तक कोयला के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध 58 कांड दर्ज किए हैं। जिसमें 68 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। साथ ही 890 टन कोयला एवं सात हाइवा सहित 17 वाहन जब्त किए हैं। वहीं लघु खनिज से संबंधित अवैध खनन के 26 मामले दर्ज किए हैं। इसमें नौ प्राथमिकी दर्ज हुई है। 33 वाहन जब्त किए हैं और लगभग 9.55 लाख रुपए का जुमार्ना जेएमएमसी रूल 2004 के तहत वसूला गया है। बैठक में बीसीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया ने बताया कि कोयले के अवैध खनन को रोकने के लिए बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में सीआईएसएफ द्वारा ड्रोन सर्विलांस से निगरानी की जा रही है। सभी माइनिंग एरिया में अवैध मुहाने बंद कर उसकी डोजरिंग की गई है। अवैध खनन के हॉटस्पॉट चिन्हित कर लगातार कार्रवाई जारी है। कोयला परिवहन में लगे सभी वाहनों में आरएफआईडी व व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम है एवं माइनिंग क्षेत्र के प्रवेश एवं निकास द्वार पर बूम बैरियर लगाए गए हैं। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, सिटी एसपी कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सीआईएसएफ कमांडेंट प्रदीप विश्वकर्मा आशुतोष चौबे, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

# सिंदरी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के जिला सचिव पूर्णेंदु सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को सिंदरी संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें आसनबनी में जबरन भूमि अधिग्रहण के विरोध में सिंदरी केटीएमपीएल के गुंडों द्वारा रैयतों पर किये गये हमले की निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि तासरा परियोजना का प्रबंधन, ठेका कंपनी केटीएमपीएल के गुंडों और लठैतों के बल पर भूमि अधिग्रहण करना चाह रही है। जबरन अधिग्रहण करने के विरोध में आदिवासियों और गरीब किसानों पर हमला किया गया। सिंदरी संघर्ष मोर्चा इस घटने का विरोध करते हुए मांग करती है कि नामजद दोषियों की जल्द गिरफ्तार की जाए। बैठक का संचालन सीपीएम के शाखा 1 के सचिव गौतम प्रसाद ने किया। बैठक में सिंदरी संघर्ष मोर्चा के संयोजक विकास कुमार ठाकुर, जेएमएम के महानगर सचिव रामू मंडल, नगर अध्यक्ष परशुराम सिंह, अशोक महतो, सीपीएम के सिंदरी शाखा दो के सचिव सूर्य कुमार सिंह, राजद के जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार राउत, कांग्रेस के सुखदेव हांसदा, मनोज घोष, अश्विनी मंडल आदि उपस्थित थे।

# लुगुबुरु महोत्सव को दिलायें राष्ट्रीय पहचान : डीसी

-15 अगस्त तक शत प्रतिशत छात्रों के बीच करें साइकिल वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** इस बार राजकीय लुगुबुरु महोत्सव को राष्ट्रीय स्वरूप देना है। यह महोत्सव ललपनिया पंचायत, पेटरवार प्रखंड एवं बोकारो में आयोजित होगा। जिसमें आदिवासी संस्कृति, परंपरा, साहित्य, चित्रकला, फिल्म एवं जीवनशैली की झलक प्रस्तुत की जाएगी। इसके लिए बड़े स्वरूप में आयोजन समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें जिला एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया/प्रधान, पूर्व से आयोजित कर रहे आयोजन समिति के सदस्य आदि शामिल होंगें। उक्त बातें डीसी अजय नाथ झा ने कही। वे सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में कल्याण विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान लुगुबुरू में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को महोत्सव से पूर्व हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी को भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से समन्वय स्थापित करते हुए प्रगति कार्य की जानकारी लेने को कहा। डीसी ने निर्देश दिया कि सामुदायिक वन संसाधन (सीएफआर) को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफआरआर) में परिवर्तित कर उसे ईको टूरिज्म मॉडल के रूप में विकसित करें। इससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि के साथ ही क्षेत्र के सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने एफआरए लाभुकों का डाटा बेस तैयार करने एवं आरओआर जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री साइकिल योजना अंतर्गत सभी छात्र-छात्राओं को 15 अगस्त तक साइकिल वितरण की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति-पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति की समीक्षा की। वहीं, वर्ष 2025-26 के प्री-मैट्रिक छात्रवृति लिए छात्रों का पंजीकरण अविलंब शुरू करने और इस कार्य को 10 दिनों में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने छात्रों के सत्यापन के लिए प्रखंड स्तर पर टीम गठन करने को कहा। जिसके संबंधित प्रखंड के बीडीओ अध्यक्ष होंगे। उन्होंने जिले से बाहर अध्ययनरत छात्रों का सत्यापन बैठक में उपस्थित पिरामल फाउंडेशन और पीएमयू के सदस्यों को करने की बात कहीं। सत्यापन क्रम में आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र में किसी भी प्राकर की त्रुटि पाएं जाने पर संबंधित छात्रों को ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजने का निर्देश दिया, ताकि वे समय रहते दस्तावेज सुधार सके। डीसी ने एलडीएम को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों का बैंक खाता में आधार नंबर सीडिंग कार्य को अविलंब पूरा करें। इसके अलावा छात्रवृत्ति से जुड़ी किसी भी शिकायत के निष्पादन के लिए शिकायत निवारण कोषांग गठन करने, पीएम जनमन योजना पर लाइन विभागों की बैठक करने, आदिवासी अखाड़ा का जीर्णोद्धार, आदिवासी आय-वृद्धि योजना की शुरूआत करने और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (सीएमईजीपी) के तहत ऋण प्राप्त लाभुकों को किस्त भुगतान के लिए प्रेरित करने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एनएस कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, समिति सदस्य बबली सोरेन आदि उपस्थित थे।

# स्व मनोरंजन सिंह एवं स्व रामजी यादव की मूर्तियों का किया गया अनावरण



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय मनोरंजन सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान सोमवार को स्वर्गीय मनोरंजन सिंह एवं स्वर्गीय राम जी यादव की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में 99 ग्रुप ऑफ कंपनी के सीएमडी श्याम पांडे शामिल हुए, जिनके हाथों मूर्ति का अनावरण किया गया। इसके बाद आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, स्वर्गीय मनोरंजन सिंह की पत्नी नीतू सिंह एवं ओमकार मिश्रा नें दोनों दोस्तों के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, आश्रम के प्रशांत वर्मा, डॉ डी सरण, बी सुधीर, सुरेंद्र यादव, विजय सिन्हा, नीतू तिवारी, रामनाथ मिश्रा, अशरफ अली उर्फ छोटू, मधुवेन्द्र सिंह और सुबल सिंह आदि ने भी उनकी मूर्ति पर माला पहनाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए 99 ग्रुप ऑफ कंपनी के सीएमडी श्याम पांडे ने कहा कि जिन्होंने मुझे आश्रम में जोड़ा था आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय मनोरंजन सिंह एवं स्वर्गीय राम जी यादव उन लोगों की मूर्ति का अनावरण मेरे हाथों हुआ। इसके लिए दिल से ओमकार मिश्रा को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मूर्ति स्थापित करने में सहयोग किया। वहीं, स्वर्गीय मनोरंजन सिंह की पत्नी ने कहा कि आज बेहद खुशी है कि आश्रम में इन दोनों दोस्तों की मूर्ति का अनावरण किया गया। जबकि नौशाद गद्दी ने कहा कि आज मेरे दोस्त एवं आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय मनोरंजन सिंह की पुण्यतिथि है। खुसी है कि मेरे दोनों दोस्त स्वर्गीय मनोरंजन सिंह एवं स्वर्गीय रामजी बाबू की मूर्ति आश्रम में स्थापित की गयी।

# दिनदहाड़े महिला से चेन छिनताई


आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर-3 डी में सोमवार को बाइक सवार युवकों ने दिनदहाड़े एक महिला से सोने की चेन झपट ली। महिला संभल पाती इससे पहले ही उचक्के तेज रफ़्तार में बाइक चलाकर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार बोकारो सदर अस्पताल में एचआईवी विभाग में बतौर काउंसलर कार्यरत मीरा सिंह सोमवार को सावन की पहली सोमवारी पर मंदिर से पूजा कर वापस घर लौट रही थी। तभी बाइक सवार दो उचक्कों ने सेक्टर 3डी के समीप उनकी सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। घटना पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सिटी थाना के दरोगा पिंटू महथा ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार टीम को छापामारी में लगाया गया है। जल्द ही आरोपित पकड़े जायेंगें। वहीं. पीड़िता ने क्षेत्र में पुलिस गश्त तेज करने की मांग प्रशासन से की है।

# 24 घंटे में किसान को धान का बीज उपलब्ध करायें

डीसी ने किया चंद्रपुरा प्रखंड के पपलो (कमलडीह) गांव का भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा ने सोमवार को चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत पपलो (कमलडीह) गांव का भ्रमण कर धान का बीचड़ा और रोपनी कार्य की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने खेतों में पहुंचकर किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। साथ ही, 24 घंटे में बीज उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। भ्रमण क्रम में महिला किसान सावित्री देवी ने बताया कि उसे कृषि विभाग की ओर से दो पैकेट धान बीज प्राप्त हुआ था, लेकिन वह खराब हो गया। जबकि किसान कमलेश महतो ने बताया कि उसे विभाग से धान नहीं मिला। बाजार से धान खरीदा बीचड़ा के लिए खेत में डाला, लेकिन वह नष्ट हो गया। इस पर डीसी ने जिला कृषि पदाधिकारी को 24 घंटे के भीतर संबंधित किसान को धान बीज उपलब्ध कराने को कहा। वहीं, कुछ किसानों ने आवश्यकता अनुरूप धान बीज प्राप्त नहीं होने की शिकायत की। इस पर डीसी ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि धान बीज का स्थानीय स्तर पर पूल बनाकर उसका समुचित और त्वरित वितरण सुनिश्चित करें। ताकि रोपनी कार्य में किसी प्रकार की देरी ना हो। उन्होंने धान रोपनी एवं बीज वितरण की स्थिति का दैनिक प्रगति प्रतिवेदन तैयार करने और प्रखंडवार समीक्षा करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया। कहा कि, किसानों की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। उन्होंने बीज विक्रेताओं पर सतत निगरानी रखते हुए बीज की कालाबाजारी या अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी मो शाहीद, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रपुरा ईश्वरदयाल कुमार महतो, अंचलाधिकारी चंद्रपुरा नरेश कुमार वर्मा आदि थे।

# संपत्ति हथियाकर बेटों ने वृद्ध पिता को घर से निकाला



**झरिया (आजाद सिपाही)।** रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करने वाली घटना झरिया के मानबाद इलाके से सामने आई है। यहां एक कलयुगी बेटों ने अपने 60 वर्षीय वृद्ध पिता को घर से बेघर कर दिया। वह वह सड़कों पर दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। मानसून की तेज बारिश में खुले आसमान के नीचे रातें गुजारने वाले इस असहाय पिता के पास न रहने की जगह है, न खाने को रोटी। दुखद बात यह है कि उनके छोटे बेटे स्वपन धीवर ने धोखे से घर अपने नाम करवा लिया। इसके बाद पिता को घर से बाहर निकाल दिया। मोहन धीवर ने बताया कि उनकी पत्नी की मौत 22 साल पहले ही हो चुकी है। बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा किया, लेकिन बुढ़ापे में वही बच्चे उन्हें बोझ समझने लगे। बेटे और बहुओं ने पहले प्रताड़ित किया फिर संपत्ति हथियाकर उन्हें घर से निकाल दिया। अब वह झरिया की गलियों में, तो कभी सड़क किनारे सोने को मजबूर हैं। वहीं, समाजसेवी सुनील तुलस्यान और स्थानीय नागरिक मधुसूदन अग्रवाल ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है ।साथ ही बुजुर्ग के लिए तत्काल मदद की अपील की है।

# चित्रकारी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी कलात्मक प्रतिभा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन ने क्लब की आईएसओ गीता चौबे के सानिध्य में शांतिकुंज, कुसुम विहार फेस वन स्थित अतुल्यम अकादमी में चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसको सुलभ एवं सरल बनाने के लिए विद्यार्थियों को सीनियर और जूनियर ग्रुप में बांटा गया था। जूनियर ग्रुप को रेनी सीजन एवं सीनियर ग्रुप को एनवायरमेंट पर चित्र बनाने को दिया गया। चितरंजन प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष लीना झा, उपाध्यक्ष रेनू कौशल, सचिव रितु श्रीवास्तव एवं सदस्य इंदिरा महापात्र ने बच्चों की चित्रकला की प्रशंसा करते हुए आशीर्वचन दिए और सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। क्लब की उपाध्यक्ष रेनू कौशल ने बताया कि इस तरह के प्रतियोगिताओं से बच्चों का हुनर निकल कर आता है। साथ ही उनकी प्रतिभा का सम्मान और हौसला अफजाई भी होता है।

# पंख एक नयी दिशा की सदस्यों ने मनाया सावन महोत्सव



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था 'पंख एक नई दिशा' की सदस्यों ने श्रावण माह की पहली सोमवारी को सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया। संस्था की सभी महिलाएं हरे रंग के साड़ी, चूड़ी, मेहंदी और श्रृंगार कर नृत्य किया। गाना, भजन के साथ खूब मस्ती की। आपस में आयोजित विभिन्न रोचक गेम्स खेलकर खुश नजर आयीं। संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता के नेतृत्व में सभी महिलाओं ने कार्यक्रम को रंगीन और खुशनुमा बना दिया। इसमें शामिल महिलाओं ने कहा कि सावन महोत्सव के यह पल यादगार रहेगा। इस मौके पर सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता, सुधा गुप्ता, गायत्री गुप्ता, श्रुति गुप्ता, रंजना सिंह, कल्पना रंजन, बबिता बरनवाल, रीतु गुप्ता, नीतू मुस्कान, संगीता सिंह, सुशीला ओझा, उमा अग्रवाल और नीलू मौजूद थी।

# विनीत तुलस्यान बने रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल के नये अध्यक्ष

## अतुल डोकानिया सचिव और पंकज गोयल ने बने कोषाध्यक्ष



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल की ओर से सोमवार को चेंज ओवर समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बिपिन चचान एवं उनकी पत्नी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान संयुक्त रूप से केक काटा गया। बिपिन चाचन ने कहा कि क्लब की सामाजिक गतिविधियां सराहनीय है। क्लब के सभी सदस्य जनसेवा में लगे हैं। इस मौके पर 2025-26 की नई कार्यकारिणी ने पदभार संभाला। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीत तुलस्यान ने आगामी वर्ष के लिए क्लब की योजनाओं की रूपरेखा पेश की। जिसमें सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पर्यावरणीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल है। कार्यक्रम में आरसीडीसी को इमर्जिन अवार्ड, रामाश्रम प्रोजेक्ट को स्पेशल अवार्ड एवं सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट अवार्ड मिला। आरसीडीसी की ओर से थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए अमरेश सिंह, बलराम अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ यश सिंह को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं, इंटर क्लब एसिटिविटी के लिए मनोज अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड के लिए अतुल डोकानिया को सम्मानित किया गया। रोटेरियन अमरेश सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में नितेश बुबना, राहुल गोयल, डॉ विभाष सहाय, एजी दीपक कनोडिया, अमित जैन, नितिन कोठारी, शैलेंद्र नरूला, सुशांत कुमार, बलराम अग्रवाल आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

**Jharkhand State Mineral Development Corporation Ltd.**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
Khanij Nigam Bhawan, Doranda,Ranchi – 834002.
CIN- U14290JH2002SGC012170
E-mail- contact@jsmdc.in Phone No. 0651-2491841/2491842
Website : www.jsmdc.in Fax No. – 0651/2491916

**Tender Notice No. : 01/CTC/2025-26**

**Notice for Tender**

**Tender is hereby invited from reputed agencies/firms for development and maintenance of an online portal for providing coal through e-distribution facility to the MSME's units of the State of Jharkhand.**

Jharkhand State Mineral Development Corporation Ltd (JSMDCL), a Govt. of Jharkhand Undertaking invited tender from reputed agencies/firms for development and maintenance of an online portal for e-distribution of coal to the registered MSME's of the State of Jharkhand in a fair, transparent and convenient manner, but till date single bid has been received.
Interested agencies/firms may once again submit their tender from 15.07.2025 in the prescribed format under two bid system to the Managing Director, JSMDCL. Tender must reach on or before 31.07.2025 upto 1.00 PM
The selected agency/firm will have to provide the services to the JSMDCL as per the Scope of Work mentioned in the Tender Document. The format of application along with the revised eligibility criteria, the extent and scope of work, terms and conditions etc. are available at website of the Corporation i.e. www.jsmdc.in/web/tenders and can be downloaded accordingly.
Financial Bid of only technically qualified agency/firm shall be opened after intimating them in advance. The Managing Director of the Corporation reserves the right to accept or reject any application(s) fully/partially, without assigning any reasons thereof. The decision of the Managing Director, JSMDCL for engagement of the agencies/firms shall be final and binding.
The bid submitted earlier may be collected from the office of the Corporation.

Sd/-
Incharge Coal Trading

PR 357242 Jharkhand State Mineral Dev Co Ltd(25-26).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,हजारीबाग**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–23/2025–.26

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 24.07.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 25.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 25.07.2025 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | : | 1) जिला नियंत्रण कक्ष ,हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Male,Female and Physical Disability Public Toilet at Labour Court Building Hazaribagh District- Hazaribagh. | 1348000/- | 27000/- | 2500/- | 3 Month |
| 2 | Construction of Male,Female and Physical Disability Public Toilet at Bar Association Building Hazaribagh District- Hazaribagh. | 2400000/- | 48000/- | 5000/ | 3 Month |
| 3 | Construction of Transgender Toilets in Campus of Labour Court Hazaribagh District- Hazaribagh. | 332000/- | 7000/- | 750/ | 2 Month |
| 4 | Construction of Transgender Toilets at Bar Association Building District- Hazaribagh. | 332000/- | 7000/ | 750/ | 2 Month |
| 5 | Construction of Transgender Toilets at DLSA Building in Court Hazaribagh District- Hazaribagh. | 332000/- | 7000/ | 750/ | 2 Month |

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 357272 Building(25-26).D

## छांगुर बाबा हिंदू लड़कियों को मुस्लिम देश भेजता था, गुर्गों से रेप करवाया

# सनातन धर्म में वापसी पर छांगुर के साथी दे रहे धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** छांगुर बाबा ने मेरा धर्म परिवर्तन कराया। उसके गुर्गों ने सहारनपुर, बलरामपुर और कर्नाटक में मेरे साथ कई बार गैंगरेप किया। मैंने सहारनपुर के थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने छांगुर के दबाव में कोई कार्रवाई नहीं की। छांगुर बाबा के सऊदी अरब में 500 से ज्यादा एजेंट हैं।

पाकिस्तान और मुस्लिम देशों में हिंदू लड़कियां भेजी जा रही थीं। सपा का नेता भी धर्मांतरण के धंधे में छांगुर से मिला हुआ है। छांगुर बलरामपुर के बाद फरीदाबाद और हरियाणा में धर्मांतरण का जाल फैला रहा था। उक्त बातें छांगुर की शिकार बनी पीड़ित युवतियों ने सोमवार को लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यालय में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। उनका कहना है कि सनातन धर्म में वापसी करने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। पुलिस भी छांगुर का साथ देती है।

युवतियों ने सीएम योगी से न्याय की गुहार लगायी। कहा कि योगी बाबा हिंदू महिलाओं और युवतियों की रक्षा करो।



### आतंकी नेटवर्क से जुड़े लोग दे रहे हैं धमकी

इस दौरान गोपाल राय ने एक सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि छांगुर उर्फ जलालुद्दीन के जिहादी और आतंकी नेटवर्क से जुड़े लोग धमकी दे रहे हैं। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के सहयोग से पिछले सप्ताह कई पीड़िताओं की हिंदू धर्म में घर वापसी करायी गयी थी। गोपाल राय ने मीडिया के सामने लव जिहाद से पीड़ित उन महिलाओं को भी पेश किया। कहा कि ये धमकियां छांगुर उर्फ जलालुद्दीन के आतंकी नेटवर्क से जुड़े लोगों की ओर से दी जा रही हैं। क्योंकि विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने बाबा उर्फ जलालुद्दीन के जेहादी और आतंकी नेटवर्क के कारनामों का पर्दाफाश किया था।

**कोठी गिराने की 8.5 लाख वसूलेगी सरकार :** उधर, छांगुर बाबा की सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन की मधपुर गांव में बनी आलीशान कोठी पर बुलडोजर एक्शन के बाद अब प्रशासन ने 8,55,398 रुपये की वसूली का नोटिस जारी किया है। इस कोठी पर 8 से 10 जुलाई के बीच 3 दिन तक बुलडोजर चला था। मेन गेट और बिल्डिंग के 3 बड़े निर्माण को गिराया गया था। कोठी में 40 कमरे और 5 हॉल थे। ध्वस्तीकरण में 1 लाख क्विंटल मलबा निकला था। तहसीलदार न्यायालय उतरौला की तरफ से जारी नोटिस के अनुसार, नीतू उर्फ नसरीन ने प्रशासनिक आदेशों का पालन नहीं किया। नोटिस में ये भी साफ लिखा है कि अगर 15 दिन के भीतर यह राशि जमा नहीं की जाती है, तो रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया जायेगा।

**सनातन धर्म में वापसी कर रही हैं महिलाएं :** अवैध धर्मांतरण के सरगना जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के बहकावे में आने वाली महिलाएं अब घर वापसी कर रही हैं। इस पर उन्हें धमकी दी जा रही है। परेशान पीड़िताओं ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में अपनी पीड़ा सुनायी। गोमती नगर के विशाल खंड स्थित विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यालय में पीड़िताओं ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय भी मौजूद रहे। पीड़िताओं का कहना है कि सनातन धर्म में वापसी करने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। पुलिस भी छांगुर का साथ देती है।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने की बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। सोमवार को श्रावणी मेला का चौथा दिन है औक सावन की पहली सोमवारी है। इसी कड़ी में देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भी सावन की पहली सोमवारी को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर राजधनवार के साथ-साथ देश की जनता की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से विशेष फल मिलता है। लक्ष्मण प्रसाद सिंह सिंह ने बताया कि आज का दिन बहुत खास है। चतुर्थी तिथि को शिव वास होता है और भगवान भोलेनाथ कैलाश पर विराजमान होते हैं। इस दिन पूजा करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# तलाक मामले में पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग भी सबूत

## सुप्रीम कोर्ट बोला, ये निजता का उल्लंघन नहीं

- रिश्ता जासूसी तक पहुंचा तो पहले ही टूट चुका : सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पत्नी की जानकारी के बिना रिकॉर्ड कॉल को वैवाहिक विवादों में सबूत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाइकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ऐसा करना पत्नी के निजता के अधिकार का उल्लंघन है और इसे सबूत के रूप में नहीं माना जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा जीवन में गोपनीयता का अधिकार पूरा नहीं हो सकता। इंडियन एविडेंस की धारा 122 के तहत पति-पत्नी के बीच बातचीत को कोर्ट में उजागर नहीं किया जा सकता, लेकिन तलाक जैसे मामलों में इसे अपवाद मानते हैं।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि हम नहीं मानते कि इस मामले में निजता के अधिकार का कोई उल्लंघन हुआ है। धारा 122 सिर्फ पति-पत्नी के बीच संवाद की गोपनीयता को मान्यता देती है, लेकिन यह निजता के संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 21) से जुड़ा नहीं है।

**क्या था मामला :** यह केस बठिंडा की एक फैमिली कोर्ट से शुरू हुआ था, जहां पति ने पत्नी से बातचीत की रिकॉर्डिंग के आधार पर तलाक की अर्जी दी थी। कोर्ट ने कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के तौर पर मान लिया। पत्नी ने इस फैसले को पंजाब-हरियाणा हाइकोर्ट में चुनौती दी।

हाइकोर्ट ने इसे निजता का उल्लंघन बताया और कहा कि इस रिकॉर्डिंग को सबूत नहीं माना जा सकता। हाइकोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट और अन्य फैसलों का हवाला देते हुए कहा था कि पति-पत्नी की निजी बातचीत को चोरी-छिपे रिकॉर्ड करना कानूनन गलत है।













































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**